हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

कृष्ण पक्ष षष्ठी विक्रम संवत 2080 • औरंगाबाद • शुक्रवार • 01 मार्च 2024 • वर्ष 26 • अंक 81 • पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 2.00



सत्यमेव जयते

## धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पावन धरती, झारखण्ड पर

**श्री नरेन्द्र मोदी**
मानननीय प्रधानमंत्री

## का हार्दिक अभिनंदन और जोहार




सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

PR No. 320995 / IPRD / 2023-24

## संक्षिप्त समाचार

### बाजार करने आई महिला को बाइक सवार ने मारी टक्कर,रेफर



**रजौली।** थाना क्षेत्र के बजरंगबली चौक पर बाजार करने आई एक महिला को एक बाइकसवार ने जोरदार टक्कर मार दी।जिससे महिला गम्भीर रूप से घायल हो गई।वहीं बाइकसवार भी जख्मी हो गया।वहीं स्थानीय लोगों की सहायता से घायल महिला एवं बाइक चालक को इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया।अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. नीरज कुमार ने बताया कि बाइक सवार की पहचान धमनी गांव निवासी स्व उमेश प्रसाद यादव के पुत्र भीम कुमार के रूप में हुई है।वहीं घायल महिला की पहचान केंदुआ गांव निवासी हरेराम दास की पत्नी सुनैना देवी के रूप में हुई है।चिकित्सक ने कहा कि बाइक की टक्कर से महिला का दाहिना पैर टूट गया है।साथ ही महिला के शरीर के अन्य हिस्सों में भी गम्भीर चोटें आई है।जिसका प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज हेतु नवादा अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### सी0वी0 रमण टैलेंट सर्च टेस्ट में नवादा की छात्रा को मिला आठवां स्थान



**नवादा।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, पटना द्वारा आयोजित सी0वी0 रमण टैलेंट सर्च टेस्ट इन साइंस 2024 में एक से तीन रैंक प्राप्त करने छात्रों को पुरस्कृत किया गया। जिसमे अंबेडकर आवासीय बालिका उच्च विद्यालय गोंदापुर, नवादा की छात्रा सरस्वती कुमारी वर्ग 08 को जिला में सेकंड रैंक प्राप्त करने पर 3000 रूपया एवं प्रसस्ति पत्र तथा मेडल दे कर सम्मानित किया गया।

### परिवार नियोजन को बढ़ावा दें-प्रभारी

**नारदीगंज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज में गुरुवार को एएनएम,आशा के साथ बैठक आयोजित हुई। इस बैठक की अध्यक्षता सीएचसी प्रभारी डा0 नवीन कुमार ने की।उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संस्थागत प्रसव कराने में आप सभी अपनी भागीदारी को अवश्य निभाये, प्रसव कार्य के लिए सीएचसी में पूर्ण व्यवस्था है।आप अपने पोषक क्षेत्र में सभी लोगों को जागरूक करें।बैठक के दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने नियमित टीकाकरण, आरसीएच पंजी समेत अन्य कार्यक्रमों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा एएनएम अपने पोषक क्षेत्र में परिवार नियोजन को बढ़ावा दे,और इस कार्यक्रम के लिए लोगों को जागरूक भी करना है।कहा गया माह में कम से कम दो व्यक्तियों को परिवार नियोजन के लिए लक्ष्य दिया गया है,निर्धारित लक्ष्य को अवश्य पूरा करना है,गर्भावस्था में शिशुओं का उचित देखभाल करने का निर्देश दिया।इस दौरान लैब टेक्नीशियन जितेन्द्र कुमार,आशुतोष कुमार ,डाटा ऑपरेटर जितेन्द्र कुमार,हेल्थ मैनेजर राहुल कुमार, समेत अन्य मौजूद रहे।

### आगामी 9मार्च को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने को लेकर बैठक का आयोजन

**नवादा।** पुरुषोत्तम मिश्र जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के निदेश के आलोक में श्रीमती कुमारी सरोज कृति सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत 09 मार्च 2024 को 10:00 बजे पूर्वा0 में व्यवहार न्यायालय, नवादा के परिसर में आयोजित किया जायेगा। राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी के लिए पदाधिकारियों के साथ लगातार बैठक की जा रही है। राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलहनीय मामलों के आधार पर वादों का निष्पादन किया जाता है। दिनांक 09 मार्च 2024 शनिवार को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी प्रकार के सुलहनीय अपराधिक वादों, मनी रिकवरी वाद, दिवानी वाद, बैंक ऋण वाद, बीमा वाद, जलवाद, बिजली वाद, विवाह संबंधी वाद, राजस्व वाद, धारा 138 एन.आई.एक्ट के वाद, भू-अधिग्रहण मामले, भरण-पोषण वाद, श्रमवाद, अन्य दिवानी मुकदमा (जैसे-किराया, सूखाधिकार) आदि मामलों का निष्पादन आपसी सुलह के आधार पर ऑन स्पॉट किया जायेगा। प्रभारी जिला सूचना एवं जन सम्पर्क पदाधिकारी द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत का व्यापक प्रचार-प्रसार जिले के विभिन्न क्षेत्रों विभिन्न माध्यमों से कराया जा रहा है। जिले में संस्थापित होने वाले सभी होर्डिंग/फ्लैक्सी पर राष्ट्रीय लोक अदालत की तिथि 09 मार्च 2024 का व्यापक प्रचार-प्रसार विभिन्न माध्यमों से विभिन्न स्तरों पर किया जा रहा है। इसके अलावे भीड़ वाले स्थलों पर हैंगिंग बोर्ड के माध्यम से प्रचार-प्रसार कराया जा रहा है। जिला एवं प्रखंड स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि अपने स्तर से सभी सुलहनीय वादों को इच्छुक प्रतिवादी के साथ उपस्थित होकर मामले का ऑन स्पॉट निष्पादन करायें। आप सभी इस राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठावें और अधिक से अधिक वादों का निष्पादन करायें।

### मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जिला आइकन के द्वारा चलाया जा रहा जागरूकता अभियान

**नवादा।** आशुतोष कुमार वर्मा जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, नवादा के निर्देशानुसार जिला आइकॉन राहुल वर्मा द्वारा लगातार मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जनजागरूकता करायी जा रही है। 10 प्रतिशत से कम मतदान वाले क्षेत्रों में उनके द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत उनके द्वारा बनाई गई मतदाता जागरूकता लघु फिल्म एवं मतदाता जागरूकता वीडियो सॉन्ग भी प्रसारित किया जा रहा है। श्री वर्मा कैलेंडर चार्ट तैयार करके कम वोटिंग प्रतिशत वाले बूथ पर विजिट कर रहे हैं, वे अब तक नक्सली प्रभावित क्षेत्र धमनी रजौली, पैंग्री वारिसलीगंज, भेलू बीघा नारदीगंज, कलौंदा अकबरपुर, भानेखाप सूअरलेटी हरदिया, इरुरी पकरीबरावां, सुंदरी कौवाकोल आदि क्षेत्रों में तेजी से मतदाता जागरूकता अभियान चला रहे हैं। जिला आइकॉन श्री वर्मा ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सक्षम ऐप के बारे में मतदाताओं को बताया गया जिससे पीडब्लूडी वोटर्स एवं 80 साल से ऊपर उम्र के बुजुर्ग इसका लाभ ले सकेंगे। लोगों ने इस अभियान का समर्थन किया और इस बार उन्होंने वादा किया कि प्रवासी लोगों को भी बुलाकर मतदान करवाएंगे।

### 48 में 36 शस्त्र लाइसेंस का हुआ भौतिक सत्यापन

**नारदीगंज।** लोकसभा चुनाव को लेकर डीएम के निर्देश पर नारदीगंज थाना में लाइसेंसी शस्त्रों का भौतिक सत्यापन तीसरे व अंतिम दिन गुरुवार को भी हुआ। मौके पर सीओ रईस आलम व थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद की मौजूदगी में नारदीगंज थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों के चार लाइसेंसी शस्त्र धारकों के शस्त्रों का भौतिक सत्यापन किया।अधिकारियों ने कहा तीसरे व अंतिम दिन मात्र चार लोगों ने ही शस्त्रों का सत्यापन कराया है। उन्होंने कहा तीसरे व अंतिम दिन तक 36 शस्त्रों का सत्यापन किया गया है। जबकि इस थाना क्षेत्र में 48 शस्त्र धारक हैं। कहा गया 12 शस्त्र धारक अपने शस्त्र का सत्यापन नहीं करा पाये हैं।

**पीड़ित छात्रों का आरोप-प्रबंधक सर नशे में विद्यालय आकर करते हैं मारपीट**

# राजकीय अम्बेडकर आवासीय +2 विद्यालय में प्रबंधक के दुर्व्यवहार के विरुद्ध छात्रों ने खोला मोर्चा

निज संवाददाता। **रजौली**




मुख्यालय स्थित राजकीय अम्बेडकर आवासीय +2 विद्यालय में बुधवार की शाम विद्यालय के प्रबंधक सह प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी लवकेश कुमार के विद्यालय पहुंचते ही हो-हंगामा शुरू हो गया।आवासीय विद्यालय में पढ़ रहे छात्रों का आरोप है कि विद्यालय के प्रबंधक द्वारा बेवजह मोटे डंडों से अक्सर मारपीट किया जाता है।जिसका विरोध छात्रों द्वारा किया गया।छात्रों का विरोध के बाद प्रबंधक ने थाना और डायल 112 को कॉल करके बुलाया।पुलिस,विद्यालय के प्राचार्य राजेन्द्र प्रसाद एवं शिक्षकों के हस्तक्षेप के बाद शांति स्थापित हो सका।वहीं लोगों में यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि उक्त विद्यालय में दलित एवं शोषित समाज के बच्चे पढ़ने और अपना भविष्य बनाने के लिए दिन-रात मेहनत करने में जुटे हुए हैं।वहीं स्थानीय प्रशासन ही उनके साथ दुर्व्यवहार करेंगे तो ऐसे में बच्चों का भविष्य अच्छा होने के बजाय और खराब हो जाएगा।

**क्या है मामला-** छात्रों द्वारा बताया गया कि बीते 22 फरवरी को विद्यालय के पहली पाली के बाद कक्षा अष्टम एवं नवम के चार-पांच छात्रों की तबियत मौसम परिवर्तन के कारण खराब थी।जिसके कारण बच्चे पहली पाली के बाद टिफ़िन में खाना खाकर आवासीय परिसर में आराम करने लगे।इसी बीच प्रबंधक विद्यालय के कक्षा में छात्रों को अनुपस्थित देखकर वे हाथ में एक मोटा डंडा लेकर आवासीय परिसर जा पहुंचे।जहां बेड पर लेटे छात्रों को बिना कुछ कहे सुने पीटने लगे।इससे कक्षा नवम का छात्र श्रवण व बुल्लू, कक्षा ग्यारहवीं का छात्र छोटू व नीतीश एवं कक्षा अष्टम के छात्र शुभम के शरीर के कई हिस्सों में गम्भीर चोटें आई।साथ ही एक तो उनकी तबियत पहले से ही खराब थी।पिटाई के बाद बच्चों की तबियत और खराब हो गई।जिनका इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में कराया गया।प्रबंधक जब छात्रों की पिटाई कर विद्यालय परिसर से चले गए तो छात्रों ने विद्यालय के प्राचार्य को लिखित आवेदन देकर प्रबंधक द्वारा की गई पिटाई की शिकायत भी की।प्राचार्य द्वारा बच्चों को समझाबुझाकर मामला शांत किया गया।साथ ही वरीय पदाधिकारियों को घटना की सूचना दी गई।जिसके बाद बीते 26 फरवरी को जिला कल्याण पदाधिकारी भी विद्यालय पहुंचकर प्रबंधक और बच्चों को समझाया गया।किन्तु छात्रों के मन में यह डर बैठ गया कि शिकायत करने पर गुस्सा होकर प्रबंधक पुनः मारपीट करेंगे।इसी बीच बीते बुधवार की शाम को जब प्रबंधक सह प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी लवकेश कुमार विद्यालय परिसर पहुंचे तो छात्रावास के छात्रों ने उनका विरोध करना शुरू कर दिया।छात्रों के विरोध के बाद प्रबंधक विद्यालय परिसर से बाहर जाकर डायल 112 एवं पुलिस को सूचना देकर बुलाया गया।

**नशे में आकर मारपीट करने का लगाया आरोप-** पुलिस सूचना पाकर विद्यालय परिसर पहुंची एवं छात्रों से बातचीत कर मामले को जानने का प्रयास किया तो छात्रों ने दोटूक कहा कि प्रबंधक सर नशे की हालत में आकर अक्सर छात्रों को पीटते रहते हैं।जिसकी लिखित शिकायत विद्यालय के प्रचार्य को भी किया गया है।साथ ही कहा कि प्रबंधक सर न तो हमलोगों को एक भी दिन पढ़ाते हैं और कुछ पूछने पर उल्टे गुस्सा हो जाते हैं।वहीं कक्षा नवम के छात्र प्रताप कुमार दास व मंजीत कुमार से पूछे जाने पर कहा कि पहले के प्रबंधक अभिषेक आंनद सर क्लास एवं आवासीय परिसर में आकर पढ़ाया करते थे।छात्रों की जो समस्या होती थी,उनको भी दूर किया करते थे।किंतु इनका आचरण बिल्कुल उनके विपरीत है।वहीं अष्टम कक्षा के छात्र अनरेस्ट कुमार ने कहा कि विद्यालय में प्राचार्य समेत कुल 18 शिक्षक-शिक्षिकाएं हैं।जिनसे उन्हें कोई परेशानी नहीं है।साथ ही कहा कि विद्यालय में समय पर पठन-पाठन के अलावे नाश्ता व खाना आदि भी मिलता है।छात्रों ने कहा कि यदि हमलोगों से किसी प्रकार की गलती होती है,तो प्रबंधक सर को इस तरह मारपीट नहीं करना चाहिए।साथ ही हमारी शिकायत प्रचार्य अथवा वर्ग शिक्षक से करने की बात कही।

**क्या कहते हैं प्राचार्य-** इस बाबत पर प्राचार्य ने कहा कि विद्यालय में शाम को हुई घटना अशोभनीय है।उन्होंने कहा कि जिस वक्त प्रबंधक महोदय विद्यालय आये थे वे सैलून गए हुए थे।जब वापस आये तो विद्यालय में हंगामा हो रहा था।जिसको लेकर छात्रों को डांट-फटकार कर शांत किया गया।वहीं पुलिस एवं अन्य शिक्षकों के सहयोग से प्रबंधक और बच्चों को काफी समझाया-बुझाया भी गया।प्राचार्य ने कहा कि गुरुवार की सुबह क्लास में भी बच्चों को भविष्य में ऐसा न करने की बात कही गई।

**क्या कहते हैं प्रबंधक-** इस बाबत पर प्रबंधक सह प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी लवकेश कुमार से कार्यालय समय मे बातचीत करने का प्रयास किया गया तो पहले पंचायत क्षेत्र में होने की बात कहे।वहीं जब शाम में कॉल किया गया तो वे कहे कि ऐसी कोई विशेष बात नहीं है।साथ ही उन्होंने कहा कि घटना की जानकारी वरीय पदाधिकारी को दे दी गई है।

## पं सचिव, लेखापाल व तकनीकी सहायक से स्पष्टीकरण की मांग

निज संवाददाता। **नवादा**




जिला पंचायत राज पदाधिकारी द्वारा अकबरपुर प्रखंड के पांती पंचायत कार्यालय का निरीक्षण एवं संधारित अभिलेखों का जांच किया गया। पंचायत सचिव, लेखापाल एवं तकनीकी सहायक से स्पष्टीकरण पूछा गया। समीक्षा के दौरान पाया गया कि 15वीं वित्त अनुदान मद में कुल उपलब्ध 64.4 लाख रुपए में से मात्र 23.69 प्रतिशत की राशि का व्यय किया गया है जो जिले के ग्राम पंचायतों के औसत व्यय प्रतिशत 45.23 एवं राज्य के व्यय प्रतिशत 51 से काफी कम है। निर्देश दिया गया कि प्रशासनिक स्वीकृति प्रदत योजनाओं का क्रियान्वयन करते हुए विधिवत शेष राशि का व्यय सुनिश्चित करें।सार्वजनिक कुआं जीर्णोद्धार योजना के अभिलेख के अवलोकन से पाया गया कि पांती पंचायत में कुछ कुओं के जीर्णोद्धार में व्यय की गई राशि मानक प्राक्कलन के 120 प्रतिशत से भी ज्यादा है तथा इसका अनुमोदन जिला स्तरीय कमिटी से नहीं लिया गया है जो विभागीय दिशा निर्देशों के प्रतिकूल है।

साथ ही, पंचायत सरकार भवन परिसर में निर्मित कुआं का योजना पट्ट नहीं पाया गया। इस संदर्भ में पंचायत सचिव, लेखापाल एवं तकनीकी सहायक से स्पष्टीकरण एवं प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही, कई योजनाओं के अभिलेख नहीं पाए गए जबकि ईग्राम स्वराज एवं जेएचएच पोर्टल पर उनकी प्रविष्टि एवं भुगतान किया गया है। बताया गया कि पुराने पंचायत सचिव संजय सिंह एवं आशीष कुमार के द्वारा नए पदस्थापित पंचायत सचिव को पंचायत का पूर्ण प्रभार नहीं दिया गया है।

इस संदर्भ में उक्त दोनों पंचायत सचिवों से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया गया। सात निश्चय अंतर्गत सभी नल जल एवं नाली गली योजनाओं के अभिलेखों को भी समीक्षा के दौरान प्रस्तुत नहीं किया गया। लेखापाल को निर्देश दिया गया कि इन सभी योजनाओं के अभिलेखों की जांच करते हुए दर्ज मापी पुस्त के आधार पर वार्ड क्रियान्वयन एवम प्रबंधन समिति के माध्यम से किए गए कार्यों में व्यय की गई राशि के संदर्भ में रिपोर्ट समर्पित करें। वित्तीय अनियमितता संज्ञान में आने पर संबंधित पंचायत सचिव पर विभागीय कारवाई की जायेगी। साथ ही, पंचायत सरकार भवन में कर्मियों का रोस्टर वार उपस्थिति के संदर्भ में वॉल पेंटिंग नहीं पाया गया। निर्देश दिया गया कि कर्मियों के कार्या दिवस के अद्यतन रोस्टर को भवन में वॉल पेंटिंग के माध्यम से प्रदर्शित करें।

## किसानों के बीच मूंग के बीज का किया गया वितरण




निज संवाददाता। **कौआकोल**

प्रखण्ड के जेपी आश्रम परिसर सोखोदेवरा में कृषि विज्ञान केंद्र,ग्राम निर्माण मंडल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा,नवादा के द्वारा अनुसूचित जाति उप योजना के अंतर्गत रोह प्रखण्ड के घोराही ग्राम के किसानों के बीच उन्नत बीज उत्पादन के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए मूंग बीज का वितरण किया गया। साथ ही किसानों को आधुनिक खेती व पशुपालन के नवीनतम तकनीक विषय पर प्रशिक्षण भी दिया गया। कार्यक्रम के माध्यम से 77 किसानों को 11.64 हेक्टयर भूमि के लिए 1.95 क्विंटल बीज का वितरण किया गया। मौके पर कार्यक्रम के संचालक व विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ० धनंजय कुमार,अंगद कुमार,डॉ० अनुज्ञा भारती, आदि मौजूद थे।

## सेवानिवृत्त शिक्षिका को भावभीनी दी गई विदाई

निज संवाददाता। **नारदीगंज (नवादा)**



प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय ओड़ो में गुरुवार को विदाई समारोह आयोजित की गई। आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय में कार्यरत शिक्षिका मंजू कुमारी को सेवानिवृत्ति उपरांत उपस्थित लोगों ने भावभीनी विदाई दी। अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुबोध कुमार व मंच संचालन सेवानिवृत्त शिक्षक प्रमोद कुमार ने की। मुख्य अतिथि के रूप में बीईओ महेश्वर रविदास रहे। आयोजित कार्यक्रम में गया मानपुर के डा0 रविन्द्र कुमार,बीआरपी सह समावेश शिक्षक आनन्द कुमार,सुप्रिया,शिक्षक मनोज कुमार, नवीन कुमार, विशाल चंद्रा, बीआरपी राजकुमार, उपेंद्र प्रसाद सिंह,लेखापाल संजीव रंजन, पप्पू कुमार समेत अन्य शिक्षकों व वुद्धिजीवियों की मौजूदगी में हुआ। मौके पर छात्रा सिमरन, ख़ुशी, आराध्या, सलोनी कुमारी ने अश्रुपूरित नेत्रों से विदाई गीत गाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दी। तदोपरान्त उपस्थित शिक्षकों ने सेवानिवृत्त शिक्षिका को पुष्पमाला ,अंगवस्त्र समेत अन्य सामग्री देकर सम्मानित करते हुए अश्रुपूरित नेत्रों से विदाई दी।वे वर्ष 2012 में विद्यालय में योगदान दिया, और 29 फरवरी 2024 को सेवानिवृत्त हो गई। उपस्थित लोगों ने कहा इस अवधि में इनका कार्य काफी सराहनीय रहा।विरह की बेला दुःखद असहज होती है,जीवन भी एक कला है,आने वाला जाएगा ही,यह रीत है। इस मौके पर सेवानिवृत्त शिक्षिका मंजू कुमारी ने कहा बिछुड़ने का काफी दर्द है, काफी असहज हूं, यह माह जीवन के लिए यादगार बन गया है,मेरी बड़ी पुत्री ने शिक्षिका के पद पर योगदान दिया है, और मेरी विदाई है। यहां सभी का सहयोग मिला,सभी छात्र व छात्राएं पढ़ लिखकर सभी को गौरवान्वित करे। मौके पर शिक्षक श्रीनिवास, सेवानिवृत्त शिक्षक कांति सिन्हा, शिक्षक सुनीता वर्मा,संजुला कुमारी, मोनिका सिंह, मंटू कुमार,शेखर सिंह समेत अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

## मां दुर्गा प्राण प्रतिष्ठा सह शतचंडी महायज्ञ को लेकर निकाली गई भव्य कलश यात्रा

निज संवाददाता। **नवादा**



प्रखंड क्षेत्र के हरदिया में नवनिर्मित मां दुर्गा मंदिर बनकर तैयार है।साथ ही नवनिर्मित मंदिर में मां दुर्गा का प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मां दुर्गा प्राण प्रतिष्ठा सह शतचंडी महायज्ञ का आयोजन हरदिया के श्रद्धालुओ द्वारा किया गया है।माता की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गुरुवार को सैकड़ों महिला व पुरुष श्रद्धालु के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई।कलश यात्रा के दैरान सैकड़ों महिला और पुरुष श्रद्धालुओ के द्वारा गांव भ्रमण करते हुए हरदिया स्थित फुलवरिया डैम पहुंची। पाठात्मक शतचण्डी महायज्ञ के यज्ञाचार्य श्री सीताराम शास्त्री ने बताया कि शतचंडी महायज्ञ का प्रथम दिवस है इस अवसर पर सैकड़ों महिला और पुरुष श्रद्धालुओ के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई।कलश यात्रा निकलने से पूर्व मुख्य यज्ञमान राधाकांत मिश्रा,सहित पांच यज्ञमानो के द्वारा विधिवत् पूजा अर्चना किया गया और फिर कलश यात्रा का कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।कलश यात्र के दौरान महिला-पुरुष श्रद्धालुओ के भक्तिमय जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।यज्ञ समिति के संचालक मुकेश कुमार 'शिक्षक' ने बताया कि गुरुवार को कलश यात्रा के साथ पंचांग पूजन,मंडप प्रवेश के साथ संध्या आरती किया जायेगा।शुक्रवार को वेदी पूजन,पाठ प्रारंभ,अग्नि प्राकट्य,कर्म कुटी,जलाधिवास,शनिवार को वेदी पूजन,पंचामृताधिवास,रविवार को वेदी पूजन,अन्नाधीवास,पुस्पाधिवास,सोमवार को अखंड कीर्तन,मंगलवार को नगर भ्रमण, सैय्याधीवास और बुधवार को प्राण प्रतिष्ठा, पूर्णाहुति,महाआरती,कन्या भोजन,विसर्जन और भव्य भंडारा का आयोजन किया जायेगा।इस मौके पर यज्ञ समिति के अनुज कुमार,राजन कुमार,जयशंकर कुमार,बबलू कुमार,भूषण कुमार,रूपेश कुमार,संतोष कुमार,ओमप्रकाश आर्य,सच्चिदानंद सिंह सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

## पूर्व सैनिक संघ ने केंद्रीय मंत्री को सौंपा प्रधानमंत्री के लिए ज्ञापन

निज संवाददाता। **बेगुसराय**



बिहार राज्य पूर्व सैनिक संघ जिला शाखा बेगुसराय का एक शिष्टमंडल 29 फरवरी को प्रधानमंत्री के बेगुसराय आगमन पर स्थानीय सांसद सह केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह को बहुप्रतीक्षित मांग का ज्ञापन सौंपा ।संघ के अध्यक्ष कैप्टन रामकृष्ण पाठक ने केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह से कहा बेगुसराय जिला बिहार का औद्योगिक नगरी एवम सर्वसाधन संपन्न जिला है। परंतु बेगुसराय पूर्व सैनिकों के मूलभूत सुविधाओं से आज तक वंचित है। वहीं पूर्व सैनिक संघ के सचिव आलोक कुमार ने मंत्री जी का ध्यान जिले में सैनिकों की जरूरत पर क्रमवार दिलाया जिसमेंः-

1. जिले में पूर्व सैनिकों हेतु ECHS की सुविधा उपलब्ध नही है। जबकि अन्य जिले एवम अन्य राज्य के भी हजारों पूर्व सैनिक IOCL रिफाइनरी, NTPC तथा HURL जैसे राष्ट्रीय स्तर के कल कारखाने में कार्यरत हैं। सर सेना से रिटायर होने वक्त एकमुश्त लगभग 40-50 हजार रुपया जिले में ECHS पॉली क्लीनिक की सुविधा देने के नाम से काटा जाता है तथा प्रत्येक माह मिलने वाला चिकित्सा भत्ता बंद कर दिया जाता है। लेकिन जिले के पूर्व सैनिक एक दवा के लिए तरसते रहते हैं।

2. जिले में NCC बटालियन होते हुए भी पूर्व सैनिकों को CSD कैंटीन की सुविधा नहीं है।

3. जिला में सैनिक कल्याण कार्यालय नही होने के कारण राज्य/ केंद्र सरकार द्वारा दी जानेवाली सुविधाओं से यहां के सैनिक, पूर्व सैनिक/ वीर नारियां वंचित रह जाते हैं।

4. अन्य राज्य एवम केंद्र शासित प्रदेश में पूर्व सैनिकों को दी जाने वाली कोई भी सुविधा बिहार सरकार द्वारा नही दी जाती है, जैसे सरकारी सेवाओं में आरक्षण, जमीन रजिस्ट्री स्टांप ड्यूटी में रियायत, बच्चों के उच्चतर शिक्षा में आरक्षण इत्यादि ।

5. OROP 2 में भारी विसंगतियों के विरोध में 20/2/23 से चल रहे प्रदर्शन (जंतर मंतर दिल्ली ) को केंद्र सरकार संज्ञान में ले एवम OROP की विसंगतियों को दूर करें ।

उक्त विषयक को संज्ञान लेते हुए केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा हमलोग प्रयत्नशील हैं की बेगुसराय का ग्लोकल हॉस्पिटल और निरामया हॉस्पिटल इंपेनल हो तथा जिले में ECHS पॉली क्लीनिक अथवा MMU की सुविधा हो ।संघ के वरिष्ठ सलाहकार रामबली राय ने रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह के पत्र का जिक्र किया एवम उन्होंने रक्षामंत्री का पत्र संख्या DO No 2546/VIP/RM/2021 दिनांक 13/9/21 में जांच की बात करते हुए पत्रांक अ. शा.पत्र सं 12/19/2021/WE/D (Res-I)/2546/VIP/2021 दिनांक 30/10/21 के आलोक में माननीय राजनाथ सिंह ने बेगुसराय में ECHS पॉली क्लीनिक खोलने का आश्वासन दिया का जिक्र किया एवम उक्त पत्र को भी ज्ञापन के साथ संलग्न किया। परंतु अभी तक बेगुसराय में ECHS पॉली क्लीनिक नही खुल पाया न ही MMU मोबाइल मेडिकल यूनिट का संचालन हुआ।

जिले के वरिष्ठ पूर्व सैनिकों, वीरांगनाओं एवम सेवारत सैनिकों के परेशानी का जिक्र करते हुए अरविंद सिंह, शैलेश पाठक एवम कोषाध्यक्ष केशव कुमार ने कहा कि 150KM दूर पटना जाना पड़ता है। ज्यादा दूरी होने के कारण कई बुजुर्ग एवम गंभीर रूप से बीमार पूर्व सैनिक एवम वीरांगनाओं को जान गवाना पड़ता है।

जिले के समस्त पूर्व सैनिकों लिए मंत्री जी ने कहा मैं इस ज्ञापन को माननीय प्रधानमंत्री को अवश्य दूंगा एवम उक्त मूलभूत सुविधाओं से बेगुसराय को सुसज्जित करने का भरसक प्रयत्न करूंगा ताकि हमारे वीर जवानों को सारा सुविधा बेगुसराय में मिले ।

Page 11



जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 09




खेल
मैं जहीर खान सीखने की कोशिश करता था : जेम्स एंडरसन

देश
गैर हिमाचली को राज्यसभा चुनाव में उतारने पर कांग्रेस विधायकों ने की बगावत : अनुराग

मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष षष्ठी विक्रम संवत 2080 • औरंगाबाद • शुक्रवार • 01 मार्च 2024 • वर्ष 26 • अंक 81 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 62, 830 | ₹74,200 |



## आज का इतिहास

- **1901 :** भारत की जनगणना, ब्रिटिश राज की चौथी और पहली विश्वसनीय जनगणना थी।
- **1854 :** ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने लांघ के सिद्धांत के तहत भारत के झांसी राज्य को अपने राज्य में जोड़ा

## न्यूज बाइट्स

### 6 हजार 61 प्रधानाध्यापकों की वैकेंसी जल्द

**पटना (नि.सं.)।** बिहार में जल्द ही माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्कूलों के 6 हजार 61 प्रधानाध्यापकों की नियुक्ति की जाएगी। इसके लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। शिक्षा विभाग ने सामान्य प्रशासन विभाग को अधियाचना भेज दिया है। बिहार लोक सेवा आयोग इसको लेकर जल्द ही विज्ञापन जारी कर सकता है। इस वैकेंसी के तहत 1 हजार 340 अनारक्षित रहेंगे। SC के लिए 1 हजार 283, ST के लिए 128, अत्यंत पिछड़ा वर्ग 1 हजार 595, पिछड़ा वर्ग 1139 और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 576 पद आरक्षित हैं। पटना प्रमंडल में 765, सारण में 611, तिरहुत में 1 हजार 361, दरभंगा में 815, कोसी 385, पूर्णिया में 696, भागलपुर में 289, मुंगेर में 536 और मगध प्रमंडल में 603 पदों पर नियुक्ति होगी।

### बिहार में आज से फिर बदलेगा मौसम, गिरेगा तापमान

**पटना (नि.सं.)।** बिहार में आज से लेकर 3 मार्च तक राज्य में हल्की बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने प्रदेश के 14 जिलों में बारिश को लेकर यलो अलर्ट भी जारी किया है। पिछले 24 घंटे के दौरान भी 8.6 डिग्री सेल्सियस के साथ मोतिहारी जिला सबसे ठंडा रहा। इसके अलावा पटना का न्यूनतम तापमान 14.6 डिग्री सेल्सियस, गया का 12.2 डिग्री, नवादा 13.6 डिग्री, किशनगंज 10.5 डिग्री, बांका 14 डिग्री, भागलपुर 15.8 डिग्री, खगड़िया 14.2 डिग्री। इसके अलावा अन्य जिलों का न्यूनतम तापमान भी 10 डिग्री से लेकर 16 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है।

### रिलायंस ज्वेलर्स में दो करोड़ की लूट

**समस्तीपुर (नि.सं.)।** समस्तीपुर के मोहनपुर रोड स्थित रिलायंस ज्वेलरी शोरूम में करीब 2 करोड़ की लूट हुई है। बुधवार की देर शाम कर्मचारी शोरूम बंद कर रहे थे। इसी दौरान 6 बदमाश पिस्टल लिए पहुंचे। कर्मचारियों को धमकाते हुए अंदर घुस गए और लूट की घटना को अंजाम दिया। अपराधियों ने वारदात को अंजाम तब दिया, जब करीब 9 बजे दुकान बंद करने की तैयारी की जा रही थी। लूटपाट करने के बाद सभी बदमाश हथियार लहराते हुए मौके से फरार हो गए। कर्मचारियों के शोर मचाने पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल में जुट गई। सदर डीएसपी संजय पांडे ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। शॉप के कर्मचारी से पूछताछ की गई, लेकिन वह कुछ भी बता नहीं रहा है। बताया गया है कि जिस समय अंदर बदमाश घुसे थे उसे समय शहर के जाने-माने अधिवक्ता सुधाकर राय भी खरीदारी करने के लिए पहुंचे थे। बदमाशों ने उनके साथ भी लूटपाट की।

पीएम आज झारखंड में, कल पहुंचेंगें औरंगाबाद

# औरंगाबाद में कल 21,400 करोड़ की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास करेंगे पीएम

- प्रधानमंत्री आज झारखंड में 35,700 करोड़ तो बिहार में कल 34,800 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का करेंगें उद्घाटन
- प्रधानमंत्री बरौनी उर्वरक संयंत्र, सिंदरी उर्वरक संयंत्र, उत्तरी करणपुरा सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट (चतरा) आदि को राष्ट्र को करेंगें समर्पित, बरौनी रिफाइनरी का होगा विस्तार
- ऊर्जा क्षेत्र को बढ़ावा, तेल और गैस क्षेत्र से संबंधित 1.48 लाख करोड़ रुपये की राष्ट्रव्यापी परियोजनाएं बेगुसराय में शुरू की जाएंगी
- राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क, रेल बुनियादी ढांचे, नमामि गंगे कार्यक्रम को भी बिहार में प्रमुख बढ़ावा मिलेगा; प्रधानमंत्री बिहार में चार नई ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाएंगे, पटना में गंगा नदी पर एक नए छह लेन पुल तथा पटना में यूनिटी मॉल की आधारशिला भी रखेंगे

**आज पीएम 11 बजे धनबाद के सिंदरी पहुंचेंगे, यहां सं जाएंगें पश्चिम बंगाल**

एजेंसी | औरंगाबाद/नयी दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज एवं कल यानी एक एवं दो मार्च को झारखंड, पश्चिम बंगाल और बिहार का दौरा करेंगे। आज, एक मार्च को सुबह करीब 11 बजे प्रधानमंत्री झारखंड के धनबाद के सिंदरी पहुंचेंगे और एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लेंगे। यहां वे झारखंड में 35,700 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। आज ही लगभग 3 बजे, प्रधानमंत्री पश्चिम बंगाल के हुगली में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लेंगे जहां वे 7,200 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। कल, दो मार्च को सुबह करीब 10:30 बजे प्रधानमंत्री पश्चिम बंगाल के नादिया जिले के कृष्णानगर पहुंचेंगे, जहां वे 15,000 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। उसके बाद दोपहर 2:30 बजे प्रधानमंत्री बिहार के औरंगाबाद में 21,400 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। शाम 5:15 बजे प्रधानमंत्री बिहार के बेगुसराय पहुंचेंगे जहां वे एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लेंगे और देश भर में लगभग 1.48 लाख करोड़ रुपये की कई तेल और गैस क्षेत्र की परियोजनाओं और कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।

### प्रधानमंत्री बिहार के औरंगाबाद में :



कल 2:30 बजे औरंगाबाद के रतनुआ मैदान से प्रधानमंत्री 21,400 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क को मजबूत करते हुए प्रधानमंत्री 18,100 करोड़ रुपये से अधिक की कई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया जाएगा उनमें एनएच-227 की 63.4 किमी लम्बी दो-लेन की पक्की सड़क वाली जयनगर-नरहिया खंड, एनएच-131जी पर कन्हौली से रामनगर तक छह लेन की पटना रिंग रोड का खंड, किशनगंज शहर में मौजूदा फ्लाईओवर के समानांतर 3.2 किमी लम्बा दूसरा फ्लाईओवर, 47 किलोमीटर लंबी बख्तियारपुर-रजौली फोर लेन एवं एनएच-319 पर 55 किमी लंबे आरा-परिया फोर लेन योजना शामिल है।

» शेष पेज 3 पर

### झारखंड के सिंदरी में प्रधानमंत्री

आज प्रधानमंत्री सिंदरी, धनबाद में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान उर्वरक, रेल, बिजली और कोयला क्षेत्र से संबंधित कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, राष्ट्र को समर्पित और आधारशिला रखेंगे। प्रधानमंत्री हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (एचयूआरएल) सिंदरी उर्वरक संयंत्र राष्ट्र को समर्पित करेंगे। 8900 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित यह उर्वरक संयंत्र यूरिया क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक कदम है। इससे देश में प्रति वर्ष लगभग 12.7 एलएमटी स्वदेशी यूरिया उत्पादन बढ़ेगा, जिससे देश के किसानों को लाभ होगा। प्रधानमंत्री झारखंड में 17,600 करोड़ रुपये से अधिक की कई रेल परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। परियोजनाओं में सोन नगर-अंडाल को जोड़ने वाली तीसरी और चौथी लाइन शामिल है। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री तीन ट्रेनों को हरी झंडी भी दिखाएंगे। इसमें देवघर-डिब्रूगढ़ ट्रेन सेवा, टाटानगर और बादामपहाड़ के बीच मेमू ट्रेन सेवा (दैनिक) और शिवपुर स्टेशन से लंबी दूरी की मालगाड़ी शामिल है। प्रधानमंत्री झारखंड में उत्तरी कर्णपुरा सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट (एसटीपीपी), चतरा की यूनिट 1 (660 मेगावाट) सहित महत्वपूर्ण बिजली परियोजनाओं को भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

» शेष पेज 3 पर

सोलर रूफ टॉप स्कीम पर मोदी सरकार का बड़ा फैसला

# एक करोड़ परिवारों को मिलेगी 300 यूनिट फ्री बिजली

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने रूफटॉप सोलर स्कीम के लिए 75 हजार करोड़ रुपये की राशि मंजूर की है। इस स्कीम से देश के एक करोड़ परिवारों को फायदा पहुंचाने का लक्ष्य तय किया गया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कैबिनेट मीटिंग में हुए इस फैसले की जानकारी दी। उन्होंने कहा, 'पीएम मोदी के नेतृत्व में हुई मीटिंग में यह फैसला हुआ है। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी दी गई है। इससे एक करोड़ परिवारों को 300 यूनिट बिजली मुफ्त में हर महीने मिल सकेगी।' इस स्कीम के तहत प्रति एक किलोवॉट सिस्टम पर हर परिवार को 30 हजार रुपये की सब्सिडी मिलेगी। इसके अलावा 2 किलोवॉट सिस्टम के तहत 60 हजार रुपये की सब्सिडी मिलेगी। इस स्कीम के तहत कोई भी परिवार नेशनल पोर्टल पर जाकर सब्सिडी के लिए अप्लाई कर सकता है और किसी भी वेंडर को रूफटॉप सोलर स्कीम के लिए चुन सकता है। इसके अलावा कम ब्याज पर उन्हें लोन भी मिल सकता है। सरकार ने इस स्कीम के तहत हर जिले में एक मॉडल सोलर स्कीम बनाने का भी फैसला लिया है। इन गांवों को रोल मॉडल के तौर पर तैयार किया जाएगा ताकि ग्रामीण इलाकों में लोग इसके लिए जागरूक हो सकें। इस स्कीम का बजट में भी ऐलान किया गया था।



केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कैबिनेट की बैठक हुई। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी दे दी गई है, इस योजना के तहत एक करोड़ परिवारों को 300 यूनिट मुफ्त बिजली मिलेगी।

1. इस स्कीम के तहत एक करोड़ परिवारों को महीने में 300 यूनिट मुफ्त बिजली मिलेगी। इससे बिजली का बिल बचेगा और कई हजार रुपये महीने की बचत होगी। 2. सोलर प्लांटों से जो अतिरिक्त बिजली बचेगी, उसे लोग बिजली कंपनियों को बेच सकेंगी और उन्हें कमाई भी होगी। 3. रिहायशी इलाकों में सोलर प्लांट लगाए जाने से 30 गीगावॉट बिजली भी तैयार होगी। 4. इससे कार्बन उत्सर्जन में भी अगले 25 सालों में 720 मिलियन टन तक की कमी आएगी। 5. इस स्कीम से 17 लाख रोजगार मैन्युफैक्चरिंग, लॉजिस्टिक्स, सप्लाई चेन, सेल्स और अन्य सेवाओं में मिलेंगे।

### क्या है स्कीम की पात्रता

इस स्कीम का लाभ केवल भारतीय निवासी को मिलेगा। आवेदक की सालाना आय 1 या 1.5 लाख रुपये से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। आवदेक के पास सभी दस्तावेज होने चाहिए। सरकारी सर्विस से जुड़े व्यक्तियों को इस स्कीम का लाभ नहीं मिलेगा।

### ये दस्तावेज हैं जरूरी

आधार कार्ड, एड्रेस प्रूफ, बिजली का बिल, इनकम सर्टिफिकेट, मोबाइल नंबर, बैंक पासबुक, पासपोर्ट साइज फोटो, राशन कार्ड

## दाखिल-खारिज में कोताही पर 100 अफसरों को नोटिस

**पटना (नि.सं.)।** उप मुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने गुरुवार को कहा कि दाखिल-खारिज में कोताही बरतने वाले एक सौ पदाधिकारी व कर्मियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। बिना स्पष्ट कारणों के दाखिल-खारिज को आए आवेदन को अस्वीकृत नहीं किया जाएगा। विधानसभा में इस बाबत केसरिया की विधायक शालिनी मिश्रा द्वारा लाए गए एक प्रश्न के जवाब में उप मुख्यमंत्री ने यह बात कही। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि दाखिल-खारिज आवेदनों के त्वरित निष्पादन के लिए विभाग द्वारा राज्य के सभी अंचलों में आड-इवेन प्रणाली अपनाई गई है। अंचलाधिकारियों के साथ-साथ राजस्व अधिकारी को भी दाखिल-खारिज करने की शक्ति प्रदान की गई है। दाखिल-खारिज आवेदनों को निष्पादित करने के क्रम में फर्स्ट इन फर्स्ट आउट पद्धति का अनुपालन सुनिश्चित किया गया है। उप मुख्यमंत्री ने यह जानकारी दी कि दाखिल-खारिज की प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बनाया गया है। अब तक 1.22 करोड़, 79 हजार, 566 दाखिल खारिज के आवेदन मिले हैं।

# मुख्यमंत्री ने ईआरएसएस परियोजना के तहत 1433 पुलिस वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

निज संवाददाता | पटना




मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरूवार को ईआरएसएस (इमरजेंसी रिस्पांस सपोर्ट सिस्टम) परियोजना (डायल-112) के तहत 1,433 पुलिस वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आपकी सुरक्षा, हमारी जिम्मेदारी के तहत आपात नम्बर सेवा 112 के प्रथम चरण का विस्तारीकरण एवं द्वितीय चरण के क्रियान्वयन हेतु आज लोकार्पित हुए 1,433 पुलिस वाहनों में 883 चार पहिया वाहन एवं 550 दो पहिया वाहन शामिल है। इन पुलिस वाहनों की उपलब्धता से राज्य में पुलिसिंग व्यवस्था सुदृढ़ होगी। साथ ही पुलिस की कार्यक्षमता एवं दक्षता और अधिक बढ़ेगी। इससे विधि व्यवस्था के संधारण में काफी सहूलियत मिलेगी। 1 अणे मार्ग प्रांगण में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम में अपर पुलिस महानिदेशक वितंतु एवं तकनीकी सेवा निर्मल कुमार आजाद ने मुख्यमंत्री को पौधा भेंटकर उनका अभिनन्दन किया। इन वाहनों के डायल-112 में शामिल होने के बाद अब कुल 1,833 पुलिस वाहनों के साथ-साथ 1,586 एम्बुलेंस सेवा एवं 805 अग्निशमन सेवा के वाहन एकीकृत रूप से जन कल्याणकारी, आपाताकालीन सेवा डायल-112 के तहत 24 घंटे कार्यरत रहेंगे।

बिहार विधानसभा से 10 बिल पारित, भ्रष्टाचार और माफिया राज का सफाया करेगी नीतीश सरकार

# बिहार अपराध नियंत्रण विधेयक विधानसभा में पारित

निज संवाददाता | पटना

बिहार विधानसभा से गुरुवार को नीतीश सरकार ने 10 विधेयक पारित कराए। इसमें सबसे अहम बिल भ्रष्टाचार और माफिया राज पर अंकुश लगाने से जुड़ा हुआ है। नीतीश सरकार के मंत्रियों ने अपने विभागों से संबंधित बिल गुरुवार को विधानसभा में चर्चा के लिए पेश किए। इसके बाद ध्वनि मत से इन्हें सदन में पारित करा दिया गया। गुरुवार को पारित हुए विधेयकों में सबसे महत्वपूर्ण बिहार अपराध नियंत्रण बिल है। इससे अपराधियों की धरपकड़ के लिए जिलाधिकारियों को अधिकार मिल जाएगा। नीतीश सरकार ने गुरुवार को विधानसभा के बजट सत्र की कार्यवाही के दौरान एक के बाद एक 10 बिल सदन के पटल पर रखे। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच इन बिलों पर चर्चा कराई गई। इसके बाद इन्हें सदन से पारित कर दिया गया। विपक्ष की ओर से विभिन्न विधेयकों में संशोधन के लिए कई प्रस्ताव दिए गए, मगर उन्हें खारिज कर दिया गया।

गुरुवार को जो विधेयक सदन से पास हुए उनमें बिहार अपराध नियंत्रण विधेयक 2024, बिहार लोक सुरक्षा (उपाय) प्रवर्त्तन विधेयक 2024, बिहार तकनीकी संवा आयोग (संशोधन) विधेयक 2024, बिहार कराधान विवादों का समाधान विधेयक 2024, बिहार मूल्यवर्द्धित कर (संशोधन) विधेयक 2024, बिहार राज्य बाल श्रमिक आयोग (संशोधन) विधेयक 2024, बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड (संशोधन) विधेयक 2024, बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड (संशोधन) विधेयक 2024, बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग (संशोधन) विधेयक 2024 और बिहार राज्य महिला आयोग (संशोधन) विधेयक 2024 है। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने विधानसभा से बाहर निकलने के बाद नए कानून पारित होने पर सभी को बधाई दी।

### इस कानून में क्या नया है?

बिहार से माफिया राज से मुक्ति दिलाने में मदद मिलेगी। भूमि, बालू, शराब माफिया के अलावा मानव तस्करी, दंगा फैलाने वाले, साइबर अपराधी, छेड़खानी समेत अन्य अपराध से जुड़े गिरोह के खिलाफ जिलाधिकारी सीधे एक्शन ले सकेंगे। नए कानून में डीएम के पास इन अपराधियों के खिलाफ वारंट जारी करने, इन्हें अरेस्ट करने, जेल भेजने और यहां तक कि जमानत देने का भी अधिकार होगा।

### बीपीएससी शिक्षक बहाली फेज 3 की परीक्षा की तिथि घोषित

**पटना(नि.सं.)।** शिक्षक भर्ती परीक्षा के तीसरे चरण के लिए डेटशीट जारी कर दिया गया है। पूरे बिहार में 15 और 16 मार्च को विभिन्न केंद्रों पर परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। 15 मार्च को दो पाली और 16 मार्च को एक पाली में परीक्षा होगी। 15 मार्च को पहले पाली की परीक्षा सुबह 9:30 से शुरू होकर दोपहर 12:30 तक चलेगी। इसमें मध्य विद्यालय वर्ग 6-8 के लिए गणित एवं विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत एवं उर्दू की परीक्षा होगी। दूसरी पाली दोपहर 2:30 बजे से शुरू होकर शाम 5:00 बजे तक चलेगी। 1 से 5 के सभी विषयों की परीक्षा होगी। इसमें सामान्य, उर्दू एवं बांग्ला शामिल है। 16 मार्च को एक ही पाली में दोपहर 12:00 से लेकर 2:30 तक परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इस पाली में हिन्दी, बांग्ला, उर्दू, संस्कृत, अरबी, फारसी, अंग्रेजी, विज्ञान, गणित, ललित कला, नृत्य, शारीरिक शिक्षा, मैथिली, संगीत एवं समाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा होगी।

# केके पाठक ने सभी यूनिवर्सिटी के वीसी का रोका वेतन



निज संवाददाता | पटना

**केके पाठक केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाएंगे दिल्ली**

बिहार शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक जल्द ही केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली जा सकते हैं। आईएएस केके पाठक ने कुछ दिन पहले केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने को लेकर सरकार को पत्र लिखा था, जिसे अब राज्य सरकार ने हरी झंडी देते हुए एनओसी दे दिया है। जिसके बाद अब केके पाठक शीघ्र ही केके पाठक शिक्षा विभाग का अपर मुख्य सचिव का पद छोड़ेंगे। केके पाठक के जाने से अब उन तमाम शिक्षकों की टेंशन कम हो जाएगी जो केके पाठक के आदेशों और फरमानों की वजह से परेशान थे।

बिहार के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति के खिलाफ शिक्षा विभाग के एसीएस केके पाठक ने बड़ी कार्रवाई की है। बिहार के सभी कुलपतियों का वेतन रोक दिया गया है। संस्कृत विश्वविद्यालय के कुल सचिव को छोड़कर सभी कुल सचिवों का भी वेतन रोका गया है। मगध विश्वविद्यालय और संस्कृत विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक को छोड़कर सभी विश्वविद्यालय के एग्जाम कंट्रोलर का वेतन रोका गया है। यहीं नहीं, आईएएस केके पाठक ने पूछा है कि काम सही से पूरा नहीं करने पर आप पर एफआईआर क्यों नहीं की जाए। शिक्षा सचिव वैधनाथ यादव ने सभी विश्वविद्यालय के कुलपति और कुल सचिव को पत्र लिखा है। विश्वविद्यालय की लंबित परीक्षा की समीक्षा को लेकर मीटिंग बुलाई गई थी। राजभवन ने कुलपतियों को शिक्षा विभाग की बैठक में जाने की अनुमति नहीं दी थी। राजभवन की रोक के कारण कुलसचिवों और परीक्षा नियंत्रकों में कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विवि के कुल सचिव व परीक्षा नियंत्रक तथा मगध विवि के परीक्षा नियंत्रक को छोड़कर सभी ने आने से परहेज किया था। अब केके पाठक ने बैठक में अनुपस्थित सभी अधिकारियों से शो कॉज किया है। केके पाठक के इस एक्शन के बाद अब राजभवन और शिक्षा विभाग के बीच फिर से तकरार बढ़ा है।

कामेश्वर सिंह दरभंगा विश्वविद्यालय के कुलपति की जगह कुल सचिव और परीक्षा नियंत्रक पहुंचे थे। मगध विश्वविद्यालय से केवल परीक्षा नियंत्रक ही पहुंचे थे। विश्वविद्यालयों के केवल तीन प्रतिनिधियों के साथ शिक्षा विभाग के आधा दर्जन से अधिक अफसरों ने बैठक की है। नाम मात्र के लिए हुई इस मीटिंग की अध्यक्षता उच्च शिक्षा निदेशक रेखा कुमारी ने की।






# नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में शामिल हुये मुख्यमंत्री

निज संवाददाता | पटना



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गुरूवार को गृह विभाग एवं सहकारिता विभाग द्वारा आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित 'संवाद' में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने गृह विभाग अंतर्गत नवनियुक्त पुलिस उपाधीक्षक, सहायक अभियोजन पदाधिकारी एवं सहकारिता विभाग अंतर्गत नवनियुक्त अंकेक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में गृह विभाग अंतर्गत 523 नवनियुक्त सहायक अभियोजन पदाधिकारी एवं 20 पुलिस उपाधीक्षक तथा सहकारिता विभाग अंतर्गत 231 नवनियुक्त अंकेक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री ने सांकेतिक रूप से 14 नवनियुक्त अधिकारियों- खालिद हयात, शिवानी श्रेष्ठा, सांवली सांकृत्यायन, मनाली तिवारी, नंदिनी कुमारी, निशांत कुमार, ऋषभ आनंद, पूजा शर्मा, सुश्री इशानी सिन्हा, निशु कुमार, राजन कुमार, खुशबू, शअंशु आनंद एवं दीपक कुमार पासवान को नियुक्त पत्र प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त अधिकारियों से मुलाकात कर उनका अभिवादन स्वीकार किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव-सह-मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, गृह विभाग के सचिव प्रणव कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### दो दिनों में छह थाने का शुभारंभ, आम अवाम को होगी सहूलियत, एफआईआर दर्ज कराने में नहीं होगी दिक्कत

**गया।** राज्य के 176 ओपी को थाने का दर्जा दिए जाने की औपचारिक घोषणा के बाद गया जिले के छह ओपी को भी थाने का दर्जा दे दिया गया। बीते दो दिनों में एसएसपी आशीष भारती ने लगातार छह थानों का उद्घाटन किया है। बीते मंगलवार को पूरा, पंचानपुर और गुरपा तो बुधवार को गेहलौर, सरबहदा और सिन्धुगढ़ थानों के उद्घाटन किया। अब तक यह सभी ओपी के रूप में अपने अपने पैतृक थाने के अधीन काम कर रहे थे। लेकिन अब ये सभी स्वतंत्र थाने के रूप में काम करेंगे। इसका लाभ आम अवाम के साथ ही पुलिस महकमे को भी मिलेगा। पुलिस को कानून व्यवस्था को पटरी पर बनाए रखने में काफी सहूलियत होगी। खास बात यह कि जो भी ओपी थाने में तब्दील किए गए हैं उन क्षेत्रों में पूर्व में नक्सली वारदात जमकर हुआ करती थीं।



यही वजह रही थी कि पुलिस विभाग को सबसे पहले उन इलाकों में ओपी खोलना पड़ा था। ग्राम गहलौर गया जिला के नीमचक बथानी अनुमंडल अन्तर्गत पड़ता है। अतरी थाना से इसकी दूरी 14 कि०मी० है। जिससे गेहलौर एवं धुसरी पंचायत के लोगों को अतरी थाना जाने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता था। वहीं, पुलिस को भी विधि व्यवस्था में काफी कठिनाई होती थी। गेहलौर थाना के उत्तर में अतरी, दक्षिण में गेहलौर पहाड़ी, पूर्व में जेठियन एवं पश्चिम में कटईय, नारा एवं सोनरा गाँव पड़ता है। गेहलौर थानान्तर्गत गेहलौर पंचायत के सभी गाँव तथा धुसरी गाँव को शामिल किया गया है। गेहलौर थाना में थानाध्यक्ष के अलावे पुलिस पदाधिकारी,कर्मी पदस्थापित किए गए है। गेहलौर ओपी अतर्गत सिर्फ धूसरी एवं गेहलौर पंचायत शामिल थे। वहीं, बोधगया अनुमंडल अन्तर्गत अति नक्सल प्रभावित बाराचट्टी थाना के सहायक थाना मोहनपुर क्षेत्र में नव सृजित सिन्धुगढ़ थाना का भी एसएसपी आशीष भारती ने शुभारंभ किया। सिन्धुगढ़ गांव गया जिला के मोहनपुर के थानान्तर्गत में पड़ता है। यह क्षेत्र पहाडों एवं घने जंगलों से घिरा है और झारखंड राज्य की सीमा से भी सटा है। विषम भौगोलिक बनावट के कारण यह क्षेत्र पूर्ण रूप से अब भी नक्सल और उग्रवाद से प्रभावित है। सिन्धुगढ़ थाना के अंतर्गत मोहननपुर थाना से लगभग 18 कि०मी० हो जाती है। जिस कारण अम्बातरी, अमकोला एवं केवला पंचायत के लोगों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता था। पुलिस को भी विधि व्यवस्था संधारण में काफी कठिनाई होती थी। सिन्धुगढ़ थाना के अंतर्गत अम्बातरी, पंचायत के अम्बातरी, बाराखार, हडियादाग, सावरचक, बंदा एवं बरदाग को शामिल किया गया है। अमकोला पंचायत के अमकोला, बैजनाथपुर, एडगीर, बासुकुरहा, सलैया, मंजुरा,जरलाही, अजनावा, बेला, मंझियावा, लंगुराखुर्द, नावाडीह, मसौन्धा, चितागढ़ एवं रेंगवा गाँव को सिन्धुगढ़ थाना के अंतर्गत शामिल किया गया है। केवला पंचायत के केवला, भगवानपुर, खाप, चित्रविश्रामा, कोवाय खुर्द, कोवाय कला, मायापुर, घुघरी, कुसुम्हार, कदरचुआ, लंगुराक्ला, कटगढ़ा एवं चेंगवा गाँव को सिन्धुगढ़ थाना के अंतर्गत को शामिल किया गया है। विधि व्यवस्था की समस्या होने पर मोहनपुर थाना को इन गाँवों में पहुँचने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता था। सिन्धुगढ़ थाना में थानाध्यक्ष के अलावे अन्य पदाधिकारीयों एवं बड़ी संख्या में सशस्त्र बल को मुहैया किया गया है।उग्रवादी एवं नक्सली गतिविधियों के विरूध पूर्ण रूप से नियंत्रण, आस-पास के ग्रामीणों की सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था के संधारण, अवैध उत्खनन के रोकथाम व शराब बंदी पर रोक लगाने के लिए गया जिला के बोधगया अनुमंडल अन्तर्गत सिन्धुगढ़ थाना का सृजन किया गया है। स्वतंत्र कार्यक्षमता ओपी को थाना का दर्जा मिलने से वह स्वतंत्र रूप से कार्य करने में समर्थ हो जाता है, जिससे प्राथमिकी दर्ज करने में आसानी होती है। अपराध नियंत्रण में सुधार थाना बनने से अपराध और अपराधियों पर अधिक प्रभावी ढंग से अंकुश लगाया जा सकता है। विधि-व्यवस्था में स्थिरता ओपी का थाना में उन्नयन से क्षेत्र में विधि-व्यवस्था को बनाए रखने में बेहतर मदद मिलती है। जन सुविधा में वृद्धि थाना का दर्जा मिलने से स्थानीय निवासियों को पुलिस सेवाओं का लाभ उठाने में सुविधा होती है, और उनकी परेशानियां कम होती हैं।

### लोकसभा चुनाव को लेकर जिला पुलिस अलर्ट, फतेहपुर सीमावर्ती इलाकों का एसएसपी ने किया निरीक्षण



**गया।** गया जिले के झारखंड सीमा से सटे लगने वाले फतेहपुर थाना क्षेत्र में आज बुधवार को वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती ने आगामी लोकसभा चुनाव के 2024 के मद्देनजर विशेष तैयारियों को लेकर फतेहपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत गया जिले के सीमावर्ती इलाकों का जायजा लिया। झारखंड राज्य के कोडरमा और हजारीबाग जिलों से फतेहपुर का सीमावर्ती इलाका आते हैं। सशस्त्र सीमा बल के सहयोग से विस्तृत निरीक्षण किया गया। एसएसपी ने झारखंड राज्य के कोडरमा और हजारीबाग जिलों से लगते हैं, सशस्त्र सीमा बल के सहयोग से विस्तृत निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य चुनावी प्रक्रिया को सुचारु, भयमुक्त और निष्पक्ष ढंग से संपन्न करने के लिए सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करने को लेकर किया गया था। एसएसपी आशीष भारती ने बताया लोकसभा चुनाव को लेकर आज बुधवार को जिले के फतेहपुर थाना क्षेत्र के सीमावर्ती इलाके का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर स्थानीय पुलिस बल से भी बातचीत करते हुए आवश्यक विधि व्यवस्था को लेकर कई दिशा निर्देश भी दिए गए। एसएसपी आशीष भारती ने बताया फतेहपुर का सीमावर्ती इलाका झारखंड के कोडरमा और हजारीबाग जिले से लगता है। जिसको लेकर निरक्षण किया गया।

### सीसीटीवी फुटेज सार्वजनिक करें पुलिस, रविदास जयंती की रात दो पक्षों के बीच हुई झड़प मामला

**गया।** बीती 25 फरवरी की रात विष्णुपद थाना क्षेत्र के घुघरीटांड़ में रविदास जयंती सांस्कृतिक समारोह के बीच दो पक्षों के बीच हुई जबरदस्त झड़प और फिर पुलिस की कार्रवाई के खिलाफ अब लोग लामबंद होने लगे हैं। यही नहीं इसमें अब सियासत भी शुरू हो गई है। समता मूलक संग्राम दल ने पुलिस के खिलाफ मोर्चा खोलने का ऐलान किया है। दल का आरोप है कि पुलिस ने उनके समाज के लोगों के साथ बर्बरता पूर्ण व्यवहार किया है। 17 युवकों को घटना की रात ही घरों में घुस कर जबरन उठा कर पुलिस ले गई है।



जबकि समाज के लोगों और उनके द्वारा किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई है। दल के नेता मनोज कुमार भारती ने मांग की है कि यदि उनके समाज के लोग दोषी हैं तो उसका सीसीसीटीवी फुटेज जिसे पुलिस ले गई है उसे गांधी मैदान में सार्वजनिक करें। ताकि जिले के हर व्यक्ति को पता चले के दोषी कौन है। दरअसल, 25 फरवरी की रात समाज विशेष की ओर से रविदास जयंती मनाई जा रही थी। इस मौके पर देर शाम सांस्कृतिक कार्यक्रम भी चल रहा था। इसी बीच दो पक्षों के बीच झड़प हो गई और रोड़ेबाजी भी शुरू हो गई। इस घटना की सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंची। पुलिस का कहना है कि उनके ऊपर भी जानलेवा हमले की कोशिश की गई। इस पर पुलिस ने सख्त रुख अख्तियार किया था और 17 युवकों को उसी रात गिरफ्तार कर लिया था और अगले दिन कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया था। इस घटना से समाज विशेष में पुलिस के प्रति खासा आक्रोश है। समाज के नेताओं की ओर से चेतावनी दी गई है कि उनके साथ न्याय नहीं हुआ तो वे सड़कों पर उतर कर अपनी आवाज बुलंद करेंगे।

# डंपिंग यार्ड के विरोध में सीपीआई-माले का मार्च

## जहरीली धुआं से परेशान ग्रामीणों ने किया डीएम का घेराव, अनिश्चितकालीन धरना की चेतावनी

निज संवाददाता। नालंदा

बिहारशरीफ प्रखंड के दीपनगर स्थित कोसुक और चकरसलपुर गांव में बनाए गए डंपिंग यार्ड में फेंके जा रहे शहर से निकलने वाली कूड़ा कचरा और जलाने पर निकलने वाली जहरीली धुआं निकल रहा है। जिससे परेशान आधा दर्जन से अधिक गांव के ग्रामीणों ने गुरुवार को सीपीआई माले के बैनर तले दीपनगर से विरोध मार्च निकाल कर समाहरणालय पहुंचे जहां डीएम का घेराव करते हुए जमकर नारेबाजी की। विरोध मार्च का नेतृत्व कर रहे शिव बालक यादव उर्फ सरदार जी ने बताया कि पिछले एक माह से कोसुक, लखरावां, सिपाह, पचौड़ी




, राणाबीघा समेत आधा दर्जन गांव के ग्रामीण डीएम, नगर आयुक्त और अन्य पदाधिकारी को आवेदन देकर यहां पर कूड़ा कचरा नहीं फेंकने की मांग करते करते थक गए हैं। पर किसी अधिकारी ने कोई सुध नहीं ली। इस कारण करीब 25 हजार से अधिक की आबादी प्रभावित हो रही हैं। अक्सर यहां फेंके जाने वाले कचरा में आग लगा दिया जाता है। जिससे निकलने वाली जहरीली धुआं से बच्चे और बूढ़े ही नहीं युवा भी कई तरह की गंभीर बीमारी से ग्रसित हो रहे हैं। यही नहीं मरे हुए जानवरों को भी पंचाने नदी के किनारे फेंक दिया जाता है। जिसके दुर्गंध से इलाके में रहना भी मुश्किल हो गया है। अगर अविलंब उस जगह पर कूड़ा कचरा फेंकना बंद नहीं किया गया तो हम लोग राजगीर बिहारशरीफ मार्ग पर अनिश्चितकालीन धरना पर बैठ जायेंगे। दरअसल, पिछले 1 महीने मे डंपिंग यार्ड में कई बार अगलगी की घटना हो चुकी है। जिसके कारण निकलने वाले धुंए से आसपास के लोगों की परेशानी बढ़ गई है।

# ओपीडी सेवा बंद होने से मरीज हुए परेशान

निज संवाददाता। गया

गया में मगध मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल में एक डॉक्टर रोहित दुबे ने एक जूनियर डॉक्टर के साथ छेड़खानी थी। कार्रवाई की मांग को लेकर आज ओपीडी में कार्य बंद था। जूनियर डॉक्टर हड़ताल पर चले गए। इंटर्न छात्रा से छेड़खानी के बाद आरोपी रोहित दुबे अस्पताल में परिसर में घूमता देखा गया। जिसके बाद आक्रोशित छात्र-छात्राएं उसे पकड़कर प्राचार्य अर्जुन चौधरी के कार्यालय में ले गए। मौके पर मगध मेडिकल थाना के इंस्पेक्टर शैलेश कुमार, डीएसपी खुर्शीद आलम समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद हैं। अब देखना है कि क्या कार्रवाई होती है। बुधवार को जूनियर डॉक्टर प्राचार्य और अधीक्षक के कार्रवाई के आश्वासन के बाद कार्य पर लौट गए थे लेकिन, आज आरोपी रोहित दुबे को घूमता देख गया। थाना अध्यक्ष ने बताया रोहित दुबे के खिलाफ किसी प्रकार की लिखित शिकायत नहीं मिली है। जूनियर डॉक्टर प्रेसिडेंट




अंकित रंजन का कहना है कि यहां आए दिन ऐसी घटनाएं होती हैं पूरा मुद्दा सुरक्षा पर है। लेकिन हम लोगों को यहां से सिर्फ आश्वासन मिल रहा है। जब तक लिखित रूप से कुछ नहीं दिया जाएगा तब तक ओपीडी बंद रहेगा।

**24 फरवरी का है मामलाः** जूनियर डॉक्टर प्रेसिडेंट अंकित रंजन ने बताया 24 फरवरी की देर रात 2 बजकर 40 मिनट के करीब डॉ. रोहित दुबे नशे में धुत्त था। उसके साथ दो-तीन लड़के और थे। सभी ने शराब पी रखी थी। ऑन ड्यूटी दो जूनियर डॉक्टर के साथ बदसलूकी करने लगे। उस वक्त छात्राओं की सुरक्षा के लिए कोई भी गार्ड नहीं था। दोनों छात्राएं किसी तरह भाग निकली।

# बाइक चोर गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

निज संवाददाता। गया

गया जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में घर में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले चोर गिरोह के सदस्य को पुलिस ने पकड़ा है। पकड़ा गया चोर पटना सिटी का रहने वाला है। नशे में धुत्त था। पुलिस को उसने अपना नाम रफीक बताया है। चोर गिरोह के सदस्य बीते एक सप्ताह से जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में सक्रिय थे। चोर के पास से दो बाइक भी जब्त की गई है। पुलिस फिलहाल आरोपी से पूछताछ में जुटी है।

**पड़ोसी ने शोर मचा दिया थाः** पुलिस के अनुसार उत्तरी लखिबाग में विनय चौहान के घर की छत पर चढ़ रहा। इसी दौरान किसी पड़ोसी ने देख लिया था। शोर मचाने पर मोहल्ले के लोगों ने घेराबंदी की और



पुलिस को सूचना दी। इस बीच चोर छत से भाग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से कुछ दूर एक लावारिस बाइक बरामद की। जिसके बाद इलाके में जांच शुरू कर दी गई। इसी बीच गोरी कन्या उच्च विद्यालय के पास से रफीक को गिरफ्तार कर लिया गया। मुफस्सिल थानाध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद ने बताया कि चोर पकड़ा गया है। पर उससे डिटेल जानकारी ली जानी है। पूरी जानकारी लिए जाने के बाद ही आगे की विस्तार से जानकारी दी जा सकती है।

## 85 प्रतिशत मुसलमान देशज, शेष बाहरी, दानिश इकबाल ने कहा-

# भाजपा के प्रति मुसलमानों का वोटिंग ट्रेंड 8 से 10 प्रतिशत ही है

निज संवाददाता। गया

भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रदेश के मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल का कहना है कि देश के 85 प्रतिशत मुसलमान देशज हैं। शेष 15 प्रतिशत मुसलमान बाहरी हैं। उन्होंने ने ही इस देश के अंदर पूर्व से लेकर अब तक नरेटिव सेट किया है। लेकिन आने वाले समय में बदलाव दिखने वाला है। वोट प्रतिशत ट्रेंड में काफी बढ़ोतरी नजर आएगी। यह बातें भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल ने गुरुवार को गया में कहीं। उनसे पूछा गया था कि भाजपा के प्रति मुसलमानों का वोटिंग ट्रेंड महज 8 से 10 प्रतिशत ही है। यह बीते दस सालों से चला आ रहा है। दानिश इकबाल ने आगे कहा कि 15 प्रतिशत मुसलमान जो बाहरी हैं।

वे आज भी अपने नाम के आगे बुखारी, ओवैसी आदि लगाते हैं। इन्हीं लोगों ने देश के अन्य मुसलमानों के बीच हर अहम मौके पर नरेटिव सेट कर उनके ऊपर शासन किया है। उन्होंने कहा कि पसमंदा मुसलमान जो 85 प्रतिशत हैं। उनके साथ यही होता रहा है। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पसमंदा के हित में बढ़




चढ़ कर काम किया जिसका परिणाम आनेवाले लोकसभा चुनाव में वोटिंग प्रतिशत में इजाफा के रूप में नजर आएगा। दरअसल दानिश इकबाल गया भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करने आये थे। इस मौके पर उन्होंने बताया कि भाजपा आने वाले लोकसभा चुनाव के पूर्व नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए कार्य और पार्टी प्रचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस दौरान पार्टी के लोग बुद्धिजीवियों से यह भी राय लेगी की वे क्या चाहते हैं।

## भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सुहेली मेहता पहुंची नालंदा, कहा-

# मंत्रीमंडल विस्तार पर मुख्यमंत्री का हैं विशेषाधिकार

निज संवाददाता। नालंदा

भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता सुहेली मेहता गुरुवार को बिहार शरीफ पहुंची। जहां भाजपा नेता प्रफुल्ल पटेल के आवासीय कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर संकल्प पत्र एवं एनडीए सरकार की उपलब्धियां को बताया। प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत, विश्व मित्र भारत की कल्पना साकार हो रही है। अन्य पार्टियों को छोड़ भाजपा जॉइन करने वाले विधायकों के सवाल पर प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी नेताओं का आदर करती है। कार्यकर्ताओं का आदर करती है जो एक राजनीतिक प्रतिष्ठा है वह देती है। और देश में नरेंद्र मोदी जी का जो काम है जो देश की प्रतिष्ठा उन्होंने विश्व में बढ़ाई है। उसको देखते हुए सभी पार्टी के विधायकों को लगता है कि यहां आकर हमारा एक राजनीतिक उद्देश्य है देश को विकसित बनाने का वो पूरा हो




सकता है। निश्चित रूप से राष्ट्रीय जनता दल क्या सभी पार्टियों से लोग आ रहे हैं। मंत्रिमंडल विस्तार पर प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री को विशेषाधिकार है कि वह कब मंत्रिमंडल का विस्तार करते हैं।

**संकल्प पत्र रस्मअदायगी नहींः** 2014 में संकल्प पत्र में शामिल 530 में से 529 यानी 99.99% जनआकांक्षाएं पूरी की गई है। इसी प्रकार 2019 में भाजपा के संकल्प पत्र में शामिल 234 में से 222 यानी 95 फीसदी वादे पूरे किए गए हैं। भाजपा के लिए संकल्प पत्र केवल चुनावी रस्मअदायगी नहीं बल्कि जनआंकांक्षाओं को पूरा करने का संकल्प का दस्तावेज होता है।

**वीडियो वैन के माध्यम से संवाद और सुझाव का होगा कार्यः** लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा पूरी तरह से तैयार है वीडियो वैन के जरिए इस बार प्रदेश के सभी 40 लोकसभा क्षेत्र में भाजपा जनता के बीच जाएगी और उनसे संवाद करके उनका सुझाव लेगी। भाजपा ने राष्ट्रीय स्तर पर 26 फरवरी 2024 को अपना संकल्प पत्र सुझाव अभियान लॉन्च कर दिया है। इसके तहत भाजपा की वीडियो वैन लोगों के बीच जाएगी और 15 मार्च तक 1 करोड़ से अधिक सुझाव लेकर आएगी। जिन्हें भाजपा अपने घोषणा पत्र में शामिल करेगी। इसके साथ ही यह वन भाजपा सरकार द्वारा किए गए कार्यों और भारत को एक विकसित देश बनाने के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण से भी जनता को अवगत कराएगी। भाजपा देश के सभी लोकसभा क्षेत्र में वीडियो वन की माध्यम से लोगों को मोदी सरकार के कार्यों के बारे में जानकारी देगी। इस अभियान के दौरान नमो ऐप से सुझाव देने की प्रक्रिया बताई जाएगी।

**250 स्थानों पर विभिन्न कलाकारों से होगा संवादः** राज्य के अधिकांश हिस्सों में वीडियो वैन के माध्यम से लगभग 250 स्थानों पर हम समाज के विभिन्न कलाकारों के साथ संवाद करेंगे और उनके सुझावों का भी अपने संकल्प पत्र में समावेश करेंगे। इसके अलावा मिस्ड कॉल से भी सुझाव प्राप्त किए जाएंगे। इसके लिए भाजपा द्वारा एक विशेष नंबर 9090902024 जारी किया गया है। इसके अलावा नमो ऐप में एक अलग सेक्शन है। जिसके बारे में विस्तृत जानकारी भी वीडियो वैन के माध्यम से दी जाएगी। भारतीय जनता पार्टी का संकल्प है कि जनता की आकांक्षाएं पार्टी तक पहुंचे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में अगले 5 वर्षों में हमारी सरकार उन जनआकांक्षाओं को पूरा करें। इस मुहिम में जन भागीदारी को रेखांकित करते हुए भाजपा का संकल्प है कि हर तरीके से जनता जनार्दन की आकांक्षाएं हम तक पहुंचे और हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2024 से अगले 5 वर्षों में उन आकांक्षाओं को पूरा करें। इस मौके पर प्रेस वार्ता में जिला महामंत्री शैलेन्द्र कुमार, भाजपा नेता प्रफुल्ल पटेल,रीना कुमारी, जिला उपाध्यक्ष राजेश्वर प्रसाद सिंह,जिला मंत्री डा अशुतोष कुमार, जिला प्रवक्ता धीरेंद्र रंजन, जिला मीडिया सह प्रभारी अमरेश कुमार, धीरज पाठक, सोनू कुमार हिंदू,ललन पासवान,अनिल पटेल, श्रवण कुमार, प्रवीण कुशवाहा, सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### दो दिन से लापता 2 बच्चे पटना से बरामदघर से कोचिंग जाने के लिए निकले थे

**गया।** गया जिले के परैया थाना क्षेत्र अंतर्गत परैया बजार से लापता दो बच्चे पटना से बरामद हो गए हैं। दोनों की बरामदगी सकुशल हो गई है। इसकी सूचना स्थानीय पुलिस के माध्यम से परिजनों को मिली है। सूचना मिलते ही उज्जवल और सूर्य प्रताप के परिजन दोनों को लाने पुलिस के साथ पटना के लिए रवाना हो गए हैं। दोनों कल से कहां थे और किस हालत में पटना पहुंचे, इसका खुलासा फिलहाल नहीं हो सका है। हालांकि दोनों बच्चों की बरामदगी की सकुशल की गई है। मंगलवार को नगीना कुमार सिंह का 8 वर्षीय पुत्र सूर्य प्रताप और परैया के ही राजीव कुमार का पुत्र उज्ज्वल कुमार (9) परैया बाजार में कोचिंग पढ़ने गए थे। कोचिंग पढ़ने के बाद दोनों घर नहीं पहुंचे। कोचिंग संचालक ने परिजनों को बताया, दोनों कोचिंग से पढ़कर घर जाने के लिए निकल गए थे। परिजनों ने काफी खोजबीन की। पर कुछ पता नहीं चला। मंगलवार की रात परैया थाना में परिजनों ने आवेदन दिया। जिसके बाद पुलिस जांच में जुट गई थी। दोनों बच्चो के पटना में होने की खबर उज्जवल के पिता राजीव कुमार ने दी है।

# गया में स्वरोजगार के लिए सबसे अधिक कर्जदार

निज संवाददाता। गया

गया जिले के लोगों को सबसे अधिक लोगों को कर्ज चाहिए। कर्ज के आवेदन देने वालों में पूरे प्रदेश में गया जिला ही अव्वल आया है। इसके बाद ही अन्य जिलों का नम्बर है। ये जानकारी जिला प्रशासन की तरफ से है। डीएम डॉ. त्यागराजन ने बताया कि मुख्यमंत्री लघु उद्यमी योजना के तहत लोगों से आवेदन मांगे गए थे। उसी प्रक्रिया के तहत 15,000 आवेदन सम्बन्धित विभाग को मिले हैं। योजना का लाभ लेने वाले अपने हुनर के मुताबिक स्वरोजगार स्थापित करेंगे।

**वेरिफिकेशन होना अभी शेष हैः** डीएम डॉ त्यागराजन ने बताया कि अब तक 15 हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं। बड़ी संख्या में लोगों ने स्वरोजगार की इच्छा जताई है। उन्होंने बताया कि अभी आवेदनों की स्क्रूटनी बाकी है। फिजिकल वेरिकेशन भी बाकी है। इसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि आवेदन देने वालों में से बड़ी संख्या में आवेदकों के प्रोजेक्ट प्रशंसनीय है। वे बेहतर प्रोजेक्ट की बदौलत खुद को स्टैबलिश करने की कोशिश में हैं। यह अच्छी बात है। लेकिन उनका वेरिफिकेशन होना अभी शेष है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री लघु उद्यमी योजना के तहत दो लाख रुपए के ऋण दिए जाने का प्रावधान है। इस ऋण से कोई भी बेरोजगार अपना खुद का रोजगार स्थापित कर सकता है। बेहतर कार्य करने वालों को आगे भी सरकार की ओर अन्य योजनाओं के तहत मदद की जाएगी।

# नालंदा के सभी थाना को मिला सर्वश्रेष्ठ थाना का अवार्ड

## केंद्रीय गृह मंत्रालय के द्वारा किया गया सम्मानित, पूर्व के डीएसपी और थानेदार का योगदान

निज संवाददाता। नालंदा

भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने सारे थाना को वर्ष 2023 के सर्वश्रेष्ठ थाना घोषित किया है। पुलिस सप्ताह के मौके पर पटना में आयोजित कार्यक्रम में सारे थानाध्यक्ष धर्मेश कुमार गुप्ता ने डीजीपी के हाथों सम्मान ग्रहण किया। थाने की बेहतर कार्यशैली का इनाम मिला है। नालन्दा एसपी अशोक मिश्रा ने बताया कि थाना में बेहतर व्यवस्था व अन्य मानकों पर खरा उतरने पर यह अवॉर्ड दिया गया है। इसका श्रेय पूर्व डीएसपी डॉ. शिब्ली नोमानी, पूर्व थानाध्यक्ष नदीम अख्तर, अभिषेक प्रताप सिंह का हैं। उन लोगों का बहुत बड़ा योगदान है।

**कई प्रणालियों पर उतरना होता है खराः** वर्तमान थानाध्यक्ष को सदर डीएसपी नुरुल हक व अन्य अधिकारियों ने बधाई दी है। एसपी ने बताया कि देशभर के थानों की कार्यप्रणाली का फीडबैक अलग-अलग टीम गुप्त रूप से व आमलोगों से लेती है। थाने में पहुंचने वाले फरियादियों से पुलिसकर्मियों का व्यवहार, थाने में दर्ज मुकदमों




का अनुसंधान, पुलिसकर्मियों की कार्यप्रणाली, थाना में साफ-सफाई, पुलिस की उपलब्धता समेत अन्य बिंदुओं पर सर्वे कर टॉप थानों का चुनाव किया जाता है।

**पिछले वर्ष इस थाना को मिला था अवार्डः** पिछले वर्ष गृह मंत्रालय के द्वारा यह खिताब अरवल जिला को मिला था। केंद्रीय गृह मंत्रालय हर साल देश भर के थानों का सर्वे कर देश के टॉप 10 और हर राज्य के सर्वश्रेष्ठ थाने की सूची जारी करता है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com

ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper



## संक्षिप्त समाचार

### आज आएंगे विरोधी दल के नेता तेजस्वी यादव, नुक्कड़ सभा को करेंगे संबोधित

**सिमरीबख्तियार**। एनएच 327ए से सरायगढ़ रेलवे जंक्शन जाने वाली सड़क जर्जर, मरम्मत की मांग जन विश्वास यात्रा के दौरान विरोधी दल के नेता सह पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव सड़क मार्ग से सिमरीबख्तियारपुर गुरुवार को पहुंच रहे हैं। उनके आगमन को लेकर स्वागत हेतु राजद कार्यकर्ता जोर शोर तैयारी में लगे हुए हैं । उनके आने वाले मार्ग सोनवर्षा कचहरी - सिमरीबख्तियारपुर सड़क मार्ग में तोरण द्वार बनाए जा रहे हैं । राजद महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव शगुफ्ता प्रवीण ने बताया कि उनके नेता तेजस्वी यादव के आगमन को लेकर तैयारी जोर-शोर से चल रही है । जिसके मद्देनजर सिमरी बख्तियारपुर बगरौली सड़क मार्ग में हुसैनचक चौक तक दर्जनों तोरण द्वार बनाए जा रहे हैं । विरोधी दल नेता तेजस्वी यादव सोनवर्षा कचहरी के रास्ते सड़क मार्ग से हुसैनचक चौक पहुंचेंगे जहां उनका नुक्कड़ सभा किया जाना है । जिसे लेकर क्षेत्र भर में प्रचार प्रसार कर उनके नुक्कड़ सभा में शामिल होने के लिए लोगों से अपील की जा रही है । बताते चलें कि सहरसा में विभिन्न कार्यक्रम करते हुए विरोधी दल नेता सह पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव सोनवर्षा कचहरी के रास्ते हुसैनचक चौक पहुंचेंगे जहां नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए सिमरी बख्तियारपुर स्टेट मैदान पहुंचकर नुक्कड़ सभा को संबोधित करेंगे । उसके उपरांत रानीबाग सड़क मार्ग के रास्ते सोनवर्षा राज की ओर रवाना हो जाएंगे । राजद विधायक युसुफ सलाउद्दीन स्वयं कार्यक्रमों का मॉनिटरिंग कर रहे हैं । सरायगढ़-भपटियाही | एनएच327ए से सरायगढ़ रेलवे जंक्शन जाने वाली सड़क जर्जर है। जिस कारण राहगीरों व वाहन चालकों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सरायगढ़ जंक्शन जाने वाली सड़क कई वर्षों से जर्जर है। जबकि यह सड़क ट्रेन से आवागमन करने वाले यात्रियों एवं स्थानीय लोगों के आने-जाने का मुख्य रास्ता है। इस सड़क से प्रतिदिन सैकड़ों वाहनों का परिचालन होता है। सरायगढ़ रेलवे स्टेशन से सुपौल, सहरसा, दरभंगा व पटना के लिए ट्रेन खुलती हैं। लेकिन उबड़-खाबड़ व जर्जर सड़क से रात के अंधेरे में यात्री आए दिन चोटिल होते रहते हैं। इस सड़क की लंबाई करीब एक किलोमीटर है। लेकिन विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के कारण सड़क मरम्मत कार्य नहीं हो पा रहा है।

### बक्सर-टाटा एक्स. के लिए स्टेशन पर 560 मी. लम्बा क्विक वाटरिंग सिस्टम बन रहा

**बक्सर**। आरा-टाटा एक्सप्रेस ट्रेन के बक्सर तक विस्तार को लेकर अब क्विक वाटरिंग सिस्टम की पहल शुरू कर दी गई है। ताकि बक्सर स्टेशन से खुलने वाली बक्सर-टाटा एक्सप्रेस (18184)में पेयजल के भरने से लेकर साफ-सफाई आदि का कार्य सुगमता से हो सके। प्लेटफार्म नम्बर 3 के रेलवे ट्रैक के बगल में करीब 560 मीटर लंबी वाटर सप्लाई पाइप का कनेक्शन का कार्य हो रहा है। जिसमें 45 से 50 जगहों पर गेट वाल्ब को कनेक्ट किया जा रहा है। जिसके माध्यम से प्लास्टिक पाइप के जरिए ट्रेनों की बोगियों में पानी भरा जाएगा। रेलवे के एसएसई राजेश उपाध्याय ने बताया कि इस कार्य को तेजी से कराया जा रहा है। ताकि उक्त ट्रेन को यहां से चलाने में सुविधा हो। बता दें कि लंबे समय से बिहार के बक्सर को झारखंड से जोड़ने के लिए ट्रेनों के विस्तारिकरण की मांग उठती रही। इसके लिए न केवल बक्सर बल्कि झारखंड में रह रहे लोग भी इस मांग पर सहमति जताते रहें। नतीजतन आरा-टाटा एक्सप्रेस ट्रेन का बक्सर तक विस्तार करने की योजना पर मुहर लग गई है। हालांकि इस ट्रेन को यहां से चलाने को लेकर ट्रीट वाटरिंग एरेजमेंट सिस्टम का होना जरूरी है। जिसके लिए बक्सर में कार्य शुरू कर दिया गया है। बक्सर रेलवे स्टेशन पर क्विक वाटरिंग सिस्टम से लैस करने को लेकर रेलवे ने निविदा निकाल चुकी है। जिसके अंतगर्त एक करोड़ 19 लाख की राशि से बनाया जाएगा। इसके बनने के बाद यहां 24 डिब्बों वाली एक ट्रेन में पूरी तरह पानी खाली होने पर 10 मिनट के अंदर पानी खाली होने पर भरा जाएगा। कैमटेक डिजाइन के अनुसार क्विक वाटरिंग सिस्टम का इंस्टॉलेशन होगा। इसके लिए उक्त राशि का अनुमानित किया गया है। इस प्रक्रिया को पूरा करने की बात बताई जा रही है। जिसके अनुसार यह कार्य भी समयानुसार किया जाएगा। पानी की बर्बादी से होगा बचाव इस प्रणाली से पानी की बर्बादी होने से बचाव हो सकेगा। सबसे अच्छा होगा कि कम से कम समय में ट्रेन के कोचों में पानी भरा जाएगा और साफ-सफाई जैसे कार्य भी आसानी से होंगे। मोबाइल से सिस्टम हो जाएगा ऑन : रेलवे ने क्विक वाटरिंग सिस्टम को स्मार्ट फोन से कनेक्ट कर दिया है। इससे पर्यवेक्षकों के साथ साथ कर्मचारियों की भाग दौड़ कम हो जाती है।



### 1.61 अरब का बजट पारित, 35.45 करोड़ लाभ का अनुमान

**बक्सर**। नगर परिषद कार्यालय के सभागार में बुधवार को वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट को लेकर बैठक हुई। इस बजट से नगर परिषद क्षेत्र की तस्वीर बदलने की पूरी संभावना है। बैठक की अध्यक्षता नगर परिषद की चेयर पर्सन कमरून निशा ने की। बजट को लेकर शुरू हुई बैठक में मौजूद पार्षदों ने अपने वार्डों की विभिन्न समस्याओं को गिनाया। बोर्ड में लाए गये बजट पर पहले बहस हुई, फिर सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस बजट में शहर की तमाम नागरिक सुविधाओं का ख्याल रखा गया है। साफ-सफाई, स्वच्छ नगर, बीमारियों के रोकथाम, इंफ्रास्ट्रक्चर एवं नागरिक सुविधाओं को विशेष रूप से शामिल किया गया है। बैठक में लगभग सभी वार्डों के पार्षद मौजूद थे। बैठक में नगर परिषद की ईओ प्रेम स्वरूपम ने बजट के रूपरेखा से पार्षदों को अवगत कराया। 1.61 अरब पारित बजट में अनुमानित राजस्व व्यय के लिए 70 करोड़ 1 लाख 52 हजार 5 सौ 85 रुपये का उपबंध किया गया है। इसके अलावा अनुमानित पूंजीगत व्यय के लिए 91 करोड़ 59 लाख 68 हजार 1 सौ 76 रुपये, स्थापना व्यय मद के अंतर्गत 11 करोड़ 23 लाख 41 हजार 3 सौ 35 रुपये तथा प्रशासनिक व्यय के अंतर्गत 3 करोड़ 7 लाख 19 हजार 6 सौ 88 रुपये का प्रावधान किया गया है। परिचालन एवं संरक्षण मद के अंतर्गत यथा कचरा संग्रहण, वार्डों की साफ-सफाई, बिजली व इंधन, मरम्मत एवं रख-रखाव, इंफ्रास्ट्रक्चर संपत्ति, नागरिक सुविधा, इमारतें, वाहन आदि के रख-रखाव के लिए 39 करोड़ 36 लाख72 हजार 8 सौ 13 रुपये का उपबंध बजट में किया गया है। वहीं कार्यक्रम संबंधित व्यय मद के तहत संक्रामक रोगों से बचाव एवं रोकथाम, फॉगिंग, प्राकृतिक आपदा से बचाव, स्वच्छ शहर के लिए विशेष अभियान, छठ पूजा, दीपावली, दुर्गा पूजा, शब ए बरात समेत अन्य त्योहार आदि के लिए, पियाऊ, कंबल वितरण आदि में 16 करोड़ 34 लाख 8 हजार 7 सौ 50 रुपये का प्रावधान किया गया है। शहरी गरीबों के लिए आधारभूत सेवाओं को लेकर कर्णांकित की गई राशि 67 करोड़ 89 लाख 89 हजार 8 सौ 71 रुपये का उपबंध किया गया है। सर्वसम्मति से 1.61 करोड़ का पारित हुआ बजट आयोजित बोर्ड की बैठक में सर्वसम्मति से 1 अरब 61 करोड़ 61 लाख 52 हजार 5 सौ 85 रुपये का अनुमानित बजट पारित किया गया। नप की ईओ ने बताया कि इसमें राजस्व एवं पूंजीगत अनुमानित आय 1 अरब 97 करोड़7 लाख 7 हजार 5 सौ 79 रुपये संभावित है। बैठक में शामिल थे सभी वार्डों के पार्षद : बजट को लेकर आयोजित बैठक में नगर परिषद की उप चेयर पर्सन इशरत बानो, सशक्त स्थायी समिति के सदस्य इंद्र प्रताप सिंह, राजू कुमार राय, मनोज कुमार, अंजु सिह, दिलीप कुमार के अलावा पार्षद रिंकी गुप्ता, राजकुमारी देवी, अजय कुमार, पुष्पा कुमारी, दीपक सिंह, शकुंतला रेखा कुमारी, संतोषी देवी, उषा देवी, सपना कुमारी, सहबाज अख्तर, सरिता देवी, हिटलर कुमार सिंह, मेहरून खातुन, आरती कुमारी, गुड्डु कुमार, मनोज कुमार, चक्रवर्ती चौधरी, जगदीश कुमार, रंजीत कुमार श्रीवास्तव, बृज किशोर उपाध्याय, तमन्ना खातुन, बैजनाथ मिश्रा, चंदन कुमार पाठक समेत सभी वार्डों के पार्षद मौजूद थे।




# पेशी के लिए पहुंचे आरा कोर्ट में हत्या के आरोपी पर फायरिंग, गंभीर

निज संवाददाता | आरा



आरा सिविल कोर्ट में बदमाशों ने गुरुवार को एक नामजद आरोपी गोपाल चौधरी (62) को गोली मार दी। अपराधियों ने ताबड़तोड़ 5 राउंड फायरिंग की। इसमें से एक गोली उसके कान के पास लगी है। गोली लगते ही वो जमीन पर गिर गया। गंभीर हालत में उसे प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्हें फौरन अस्पताल पहुंचाया गया। घायल की स्थिति गंभीर बनी हुई है। गोपाल चौधरी 2016 में हेमंत चौधरी हत्याकांड में नामजद था। आज गुरुवार को सिविल कोर्ट में तारीख पर आया था। इसी दौरान अपराधियों ने गोपाल चौधरी पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसानी शुरू कर दीं। इसके बाद हथियार लहराते हुए भाग गए। 3 मई 2016 को कुख्यात रंजीत चौधरी के बड़े हेमंत चौधरी की पंचायत चुनाव के प्रचार के दौरान गोली मारकर हत्या की गई थी। इस मामले में भूटान चौधरी का भतीजा दीपू चौधरी मुख्य आरोपी था। पुलिस ने जख्मी गौतम चौधरी, रवि चौधरी, वर्तमान मुखिया मंजू चौधरी को जेल भेजा था। इस हत्या के पीछे पुरानी दुश्मनी बताई जा रही थी। इसी का बदला लेने के लिए आज फायरिंग की गई। गोपाल चौधरी के बेटे ने बताया कि आज एक केस में तारीख थी। जिसके लिए हम लोग आरा सिविल कोर्ट आए थे। तारीख में आने के बाद कोर्ट से बाहर निकलकर घर जाना था। जैसे ही कोर्ट के गेट के बाहर निकले। वैसे ही कुछ लोग बाइक से आए और गोलियां चलानी शुरू कर दी। जिसमें गोपाल चौधरी को गोली लग गई। एसपी भोजपुर और एसडीएम दोनों ही आरा सिविल कोर्ट पहुंचकर मामले की जांच कर रहे है।

**ताबड़तोड़ गोलियां चलाते हुए भागे बदमाश**

## मतदाता जागरूकता को लेकर छात्र-छात्राओं ने निकाली रैली




निज संवाददाता | बक्सर

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने गुरुवार को मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्वीप कार्यक्रम के तहत यह रैली समाहरणालय परिसर से ज्योति चौक तक गई। इसमें बच्चों ने निर्वाचन संबंधित तख्तियां एवं पोस्टर के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। इसके साथ छात्र-छात्राओं ने स्लोगन से आम नागरिकों को जागरूक करने का प्रयास किया। वहीं जिला पदाधिकारी ने लोकसभा निर्वाचन के महत्व को बताया और सभी से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। इसके अलावा वोटर सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया है, जहां मतदाता अपनी सेल्फी शेयर कर लोगों को जागरूक कर सकते है। मौके पर उप विकास आयुक्त बक्सर, जिला शिक्षा पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला जन संपर्क पदाधिकारी, अवर निर्वाचन पदाधिकारी, एनसीसी कैडेट, केंद्रीय विद्यालय के छात्र और छात्राएं मौजूद थे।

# तीन दिन से लापता युवक का मिला शव, पूजा में शामिल होने घर से निकला था

निज संवाददाता | आरा



भोजपुर जिले में लापता युवक का शव तीसरे दिन बरामद हुआ है। उसका शव तरारी थाना क्षेत्र के बंधवा गांव स्थित पोखरे से मंगलवार को बरामद हुआ है। शव मिलने से लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृतक तरारी थाना क्षेत्र के बंधवा गांव निवासी सुशील राम का 27 वर्षीय पुत्र जदू राम है और वह पेशे से मजदूर था। मृतक के भाई टुनटुन राम ने कहा कि 24 फरवरी की रात वह रविदास पूजा को लेकर गांव में ही स्थित पोखरा के समीप गया था। जहां उसने नाच-गाना किया। इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटा। मंगलवार को जब परिजन गांव में स्थित पोखरा के समीप गए तो उसका स्वेटर पड़ा देखा। जिसके बाद गांव के करीब तीस लड़के पोखर में घुसे और खोजबीन की।

**ग्रामीणों के सहयोग से मिला शव**: स्थानीय ग्रामीणों के प्रयास के बाद उसका शव पानी से बाहर निकल गया। परिजनों ने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में कराया। बताया जाता है कि मृतक अपने 6 भाई व दो बहनों में दूसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां विमला देवी, पत्नी प्रमिला देवी व एक पुत्र मजनू और एक पुत्री कुमकुम है। मृतक की मां विमला देवी, पत्नी प्रमिला देवी और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

**गांव के पोखर के पास युवक का मिला स्वेटर**



# बंझू डेरा गांव में मंदिर से चोरी एमप्लीफायर बरामद

## 7 पर नामजद एफआईआर, 4 महिला गिरफ्तार, 3 पुरूष फरार

निज संवाददाता | बक्सर

डुमरांव थाना क्षेत्र के बंझू डेरा गांव में पुलिस ने एक घर से काफी मात्रा में चोरी का सामान बरामद किया है। मामले में पुलिस ने 7 के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कर 4 महिला अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। वहीं 3 पुरुष अभियुक्त फरार है, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार कुछ दिनों पहले बसवनी मां के मंदिर में तीन एमप्लीफायर मशीनों की चोरी हुई थी। कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तीनों एमप्लीफायर मशीन को बंझू डेरा गांव के पुदेना यादव के घर से बरामद कर लिया था। पुलिस ने जब चोरों के इतिहास को खंगालना शुरू किया तो पता चला कि पुरुष के साथ महिलाएं भी चोरी में शामिल होती है। थानाध्यक्ष अनीषा राणा ने बताया कि रवि यादव, राजकुमार यादव, अभिमन्यु कुमार, नेहा कुमारी, रौशनी कुमारी, मंजू देवी और रवि यादव की पत्नी खुशबू देवी के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की गई है। इसमें रौशनी, नेहा, मंजू और खुशबू को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। इसके अलावा फरार लोगों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। वहीं चोरी के सामान को बरामद कर थाना ले जाया गया है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



## सेवानिवृत राजस्व कर्मी को दी गई विदाई



**गडहनी/भोजपुर**। स्थानीय प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय मे सेवानिवृत्त राजस्व कर्मचारी उमेश सिंह के सम्मान मे आरओ विपुल कुमार की अध्यक्षता मे विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए आरओ विपुल कुमार ने कहा कि श्रीसिंह अपने 34 वर्ष के सेवा काल मे अपने कार्यो के प्रति कर्तव्यनिष्ठ रहे। सेवा काल मे थोडी बहुत गलतियां भी होती है जो मायने नही रखती कारण की सब को खुश रख पाना संभव नही होता। उनकी कमी हमेशा खलेगी।इस अवसर पर अंचल कर्मियों व समाजिक कार्यकर्ताओं ने श्रीसिंह को फूलमाला पहनाकर अंगवस्त्र से सम्मानित किया और भेट स्वरूप बैग श्रीमद्भागवत गीता रूद्राक्ष माला सहित अन्य कई सामग्री भेंट स्वरूप प्रदान किया। मौके पर समाजिक कार्यकर्ता राम दयाल सिंह, राजस्व कर्मचारी देव कुमार, हितन राम, जितेन्द्र कुमार, अंचल नाजिर सचिन कुमार सिंह, उदय शंकर कुमार, प्रधान लिपिक राम जी सिंह, समंजय गुप्ता, मनु तिवारी, संजीत कुमार, गौरव कुमार, विश्वकर्मा सिंह, प्रमेन्द्र कुमार, सोनु श्रीवास्तव, जितेन्द्र कुमार, बलिराम सिंह सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।

## पिपरा स्टेशन पर रुकेगी तीन जोड़ी ट्रेन



निज संवाददाता | आरा

यात्रियों की सुविधा को देखते हुए समस्तीपुर मंडल के पिपरा स्टेशन पर 29 फरवरी से 3 जोड़ी ट्रेनों का प्रायोगिक तौर पर 2 मिनट का ठहराव प्रदान किया जा रहा है। यात्रियों की सुगम परिचालन के लिए रेलवे ने फैसला लिया है। जिसकी जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने दी है। गाड़ी सं. 13021/13022 रक्सौल-हावड़ा-रक्सौल मिथिला एक्सप्रेस - दिनांक 29.02.24 से गाड़ी सं. 13021 रक्सौल-हावड़ा मिथिला एक्सप्रेस का 06.11/06.13 बजे तथा गाड़ी सं. 13022 हावड़ा-रक्सौल मिथिला एक्सप्रेस का 11.50/11.52 बजे पिपरा स्टेशन पर ठहराव प्रदान किया जा रहा है। गाड़ी सं. 12557/12558 मुजफ्फरपुर-आनंद विहार-मुजफ्फरपुर सप्तक्रांति एक्सप्रेस - दिनांक 29.02.24 से गाड़ी सं. 12557 मुजफ्फरपुर-आनंद विहार सप्तक्रांति एक्सप्रेस का 12.46/12.48 बजे तथा गाड़ी सं. 12558 आनंद विहार-मुजफ्फरपुर सप्तक्रांति एक्सप्रेस का 08.46/08.48 बजे पिपरा स्टेशन पर ठहराव प्रदान किया जा रहा है। गाड़ी सं. 19037/19038 बांद्रा-बरौनी-बांद्रा अवध एक्सप्रेस - दिनांक 29.02.24 से गाड़ी सं. 19037 बांद्रा-बरौनी अवध एक्सप्रेस का 17.35/17.37 बजे तथा गाड़ी सं. 19038 बरौनी-बांद्रा अवध एक्सप्रेस का 10.50/10.52 बजे पिपरा स्टेशन पर ठहराव प्रदान किया जा रहा है। गोण्डा कचहरी एवं करनैलगंज रेलवे स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग कार्य किये जाने के कारण गाड़ियों को कैंसिल, मार्ग परिवर्तन एवं पुनर्निर्धारण/नियंत्रण निम्नवत किया जायेगा ।

## बिहार से छुक–छुक करने वाला इंजन हटा

# शाहनवाज हुसैन आरा में बोले- मोदी का वंदे भारत वाला इंजन लग गया

निज संवाददाता | आरा



आरा में भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व उद्योग मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन एक कपड़े के शो रूम के उद्घाटन के लिए पहुंचे था। जहां उन्होंने राजद और कांग्रेस के नेताओं पर जमकर हमला किया। उन्होंने लालू यादव और तेजस्वी यादव पर तंज कसते हुए कहा कि बिहार में टेक्सटाइल पॉलिसी बनी हुई है। बिहार में जब धुंए वाला इंजन नहीं था और वंदे भारत वाला इंजन था तो टेक्सटाइल बनी थी। उसमें जितने बड़े लोगों को आना चाहिए था नहीं आ पाएं। अब एक बार फिर से धुंए वाला इंजन और छुक छुक करने वाला इंजन हट गया है। अब मोदी जी का वंदे भारत वाला इंजन लग गया है। तो अब तेजी से विकास बिहार में अब होगा। इस दौरान शाहनवाज हुसैन ने बिहार में लालू और तेजस्वी पर निशाना साधा और दूसरी तरफ राहुल गांधी और कांग्रेस की राजनीति सफर पर चर्चा की। वहीं तेजस्वी यादव के जन विश्वास यात्रा को लेकर भी शाहनवाज हुसैन ने खूब तंज कसा।

**हिन्दुस्तान बांग्लादेश को भी दे सकता है चुनौतीः** उन्होंने कहा कि टेक्सटाइल में बहुत संभावना है, बिहार में अगर एक साल में 20 लाख लोगों को रोजगार मिल सकता है। तो सिर्फ टेक्सटाइल में ही मिल सकता है। क्योंकि जितने भी कपड़े पहनते है हमलोग और हिंदुस्तान में जितने भी टेलर है सारे बिहारी है। उन्होंने कहा कि आज तो मैं शो रूम का उद्घाटन कर रहा हूं वो दिन भी आएगा जब बिहार में टेक्सटाइल मील बने। कपड़ा भी यहीं बने, सिलाई भी यहीं हो, रेडिमेड भी यहीं हो। बांग्लादेश को भी चुनौती दे सकता है।

**कांग्रेस एक डूबता हुआ जहाज हैः** वहीं, शाहनवाज हुसैन ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि वैसे तो आप जानते है देश में कांग्रेस का बहुत बुरा हाल है। देखा नहीं जा रहा है कांग्रेसियों को ही कांग्रेस पर भरोसा नहीं है। कांग्रेस एक डूबता हुआ जहाज है। हर कोई को लगता है जल्दी कूदो।

**आवश्यकता**

(1) बिहार सरकार द्वारा स्वीकृत नियत वेतन में शंकर भवन संस्कृत उच्च विद्यालय मेहदाशाहपुर, बेगूसराय में 06 सहायक शिक्षक, 01 लिपिक एवं 01 आदेशपाल की आवश्यकता है। 02 सहायक शिक्षक योग्यता-आचार्य, कोटि- UR & EBC, 02 सहायक शिक्षक, योग्यता- स्नातक विज्ञान, कोटि-UR & EBC, 02 सहायक शिक्षक, योग्यता स्नातक कला, कोटि UR & SC, 01 लिपिक, योग्यता- इंटरमीडिएट / समकक्ष, कोटि-U R एवं 01 आदेशपाल, योग्यता मध्यमा/ मैट्रिक, कोटि-U R का है। विज्ञापन प्रकाशन से 15 दिनों के अंदर विद्यालय सचिव के पदनाम से आवेदन पत्र निबंधित डाक के माध्यम से आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पूर्ण विवरण के साथ स्वीकार किये जायेंगे।

(2) **उम्र सीमा :** आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को सहायक शिक्षक पद के अभ्यर्थियों की 21 वर्ष पूर्व शिक्षकेतर कर्मचारियों के लिए 18 वर्ष होना अनिवार्य है। अधिकतम आयु सीमा वहीं होगी, जो राज्य सरकार (सामान्य प्रशासन विभाग) द्वारा निर्धारित होगा

(3) आरक्षित कोटि के उम्मीदवार आवेदन के साथ जाति प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति अवश्य संलग्न करेंगे अन्यथा आरक्षण का दावा मान्य नहीं होगा।

(4) आवेदन के साथ शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति अवश्य संलग्न करेंगे।

(5) अंतर्वीक्षा की सूचना अलग से विद्यालय सचिव द्वारा दी जायेगी। अंतर्वीक्षा में सम्मिलित होने के लिए यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

(6) सहायक शिक्षक, लिपिक एवं आदेशपाल पद पर नियुक्ति हेतु आवश्यक अनिवार्य होगा।

(7) नियुक्ति की सम्पूर्ण प्रक्रिया बिहार राज्य अराजकीय प्रस्वीकृत संस्कृत (मध्यमा स्तर तक) के शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों की सेवा सर्त नियमावली-2015 के अनुरूप होगी।

**सचिव**
**शंकर भवन संस्कृत उच्च विद्यालय,**
**मेहदाशाहपुर, बेगूसराय**

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: एसजी.टेंडर/डीएसटीई/एसडीएएच/459, दिनांक 28.02.2024;** सीनि. डीएसटीई, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **ई-निविदा सं.: एसडीएसटीई/टेली/टी/28/23-24/आरआरएसके; कार्य का नाम साथ में उसका स्थानः** ओएफसी की विद्युत आपूर्ति प्रणाली में सुधार के लिए अत्यंत पुराने बैटरी बैंक, बैटरी चार्जर, एसपीडी, अर्थिंग इत्यादि का प्रतिस्थापन। **निविदा मूल्यः** रु. 1,91,84,466.75; **जमा की जाने वाली बयाना राशि/बोली सुरक्षाः** रु. 2,45,900; **निविदा दस्तावेज की कीमतः** शून्य। **कार्य समापन अवधिः** 09 महीने। **निविदा जमा शुरू होने की तारीखः** 14.03.2024; **निविदा जमा करने की अंतिम तारीखः** 28.03.2024 को अपराह्न 2.00 बजे तक। **निविदा बोली खुलने की तारीखः** 28.03.2024 को अपराह्न 2.30 बजे। विस्तृत विवरणः **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **पात्रता के तकनीकी मानदंडः** निविदादाताओं द्वारा पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निविदा आमंत्रित किए जाने वाले माह से पहले महीने के अंतिम दिन तक, नीचे उल्लेखित श्रेणियों में से किसी भी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा अथवा सुदृढ़ता से सम्पन्न किया होना चाहिएः (i) समतुल्य प्रकृति के तीन कार्य, प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के न्यूनतम 30% के बराबर होनी चाहिए अथवा (ii) समतुल्य प्रकृति के दो कार्य, प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के न्यूनतम 40% के बराबर होनी चाहिए अथवा (iii) समतुल्य प्रकृति का एक कार्य, जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के न्यूनतम 60% के बराबर होनी चाहिए। **पात्रता के वित्तीय मानदंडः** निविदादाता के पास वी/एन अथवा 'वी' जो कम हो का न्यूनतम औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार किया होना चाहिए, वी=निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, एन=कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या, जिसके लिए बोली आमंत्रित की गई है। औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार की गणना लेखा परीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्त वर्षों में "कुल अनुबंधकीय भुगतान" के औसत के रूप में किया जाएगा। हालांकि, पिछले वर्ष के तुलन पत्र के तैयार होना/लेखा परीक्षण होना बाकी रहने की स्थिति में औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार की गणना के लिए पिछले चौथे वर्ष के लेखा परीक्षित तुलन पत्र पर विचार किया जाएगा। निविदादाताओं को जीसीसी 2022 के अनुलनग्क-VIबी (इस निविदा दस्तावेज का प्रपत्र-6) के अनुसार वांछित जानकारी के साथ चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा भलीभांति सत्यापित लेखा परीक्षित तुलनपत्र/लेखा परीक्षित तुलन पत्र के साथ भलीभांति समर्थित चार्टर्ड एकाउंटेंट से प्रमाणपत्र जमा करना होगा। **जमा किए जाने वाले अन्य दस्तावेजः** जैसा कि निविदा दस्तावेज में उल्लेखित है। **समतुल्य प्रकृति का कार्यः** इस निविदा कार्य के लिए सिग्नल/टेलीकॉम इंस्टॉलेशन में बैटरी एवं चार्जर की आपूर्ति, स्थापना एवं चालू करने से संबंधित कोई भी कार्य अथवा विद्युत आपूर्ति प्रणाली के साथ सिग्नल/टेलीकॉम उपकरण के रखरखाव युक्त किसी भी कार्य को समतुल्य प्रकृति का कार्य माना जाएगा। **टिप्पणीः** निविदादाता को निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा दस्तावेज में यथा उल्लेखित पात्रता के मानदंडों को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में दस्तावेज जमा करने होंगे। निविदादाता द्वारा अनुशंसापत्रों के समर्थन में जमा किए गए दस्तावेज/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपियों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदादाता अथवा निविदाकारी प्रतिष्ठान के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्वयं सत्यापित/डिजिटली रूप में हस्ताक्षर होना चाहिए। स्वयं सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर तथा तारीख (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होनी चाहिए। **(SDAH-396/2023-24)**

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल बेतिया में चल रहा है सभी घायलों का इलाज

# बोलेरो-ऑटो में टक्कर गर्भवती महिला की मौत, पति समेत पांच लोग घायल



निज संवाददाता

**बेतिया (पश्चिमी चम्पारण)।** बेतिया सड़क हादसे में एक गर्भवती महिला की मौत हो गई। जबकि पति समेत 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी घायलों का इलाज गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल बेतिया में चल रहा है। घटना जिले के गौनहा थाना क्षेत्र के नरकटियागंज-गौनाहा मुख्य मार्ग स्थित पचरुखी चौक के पास की है। वहीं, मृतका की पहचान गौनाहा थाना क्षेत्र के बरवां-मझरिया गांव निवासी उमेश महतो की गर्भवती पत्नी अरिना देवी(35) के रूप में की गई है। जबकि घायलों की पहचान मृतका के पति उमेश महतो(38), भाभी चंदा देवी(40), उसके छोटे भाई शत्रुघ्न महतो की पत्नी सरस्वती देवी(30) आशा कार्यकर्ता लालबिहारी की पत्नी आशा देवी(40) और ऑटो चालक नन्हू राउत के रूप में की गई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बुधवार की रात उमेश की पत्नी अरिना को प्रसव पीड़ा हुई। इसके बाद गांव के ही ऑटो से आशा कार्यकर्ता के साथ अपनी भाभी चंदा देवी और सरस्वती देवी के साथ प्रसव कराने के लिए नरकटियागंज अनुमंडल अस्पताल आ रहे थे। जैसे ही पचरुखिया चौक के पास ऑटो पहुंचा, तभी विपरीत दिशा से तेज रफ्तार से आ रही बोलेरो गाड़ी से आमने-सामने टक्कर हो गई। इससे ऑटो अनियंत्रित होकर कुछ दूर जाकर गड्ढे में पलट गया। घटना में ऑटो में सवार सभी लोग जख्मी हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची 112 पुलिस की टीम ने ऑटो में सवार गर्भवती महिला, उसके पति, देयादिन और ऑटो चालक को इलाज के लिए नकरटियागंज अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाई। जहां सभी की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उचार करने के बाद रेफर कर दिया। GMCH आने पर चिकित्सकों ने अरिना को मृत्य घोषित कर दिया। परिजन गुरुवार को बिना शव के पोस्टमॉर्टम कराए घर लेकर चले गए। अरिना को ढ़ाई साल का एक बेटा मोहित कुमार है। वहीं, गौनहा थाना अध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि बारात से लौट रहे बोलेरो और ऑटो के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हुई है। इसमें ऑटो सवार एक गर्भवती महिला की मौत हो गई है। जबकि 5 लोग घायल है। सभी घायलों का इलाज चल रहा है। ऑटो को थाने पर लाया गया है। बोलेरो के बारे में पता लगाया जा रहा है। मामले में पीड़ित के परिजनों के आवेदन पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## बस और ट्रक की टक्कर में 10 घायल

निज संवाददाता



**पूर्णिया।** पूर्णिया में बुधवार रात यात्रियों से भरी बस और ट्रक की टक्कर हो गई। हादसे में 10 लोग घायल हुए हैं। बस यात्रियों के मुताबिक जिस वक्त घटना हुई, बस पर ड्राइवर और कंडक्टर समेत कुल 12 लोग सवार थे। हादसे के बाद बस-ट्रक के ड्राइवर और कंडक्टर मौके से भाग निकले। बस कोलकाता से पटना जा रही थी। घटना सदर थाना क्षेत्र के सिसाबाड़ी के समीप रात करीब 9 बजे की है। घायलों में अररिया जिले के फारबिसगंज थाना क्षेत्र रामपुर उत्तर गांव निवासी सुरेश बरहरदार, उनकी पत्नी रेखा देवी, बेटा अविनाश कुमार और बेटी काजल कुमारी समेत अन्य शामिल हैं। यात्री अविनाश कुमार ने बताया कि वो और उनके परिवार के तीन अन्य लोग जीरो माइल के पास बस पर चढ़े थे। उन्हें फारबिसगंज जाना था। जीरो माइल से बस पर 10 पैसेंजर्स चढ़े थे। कुछ ही दूर जाने पर सदर थाना क्षेत्र के सीसाबाडी के समीप यात्रियों से भरी बस को ट्रक ने टक्कर मार दी। दोनों के बीच गाड़ी बैक करने की होड़ मची थी। टक्कर से चंद सेकेंड पहले बस के कंडक्टर और ड्राइवर ने कूदकर किसी तरह अपनी जान बचाई, पर बस के 10 यात्री घायल हो गए। टक्कर की तेज आवाज सुनकर स्थानीय लोग मौके पर जुटे। लोगों की मदद से उन्हें बस से बाहर निकाला गया। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को फोन कर घटना की सूचना दी। सदर थाना की पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। सभी घायलों को GMCH पूर्णिया में एडमिट कराया गया है। इनमें एक ही परिवार के 4 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। जहां सभी का इलाज जारी है। सदर थानाध्यक्ष राजीव कुमार लाल ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची थी। घायलों को बस से निकालकर GMCH भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं, बस और ट्रैक को कब्जे में लेकर थाना लाया गया है।

# मौका मिला तो दस लाख सरकारी नौकरी देंगे हम : तेजस्वी यादव

निज संवाददाता



**सहरसा।** लालू के बड़े लाल तेज प्रताप यादव और पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव जन विश्वास यात्रा के दौरान सहरसा के बैजनाथपुर के बीपी मंडल चौक पहुंचे। इस यात्रा में तेजस्वी यादव के बड़े भाई पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव, राज्यसभा सांसद मनोज झा, शांतनु बुंदेला सहित कई नेता और कार्यकर्ता सवार थे। यात्रा के दौरान बीपी मंडल चौक बैजनाथपुर में लालू के बड़े लाल तेज प्रताप यादव ने बीपी मंडल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान रथ पर सवार तेजस्वी यादव ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि..देखिए चाचा जी तो पलट गए लेकिन हमने जो वादा किया था। एक बार मौका मिला तो दस लाख सरकारी नौकरी हम देंगे। मुख्यमंत्री तो नहीं बन पाए, लेकिन उप मुख्यमंत्री रहते हुए हमने 5 लाख सरकारी बहाली करने का काम किया। 5 लाख लोगों को नियुक्ति पत्र बंटवाया। कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से बोलते थे कि हम दस लाख नौकरी देंगे। वो कहते थे पैसा कहां से लाएगा, अपने बाप के घर से पैसा लेकर वेतन देगा। लेकिन चलिए वो हमारे अभिभावक हैं, बुजुर्ग हो गए हैं, उनसे बिहार चलने वाला नही है। उन्होंने ये भी कहा कि हमलोग नई सोच के हैं। नया बिहार बनाना है और आपलोगों का साथ चाहिए इस लड़ाई के लिए। आप सब लोगों को लालू जी ने न्योता भेजा है, आमंत्रित किया है पटना चलने के लिए। पटना में हमलोग विशाल महरैला करने जा रहे हैं। उसमें आप सबों को पटना आना है। बड़ी से बड़ी संख्या में आइए और आदरणीय नेता लालू जी की बात को वहीं सुनिए। लालू जी का ऑपरेशन हुआ है। हमारी बहन ने किडनी दिया है। इस वजह से डॉक्टर ने सलाह दिया है, वो ज्यादा जगह जा नहीं सकते, लेकिन वो आप लोगों से संवाद करना चाहते हैं। आप लोगों का आशीर्वाद चाहते हैं, आप लोग सब पटना आइए।

# यूपी पुलिस परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक मामले में बिहार पुलिस का एक जवान गिरफ्तार

**भागलपुर (नि.सं.)।** भागलपुर पुलिस जिला नवगछिया में गुरुवार को यूपी एसडीएफ के टीम ने नवगछिया पुलिस के मदद से यूपी पुलिस परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक मामले में नवगछिया जेल में पदास्थापित सिपाही नीरज कुमार शर्मा को गिरफ्तार किया है। दरअसल, उत्तर प्रदेश में 17 और 18 फरवरी को यूपी सिपाही परीक्षा चल रही थी जिसका प्रश्न पत्र सोशल मीडिया पर लीक हुआ था। उस समय प्रशासन और सरकार ने इस फर्जी बताकर जांच करने की बात कही थी। इसी मामले में नौगछिया पुलिस के सहयोग से गुरुवार को यूपी एसटीएफ के टीम ने नीरज कुमार शर्मा को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नीरज शर्मा आठ लाख में पेपर खरीदा था और उसे कई जगहों पर भेजा था। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक यह भी बात सामने आ रही है कि यूपी एसटीएफ टीम नीरज कुमार शर्मा के मोबाइल फोन में व्हाट्सएप चैट्स भी मिला है जिसके बाद उसकी गिरफ्तारी की गई है।

# बिहार पुलिस सप्ताह में रक्तदान शिविर का आयोजन, डीआईजी विवेकानंद ने किया शुभारंभ

निज संवाददाता



**भागलपुर।** बिहार पुलिस सप्ताह 2024 के तहत तीसरे दिन रक्तदान शिविर का आयोजन जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल में किया गया। इस रक्तदान शिविर का उद्घाटन भागलपुर के DIG विवेकानंद ने की। वहीं रक्तदान शिविर के आयोजन में DIG विवेकानंद ने कहा की 27 फरवरी से बिहार पुलिस सप्ताह का आयोजन शुरू हुआ है। पहले दिन उद्घाटन सत्र का कार्यक्रम था दूसरे दिन पांच संकल्प कार्यक्रम था। इसमें सभी थानों के पुलिस को पांच संकल्प दिलाए गए। आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। वहीं ऐसे लोगों को ब्लड समय पर मिल सके जिनकी स्थिति काफी नाजुक हो सड़क दुर्घटना या किसी अन्य दुर्घटना में उसे ब्लड की जरूरत हो। कार्यक्रम के दौरान भागलपुर के DIG विवेकानंद, वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार, सिटी DSP राज, अस्पताल अधीक्षक उदय नारायण, डॉ रेखा के अलावा कई वरीय पुलिस पदाधिकारी और दर्जनों जवान मौजूद थे।

इस रक्तदान शिविर में कई थानों के दरोगा, सिपाही, सीआईटी, दंगा नियंत्रण सहित महिला पुलिस ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। SSP आनंद कुमार ने आज के इस रक्तदान शिविर में सभी जवानों को रक्तदान देने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है, इसलिए हमें बिहार पुलिस सप्ताह के तहत इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए ताकि आपातकाल स्थिति में लोगों को सहायता मिल सके जिससे वह स्वस्थ हो।

## कुख्यात अपराधी गिरफ्तार

**मधेपुरा(नि.सं.)।** उदाकिशुनगंज अनुमंडल क्षेत्र के चौसा थाना क्षेत्र से पुलिस ने कुख्यात अपराधी मो विशो को गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ अविनाश कुमार ने गिरफ्तारी की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डीआईजी के निर्देश पर कुख्यात अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में जिला के टॉप 10 अपराधियों की सूची बनाई गई है। गुरुवार को चौसा थाना क्षेत्र के पैना पंचायत स्थित पैना गांव निवासी मो विशो को गिरफ्तार किया गया है। इस पर हत्या, लूट, डकैती और जानलेवा हमला करने जैसी बड़ी घटना का योजना बनाने और अंजाम देने का मामला थाना में दर्ज है। इसका भय से चौसा थाना क्षेत्र के लोगों में बहुत दिनों से था। इसकी तलाश पुलिस काफी दिनों से कर रही थी। इसके अलावा एसडीपीओ ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर कई और समकालीन अभियान चलाया जा रहा है। टीम के टेक्निकल सेल ने छापेमारी में बहुत योगदान दिया।

# एयरटेल सीएसपी कर्मी को गोली मारकर दो लाख रुपये की लूट



निज संवाददाता

**सुपौल।** सुपौल के राघोपुर थाना इलाके में एयरटेल सीएसपी संचालक के कर्मी को अपराधियों ने गोली मारकर 2 लाख रुपये लूट लिए। गोली एयरटेल सीएसपी कर्मी सुमन झा को जांघ में लगी है। जख्मी को इलाज के लिए राघोपुर रेफरल अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने हायर सेंटर ने रेफर कर दिया। घटना के बाद राघोपुर थाने की पुलिस मामले की तहकीकात में जुट गई है। दरअसल घटना सिमराही नगर पंचायत वार्ड 07 स्थित सोनालिका ट्रेक्टर गली की है। जहां दो बाइक पर सवार चार अपराधियों ने सुमन झा को बैंक का काउंटर बंद कर घर जाते वक्त घेर लिया। झोले पर रखे 2 लाख छीनने के दौरान अपराधियों ने फायरिंग कर दी। गोली सीएसपी कर्मी के बाये जांघ में जा लगी। हल्ला होने पर आसपास के लोग इकट्ठा हुए तो अपराधी मौके से फरार हो गए। इधर जख्मी को स्थानीय लोगों ने राघोपुर रेफरल अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने बताया की जांघ में गोली फंसी होने की वजह से हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

# 62 हजार रुपए के रेल ई-टिकट के साथ एक धंधेबाज गिरफ्तार




निज संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** रेल यात्रियों की रेलयात्रा को सुगम और सहज बनाने को लेकर रेलवे सुरक्षा बल ने रेल टिकट की उपलब्धता को लेकर इन दिनों ऑपरेशन उपलब्ध शुरू किया है। जिसमें ई-टिकट के अवैध धंधे पर नकेल कसने के लिए छापेमारी अभियान को शुरू की गई है। अवैध रेल टिकट के साथ पानापुर के हरिचन्दा चौक से एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया है। रेलवे सुरक्षा बल ने पानापुर थाना क्षेत्र के हरिचन्दा चौक के पास समृद्धि केंद्र में छापेमारी कर 62 हजार रुपए के अवैध रेल ई-टिकट जब्त किए। इस मामले में आरपीएफ़ ने दुकान के मालिक और रक्सा निवासी अरविंद कुमार (26) को गिरफ्तार किया है। अवैध ई-रेल टिकट के धंधे से जुड़े इस केंद्र से आरपीएफ की टीम ने 38 अवैध ई-रेल टिकट के साथ टिकट बनाने में इस्तेमाल होने वाले प्रिंटर, लैपटॉप, टच स्क्रीन मोबाइल तीन विशेष सॉफ्टवेयर आदि को सीज किया गया। जब्त किए गए टिकट की कीमत 62 हजार है। इसके अलावा केंद्र से बड़ी संख्या में लोगों के पर्सनल आईडी के दस्तावेज भी बरामद हुए हैं। गिरफ्तार दुकानदार ने स्वीकार करते हुए बताया कि पिछले कई महीने से जरूरतमंदों को टिकट के मूल्य से अधिक रुपया लेकर टिकट बेचने का काम करता था। फिलहाल आरपीएफ की टीम आरोपी दुकानदार से पूछताछ कर रही है।

# भाजपा आयुष विभाग की प्रदेश कार्यसमिति घोषित

निज संवाददाता



**पटना।** भाजपा आयुष विभाग के प्रदेश संयोजक डा. अजय प्रकाश ने विभाग के प्रदेश कार्यसमिति की घोषणा की है। डा. अजय प्रकाश ने बताया कि सर्वप्रथम भाजपा द्वारा आयुष विभाग का गठन किया गया है। मा. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने आयुष की उपयोगिता को देखते हुए 2014 में ही भारत सरकार में मंत्रालय भी बनाया तथा भारतीय चिकित्सा जो प्राकृतिक रूप से स्वास्थ्य प्रदान करता है, इसे विकसित करने की दिशा में भागीरथ प्रयास भी किया जा रहा है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी भारत विश्व गुरू रहा है। भगवान धनवन्तरी, महर्षि सुश्रुत, महर्षि चरक ने ही स्वास्थ्य विज्ञान को सम्पूर्ण विश्व मे प्रसारित कर स्वस्थ काया प्रदान किया है। डा. अजय प्रकाश ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष =सम्राट चौधरी एवं प्रदेश संगठन महामंत्री भीखूभाई दलसानिया जी के निर्देश से 48 सदस्यीय कार्यसमिति बिहार के सभी जिलो से प्रमुख चिकित्सकों मे चार सह - संयोजक डा. पंकज पाण्डेय, डा. वसन्त सिंह, डा. विरेन्द्र मॉर्य, डा. कुमार अन्जनेयम, कोषाध्यक्ष डा. एम भूषण, नौ क्षेत्रिय प्रभारी डा. राजकिरण, डा. श्रीप्रकाश बरनवाल, डा. ए बी चौधरी, डा. आभाष आनन्द, डा. रमेश कुमार पाण्डेय, डा. सुधांशु शेखर त्रिपाठी, डा. प्रफुल्ल कुमार सिंह, वीणा सिंह, डा. पप्पू सहित 26 कार्यसमिति सदस्य डा. अनिता सिन्हा, डा. पंकज कुमार, डा. माणिक चन्द्र प्रसाद, डा. विनोद पाण्डेय, डा. अंशु तिवारी, डा. कृष्ण कुमार, डा. वीणा प्रकाश, डा. मणी कुमार सिंह, डा. (प्रो.) युगल किशोर पाण्डेय, डा. पूनम सिन्हा, डा. अनुप कुमार जयसवाल, वैद्य पवन कुमार, डा. सुजीत कुमार गुप्ता, डा. रूक्मणी शर्मा, डा. सुनिल कुमार सुमन, डा. अनुज कुमार, डा. संजीव कुमार, डा. शारदा सुमन, डा. आशुतोश कुमार, डा. अमित कुमार अकेला, डा. पुरूषोत्तम पाण्डेय, अजय कुमार, डा. सौरभ सुमन, वैद्य डा. रंजन कुमार, मनीष कुमार, तीन मिडिया प्रभारी डा. विमलेश कुमार, डा. संजय कुमार, किन्शु प्रिया, दो आई टी प्रभारी शिशुपाल कुमार, आकाश कुमार एवं तीन सोशल मिडिया प्रभारी विकास कुमार मौडिवाल, डा. विपिन बिहारी, प्रियंका रॉय को बनाया गया है। अगामी लोकसभा चुनाव से पूर्व आयुष विभाग द्वारा सम्पूर्ण बिहार में आयुष के क्षेत्र में भारत सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यो को प्रसारित करने हेतू जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# शिव शक्ति महारूद्र यज्ञ का किया गया आयोजन

निज संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर दक्षिणी क्षेत्र स्थित वार्ड नंबर 51 महादेव तालाब में शिव शक्ति महारूद्र यज्ञ का आयोजन किया गया है। जो गुरुवार से 9 मार्च तक चलेगा। जिसमें कथावाचीका किशोरी वैष्णवी गुरुवार से 9 तारीख तक भागवत कथा करेंगी। वही, इस अवसर पर आज विशाल कलश शोभा यात्रा निकाली गई। जो कार्यक्रम स्थल से निकलकर अलीगंज, गुढ़हटा चौक, शीतला स्थान होते हुए फिर सभा स्थल पर पहुंचेगी। वही, कलश यात्रा में कथावाचीका किशोरी वैष्णवी भी शामिल हुई। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म को बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा जो काम किया जा रहा है वह काफी अच्छा है और उनके काम पर देश में कोई कुछ नहीं कह सकता। सनातन के खिलाफ उठने वाले सवाल पर उन्होंने कहा कि लोगों का काम है कहना लेकिन सनातन को बढ़ावा देने के लिए सभी को एक होकर इसके लिए काम करने की जरूरत है।

## प्रेमिका के घर पकड़ाया प्रेमी

**हाजीपुर (वैशाली) (नि. सं.)।।** वैशाली में एक महिला को युवक के साथ कमरे में अकेला पाया गया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने जमकर हंगामा किया। पकड़ाया युवक समस्तीपुर के राठौली गांव निवासी मोहम्मद अबुल कलाम का बेटा मोहम्मद कमरुल है। वहीं, महिला का आरोप है कि मेरे पति का देवरानी से संबंध है। घटना महनार नगर के नयाटोला इस्लामपुर की है। मामले को लेकर महिला ने बताया कि पिछले 7 महीने से मेरा युवक मोहम्मद कमरुल के साथ संपर्क है। कई बार घर से बाहर दोनों मिले हैं। इस मामले में महिला के पति का कहना है कि उनकी पत्नी का व्यवहार ठीक नहीं रहता था।

# दबंगों ने दो महिला समेत तीन लोगों पर किया हमला, घायल



निज संवाददाता

**बेगूसराय।** बेगूसराय में दबंगों ने दो महिला समेत तीन लोगों को लाठी, डंटे और लोहे की रोड से पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। वहीं इससे भी मन नहीं भरा तो दबंगों ने एक महिला की चाकू से आंख पर हमला कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। इस हमले में तीनों घायल हो गया। सभी घायलों को इलाज बेगूसराय के सदर अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज चल रहा है। घटना खोदावंदपुर थाना क्षेत्र के तारा बरियारपुर के पास की है। तीनों घायल व्यक्ति की पहचान तारा बरियारपुर के रहने वाले मंजू देवी, रूबी देवी और रामसागर यादव के रूप में की गई है। घायल मंजू देवी ने बताया है कि गांव के ही रहने वाले राजेंद्र यादव से कुछ दिन पहले एक कट्ठा जमीन का रजिस्ट्री कराई थे। इसी जमीन पर रूबी देवी के द्वारा सरसों लगाया जा रहा था। तभी गांव के ही दबंग सुरेश यादव आया और जमीन पर कब्जा करने लगा। जबरन सरसों के खेत में पानी पटवन कर दिया। जब इसका विरोध रूबी देवी के द्वारा किया गया तो इसी से नाराज होकर दबंगों ने रूबी देवी के साथ लाठी डंडे और धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना की सूचना हम लोगों को लगी तो हम लोग भी उसी जगह पहुंचे तो दबंगों ने लोहे के रोड से पीट-पीटकर घायल कर दिया। वहीं तीन लोगों को इलाज के लिए बेगूसराय सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

इस दौरान उन्होंने बताया है कि जमीन मेरे द्वारा ही लिखाया गया। इसके बावजूद भी वह जबरन जमीन को कब्जा करना चाहता है। इस दौरान रामसागर यादव ने बताया है कि रूबी देवी अपने खेत पर सरसों लग रहे थे। तभी गांव के ही दबंगों ने रूबी देवी के चाकू से आंख पर हमला कर दिया। वहीं इस घटना की जानकारी जैसे ही मिले वैसे ही हम लोग जब खेत पर उसको देखने के लिए गए, तो हमे भी पीटना शुरू कर दिया। इस हमले में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गया। फिलहाल इस घटना की सूचना पीड़ित परिवार के द्वारा खोदावंदपुर थाना पुलिस को दी। मौके पर खोदावंदपुर थाने के पुलिस पहुंचकर पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है। वहीं संबंध में खोदावंदपुर थाना प्रभारी ने बताया है कि मारपीट का मामला सामने आया है। फिलहाल पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

## युवक को गोली मारकर तीन हजार की लूट, घायल

निज संवाददाता

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर में पारले-जी कंपनी के सेल्समैन को बदमाशों ने दो गोली मारी। एक गोली दाहिने हाथ की हथेली और दूसरी कमर के पास लगी। बाइक सवार तीन बदमाश उन्हें लूटने के लिए आए थे। बादमाशों ने सेल्समैन को ओवरटेक कर घेर लिया और गन प्वाइंट पर बैग छीन लिया। बैग में 3 हजार रुपए थे। विरोध करने पर अपराधियों ने फायरिंग कर दी। घटना कोरबद्धा गांव स्थित ब्रह्मदेव स्थान के पास की है। पीड़ित कर्पूरीग्राम थाना के बेला गांव निवासी हरिओम कुमार हैं, जो तगादा कर समस्तीपुर से लौट रहे थे। घटना की सूचना पर एएसपी संजय पांडेय और मुफस्सिल थाना अध्यक्ष पिंकी प्रसाद पहुंचे और जांच शुरू की। जख्मी को पटना रेफर कर दिया गया है। पीड़ित देर शाम अपनी बाइक से उजियारपुर से अकेले लौट रहे थे। समस्तीपुर-उजियारपुर पथ के कोरबद्धा गांव स्थित ब्रहमदेव स्थान के पास एक बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने ओवरटेक किया और घेर लिया। लूटपाट के दौरान विरोध पर फायरिंग कर दी। पीड़ित को लगी दोनों गोलियां आरपार हो गई। एएसपी संजय पांडेय ने बताया कि उजियारपुर से लौटने के दौरान युवक को ब्रह्मस्थान के बाद 3 बदमाशों ने घेर कर पहले लूटपाट की। विरोध करने पर बदमाशों ने हरिओम को गोली मार कर जख्मी कर दिया। गोली की आवाज पर जब गांव के लोग जुटे तो बदमाश वहां से फरार हो गए। बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही।

## युवती ने चचेरे मौसा के साथ भागकर की शादी

**शेखपुरा (नि. सं.)।** शहर के बंगाली पर मुहल्ला से रिश्ते में चचेरे मौसा के साथ इंटर की छात्रा घर छोड़कर फरार हो गई है। जानकारी के अनुसार छात्रा ने प्रेमी के साथ मंदिर में शादी कर ली है। शादी की तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया है। वहीं युवती की मां मनिता देवी और पिता नंदलाल प्रसाद ने नगर थाना पहुंचकर बेटी के अपहरण की शिकायत की है। मां ने कहा कि 25 फरवरी को जब वह अपनी बेटी के सब्जी खरीदने जा रही थी। तभी रास्ते में बंगाली पर मुहल्ला के छोटू उर्फ नेपाली नामक युवक उसे खींचकर अपने साथ लेकर गया। तब से वह उसकी खोज कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि युवक ने बलपूर्वक उनकी बेटी का अपहरण किया है। नगर थाना अध्यक्ष सह पुलिस निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि इस संबंध में एक लिखित शिकायत मिली है। दोनों ने शादी कर ली है यह जानकारी फोन कर के प्रेमी ने थाना में दी है। इसके बाद दोनों को थाना में बुलाया गया है। अगर दोनों थाना में नही पहुंचते है, तो प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


## आवश्यकता

(1) बिहार सरकार द्वारा स्वीकृत नियत वेतन में सरस्वती संस्कृत उच्च विद्यालय, बेगूसराय में 08 सहायक शिक्षक, 01 लिपिक एवं 01 आदेशपाल की आवश्यकता है। 01 सहायक शिक्षक, योग्यता-आचार्य, कोटि- UR, 03 सहायक शिक्षक, योग्यता-स्नातक विज्ञान, कोटि-UR, BC & EBC, 02 सहायक शिक्षक, योग्यता-स्नातक कला, कोटि- UR & SC, 02 सहायक शिक्षक, योग्यता-मध्यमा मैट्रिक, कोटि-UR & EBC, 01 लिपिक, योग्यता-इंटरमीडिएट / समकक्ष, कोटि-UR एवं 01 आदेशपाल, योग्यता-मध्यमा मैट्रिक, कोटि-UR का है। विज्ञापन प्रकाशन से 15 दिनों के अंदर विद्यालय सचिव के पदनाम से आवेदन पत्र निबंधित डाक के माध्यम से आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पूर्ण विवरण के साथ स्वीकार किये जायेंगे।

**(2) उम्र सीमा :** आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को सहायक शिक्षक पद के अभ्यर्थियों की न्यूनतम उम्र 21 वर्ष एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों के लिए 18 वर्ष होना अनिवार्य है। अधिकतम आयु सीमा वही होगी, जो राज्य सरकार (सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा निर्धारित होगा।

(3) आरक्षित कोटि के उम्मीदवार आवेदन के साथ जाति प्रमाण पत्र की स्वभिप्रमाणित प्रति अवश्य संलग्न करेंगे अन्यथा आरक्षण दावा मान्य नहीं होगा।

(4) आवेदन के साथ शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति अवश्य संलग्न करेंगे।

(5) अंतर्वीक्षा की सूचना अलग से विद्यालय सचिव द्वारा दी जायेगी। अंतर्वीक्षा में सम्मिलित होने के लिए यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

(6) सहायक शिक्षक, लिपिक एवं आदेशपाल पद पर नियुक्ति हेतु आवश्यक शैक्षणिक योग्यता होना अनिवार्य होगा।

(7) नियुक्ति की सम्पूर्ण प्रक्रिया बिहार राज्य अराजकीय की प्रस्वीकृत संस्कृत (मध्यमा स्तर तक) के शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों की सेवा नियमावली-2015 के अनुरूप होगी।

**सचिव**
**सरस्वती संस्कृत उच्च विद्यालय, बेगूसराय**

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com

ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper



# विचार-मंथन

## संपादकीय

# खेतों से लेकर सड़क तक मुसीबत बने छुट्टा जानवर



**आवारा** पशुओं की वजह से फसलों और अन्य चीजों की बर्बादी को लेकर पिछले कई सालों से लगातार शिकायतें आती रही हैं। मगर इस बीच छुट्टा जानवरों के हमलों में लोगों की जान जाने की घटनाएं गंभीर चिंता का विषय बन गई हैं। खबर के मुताबिक दक्षिण दिल्ली के खानपुर इलाके में अपने बेटे को स्कूल बस के लिए छोड़ने सड़क पर खड़े एक व्यक्ति पर आवारा घूम रहे सांड़ ने हमला कर दिया। उससे उसकी मौत हो गई। दिल्ली में इस तरह की घटना कोई नई नहीं है। मगर अब तक ऐसा कोई प्रभावी कदम नजर नहीं आता, जो ऐसी घटनाओं को रोक सके। लगता है कि इस गहराती समस्या पर काबू पाने के लिए सरकार की ओर से ऐसे उपायों को लेकर गहरी उदासीनता छाई हुई है।

नतीजतन, आए दिन सड़क पर छुट्टा घूमते सांड़ या गाय जैसे पशुओं के अचानक किसी को टक्कर मार देने की वजह से लोगों की जान जा रही है। वाहनों से जानवरों के टकराने के कारण भी गंभीर हादसे होते हैं। इसके अलावा, कुत्तों के हमले या काटने से लोगों की जान जाने की घटनाएं भी सामने आती रहती हैं। विचित्र है कि अगर कोई व्यक्ति सड़क पर गलत जगह वाहन खड़ा कर दे या किसी नियम का उल्लंघन करे तो वाहन उठाने या जुर्माना वसूलने से लेकर संबंधित धाराओं के तहत कानूनी कार्रवाई की जाती है और संबंधित महकमे सक्रिय रहते हैं। मगर किसी रास्ते से गुजरते हुए कहीं बीच सड़क पर बैठे या आते-जाते पशुओं को आम देखा जा सकता है और उन्हें हटाने वाला कोई नहीं होता। वाहन चालक या अन्य लोग अपने को बचाते हुए किसी तरह वहां से आगे निकलने की कोशिश करते हैं।

कुछ लोग आवारा पशुओं को लेकर भावुक होते हैं, जो एक मानवीय गुण हो सकता है। मगर उससे पशुओं के स्वभाव में आई तब्दीली की जिम्मेदारी कोई नहीं उठाता। सड़क पर लावारिस गायों की देखभाल के लिए गौशालाओं की व्यवस्था एक हल है, लेकिन इसमें सांड़ और कुत्ते आदि आवारा पशुओं से उपजी समस्या बनी रहती है। देश के अलग-अलग इलाकों में सड़कों पर बड़ी तादाद में घूमते पशु यही दर्शाते हैं कि इसे गंभीर समस्या के रूप में चिह्नित करना शायद बाकी है।

# दक्षिण में भी पूरा दम लगाती भाजपा

**आगामी** लोकसभा चुनाव में भाजपा को दक्षिण भारत की सियासी पिच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्मे पर ज्यादा भरोसा है। पार्टी पांचों दक्षिणी राज्यों में ज्यादा से ज्यादा सीटें जीतने के लिए अलग-अलग रणनीति पर काम कर रही है। यहां दांव पर 130 सीटें हैं, जिनमें से भाजपा ने 2019 के चुनाव में 30 सीटों पर बाजी मारी थी। इनमें से कर्नाटक में उसे सर्वाधिक 51 प्रतिशत मत हासिल हुए थे, जबकि तमिलनाडु में सबसे कम 3.71 प्रतिशत। पुडुचेरी में उसने किसी को मैदान में नहीं उतारा था। पांचों दक्षिणी राज्यों में भाजपा का मत-प्रतिशत करीब 20 था, लेकिन पुडुचेरी को मिलाने के बाद यह घटकर 16.5 प्रतिशत हो जाता है। इस साल पार्टी ने देश भर में 50 प्रतिशत मत हासिल करने का लक्ष्य बनाया है, जिसके लिए वह उत्तर ही नहीं, दक्षिण भारत में भी खूब मेहनत कर रही है।

इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दक्षिणी राज्यों में लगातार दौरे कर रहे हैं और विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन कर रहे हैं। अपने मंत्रियों को भी लगातार इन राज्यों में भेज रहे हैं और उनसे लोगों को केंद्र सरकार की उपलब्धियां बताने को कह रहे हैं। पार्टी ने उचित ही सबसे ज्यादा ध्यान कर्नाटक पर लगाया है, जहां से पिछले आम चुनाव में उसे 26 सीटें मिली थीं। मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई की दुखद पारी के बाद पार्टी ने खुद को पुनर्गठित करने में कुछ वक्त लिया और अंत में हाशिये पर धकेल दिए गए बीएस येदियुरप्पा पर फिर से भरोसा करना उचित समझा। उनको न सिर्फ फिर से जिम्मेदारी दी गई है, बल्कि उनके बेटे बी वाई विजयेंद्र को राज्य भाजपा प्रमुख बनाया गया है। भाजपा को लगता है कि इससे लिंगायतों के वोट उसे वापस मिल सकते हैं, जो एक दबदबे वाली जाति है।

एक अन्य रणनीतिक कदम के तहत यह पार्टी पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के नेतृत्व वाले जनता दल (एस) के साथ गठबंधन करने जा रही है और उसे पांच सीटों की पेशकश की है। पार्टी का मानना है कि इससे मैसूर क्षेत्र में वोक्कालिगा के कुछ वोट उसकी झोली में आ सकते हैं। यह स्थिति 2019 के चुनाव से अलग है, जब पार्टी ने अकेले चुनाव लड़ने का फैसला किया था और जद (एस) व कांग्रेस साथ थे।



पिछले विधानसभा चुनाव में हिजाब, हलाला और लव जेहाद जैसे मुद्दों को उठाने वाली भाजपा इस बार हिंदुत्व पर कुछ नरम नजर आ रही है। उसके बजाय संघ परिवार के लोग हनुमान ध्वज को लेकर अपनी सक्रियता दिखा रहे हैं। उधर मुख्यमंत्री सिद्धारमैया आर्थिक संसाधनों के जायज बंटवारे का मुद्दा उठाकर केंद्र सरकार पर पक्षपात करने का आरोप लगा रहे हैं। वैसे, भाजपा के मजबूत राष्ट्रवाद के विरुद्ध उप-राष्ट्रवाद (किसी जाति या स्थानीय आकांक्षा) को आगे बढ़ाने का प्रयास केरल और तमिलनाडु जैसे पड़ोसी राज्यों के मुख्यमंत्री भी कर रहे हैं। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी तो इस तरह के एजेंडे को कहीं अधिक सूक्ष्म रूप से आगे बढ़ा रहे हैं।

केरल में भाजपा 2019 में दोहरे अंकों में मत-प्रतिशत पाने में सफल रही थी, लेकिन उसे कोई सीट नहीं मिल सकी थी। इस बार पार्टी अपना खाता खोलने के लिए कुछ सीटों पर ही ध्यान लगा रही है। पार्टी का मानना है कि पूरे प्रदेश में मत प्रतिशत बढ़ाने के बजाय कुछ खास निर्वाचन क्षेत्रों पर प्रयास करना उसके लिए ज्यादा फायदेमंद साबित हो सकता है। इस बार वह तिरुवनंतपुरम, त्रिशूर और पथानामथिट्टा जैसी सीटों पर काम कर रही है, जहां वह या तो दूसरे स्थान पर थी या कांग्रेस व माकपा के बाद तीसरे पायदान पर। मोदी के करिश्मे के अलावा, अभिनेता सुरेश गोपी को टिकट देकर पार्टी यहां 'स्टार पावर' पर भी भरोसा कर रही है, जो त्रिशूर विधानसभा चुनाव में भाजपा के मत प्रतिशत को 31 तक बढ़ाने में कामयाब रहे हैं।

भाजपा की तरह माकपा भी थॉमस इसाक और शैलजा टीचर जैसी प्रभावी शख्सियतों को मैदान में उतारकर अपनी ताकत बढ़ाने की कोशिश कर रही है। मगर ऐसा लगता है कि यह पहल काम नहीं कर रही, क्योंकि उनमें से कई ने चुनाव लड़ने में अनिच्छा दिखाई है। रही बात कांग्रेस की, तो वह राहुल गांधी की छवि पर भरोसा कर रही है, क्योंकि उनके फिर से वायनाड से चुनाव लड़ने की संभावना है। केरल में मतदाता लोकसभा और राज्य विधानसभा के चुनावों में अलग-अलग पैमाने पर प्रतिनिधि चुनते हैं। राज्य में जहां उनका भरोसा पी विजयन पर है, तो लोकसभा के लिए वह राहुल गांधी के साथ जा सकते हैं, फिर चाहे वह प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार न भी हों।

तेलंगाना में भाजपा को 2019 में चार सीटें मिली थीं और इस बार वह इसे बढ़ाने को उत्सुक है। मगर विधानसभा चुनावों में बीआरएस के साथ अंदरखाने तालमेल का उसका फैसला कोई काम नहीं कर सका, इसलिए इस बार वह दुविधा में दिख रही है। 2019 में कांग्रेस वहां खस्ताहाल थी, पर इस बार वह एक मजबूत ताकत है। इसीलिए, तेलंगाना का चुनावी दंगल काफी दिलचस्प होने वाला है। रेवंत रेड्डी न सिर्फ बीआरएस नेता चंद्रशेखर राव के प्रभाव को खत्म करने की कोशिश में जुटे हैं, बल्कि अपने काडरों को भी काफी उत्साहित कर रहे हैं, जो अब भाजपा से मुकाबले के लिए बेहतर तरीके से तैयार हैं।

आंध्र प्रदेश भी इन सबसे अलग नहीं है। यहां मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी की बहन शर्मिला रेड्डी की अचानक आमद के बाद राजनीति में हलचल मच गई है। अपनी पार्टी का विलय करने और राज्य कांग्रेस प्रमुख बनने के बाद उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भर दिया है और अपने भाई को हटाने के अपने दुस्साहसिक प्रयासों से हर रोज सुर्खियां बटोर रही हैं। यहां 2019 में भाजपा का मत-प्रतिशत था 11.70, लेकिन उसे कोई सीट नहीं मिली थी। छह महीने पहले उसके लिए धर्मसंकट तब पैदा हो गया था, जब टीडीपी और वाईएसआर कांग्रेस, दोनों पार्टियां उसके साथ गठबंधन बनाने की कोशिश कर रही थीं।

तमिलनाडु में भाजपा प्रमुख अन्नामलाई ने पार्टी कार्यकर्ताओं में जबर्दस्त जोश भर दिया है, उम्मीद है कि यहां पार्टी का मत प्रतिशत 3.71 की तुलना में दोहरे अंक में पहुंच सकता है। मगर द्रमुक गठबंधन यहां मजबूत स्थिति में दिख रहा है, क्योंकिअन्नाद्रमुक व भाजपा का साथ टूट चुका है, इसलिए यहां विपक्ष बिखरा हुआ है। कुल मिलाकर, जहां-जहां भारतीय जनता पार्टी को कमी नजर आएगी, वहां-वहां प्रधानमंत्री मोदी को ही बतौर 'ब्रह्मास्त्र' पेश किया जाएगा।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# भारत जैसी विविधता वाले देश पापुआ न्यू गिनी से सबक

पापुआ न्यू गिनी देश इस बात की मिसाल है कि बहुत ज्यादा विविधता वाले समाज तब तक गहरे संकट में पड़े रह सकते हैं, जब तक कि वे खुद को नियंत्रित करने के लिए जरूरी सामाजिक पूंजी विकसित नहीं कर लेते। यह देश इंडोनेशिया के सबसे पूर्वी हिस्से में और ऑस्ट्रेलिया के उत्तर-पूर्व में स्थित द्वीप समूह पर बसा है। इसकी प्रसिद्धि का सबसे बड़ा दावा यह है कि इसकी आबादी दुनिया में सबसे वैविध्यपूर्ण है, जहां 850 से अधिक भाषाएं बोली जाती हैं और हजारों जातियां व जनजातियां बसी हैं। पापुआ महाराष्ट्र या गुजरात के आकार का देश है, जहां एक करोड़ से ज्यादा लोग रहते हैं।

यह देश ज्वालामुखी विस्फोट, शहरी दंगों, अंतर-आदिवासी हिंसा, ईंधन की कमी, विदेशी मुद्रा समस्याओं और प्रधानमंत्री को बदलने के लिए चल रही संसदीय साजिशों से गुजरता रहा है। आप कह सकते हैं कि यह देश अनेक प्रकार के संकटों में फंसा हुआ है। 150 साल पहले यूरोपीय उपनिवेशीकरण से पहले जिन लोगों की सामाजिक संरचना एक गांव से भी बड़ी नहीं थी, वे अब एक आधुनिक राज्य के नागरिक हैं। यहां अनेक छोटे-छोटे समूह अपनी-अपनी भाषा-बोली को बचाए हुए हैं। अपनी जाति और जनजाति के प्रति यहां लोगों में गजब की निष्ठा है। लोग नेताओं से उम्मीद करते हैं कि वे सामाजिक समूह के हित का पूरा ध्यान रखेंगे। ऐसे में, वे राष्ट्रीय शासन की तुलना में स्थानीय शासन के प्रति ज्यादा लगाव दिखाते हैं। एक और खास बात यह है कि विदेशी मिशनरियों ने यहां भले ही लोगों को बड़ी संख्या में ईसाई बना दिया है, पर लोग अपनी आदिवासी पहचान को भी बनाए हुए हैं। 1975 में ऑस्ट्रेलिया से आजादी मिलने के बाद पापुआ न्यू गिनीवासियों ने एक राष्ट्रीय पहचान बनाने की कोशिश की है, पर यह काम अभी भी प्रगति पर है। एकेश्वरवादी धर्म, राष्ट्रवाद और सर्वदेशीयवाद के सामने जनजातीय समूह शक्तिशाली बने हुए हैं।

यह देश इतनी विविधताओं से भरा है कि सदियों तक इसका समाज खुद को आदिवासी संघों में संगठित नहीं कर सका है, शासन और प्रशासन को तो छोड़ ही दें। यहां ग्रामीण समुदाय भौगोलिक रूप से इतने अलग-थलग, सांस्कृतिक रूप से अलग और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हैं कि वे एकजुट होकर एक बड़ी इकाई नहीं बना सके हैं। दरअसल, इस देश को जिस गति से सामाजिक पूंजी का निर्माण करना चाहिए था, वह नहीं हो पाया। यह देश न सुदृढ़ राजनीतिक तंत्र सुनिश्चित कर सका है, न कानून का शासन बनाए रख सका और न बुनियादी सार्वजनिक वस्तुओं-सुविधाओं का विकास हुआ है।

मतलब, अति-विविधता के चलते यहां सामाजिक पूंजी बहुत कमजोर रही है, जिससे किसी सार्थक पैमाने पर लोगों से प्रभावी सहयोग लेना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में, निम्न मानव विकास संकेतक, उच्च अपराध और भ्रष्टाचार को भी बल मिलता है। छोटे-छोटे समूह अपने-अपने लोगों को रोजगार व सुविधा दिलाने की कोशिश करते हैं, जैसे भारत में भी कई परिवारों, समूहों या जातियों में देखने में आता है। भारतीय समाज में भी पापुआ की तरह ही समस्याएं हैं। यहां भी चुनावी राजनीति शासन के विभिन्न दृष्टिकोणों पर नहीं, बल्कि अपने-अपने समूह के ईद-गिर्द संगठित होती है। बड़ी संख्या में ऐसे दल और नेता हैं, जो बार-बार अपने स्वार्थ के लिए हस्तक्षेप करते हैं। ऐसे में, सरकारें कुल वोटों के आधे से भी कम वोटों के साथ शासन करती हैं। संघवाद खराब नजर आने लगता है। भाषा को लेकर भी झगड़े होते रहते हैं और किसी भी कानून को सभी पर लागू करने में कठिनाई आती है।

फिर भी यह ध्यान देने की बात है कि अति-विविधता वाला भारत बेहतर प्रदर्शन करने में क्यों सक्षम है? हमारे पास साझी सभ्यता, भूगोल व मजबूत सामुदायिक भावना है। हमारी धार्मिक, जातीय और राष्ट्रीय पहचान जातिगत सीमाओं से ऊपर उठ जाती है। समाज के रूप में भारतीयों की समझ विकसित है। इसी बुनियाद पर हम सामाजिक पूंजी का व्यापक भंडार बना सकते हैं, ताकि सभी समूहों को जोड़ सकें और सभी को लाभ पहुंचा सकें। बहरहाल, पापुआ की चुनौती अपने सैकड़ों छोटे समाजों को एक देश में बदलना है। यह आसान नहीं होगा।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5296

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | | | 9 | | 8 | 5 |
| 9 | 4 | | | | 6 | | | 2 |
| | 8 | 1 | | | 4 | | | 3 |
| 6 | | | | | | 1 | | 8 |
| | | | | 3 | | | | |
| 2 | | 8 | | | | | | 9 |
| 3 | | | 1 | | | 8 | 4 | |
| 8 | | | 6 | | | | 5 | 7 |
| 4 | 7 | | 2 | | | | 3 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5295

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 1 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 8 |
| 9 | 3 | 6 | 2 | 8 | 4 | 1 | 7 | 5 |
| 8 | 4 | 2 | 5 | 1 | 7 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 1 |
| 2 | 6 | 5 | 1 | 4 | 9 | 7 | 8 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 7 | 6 | 8 | 5 | 9 | 2 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 7 | 6 | 8 | 2 | 4 |
| 4 | 9 | 7 | 8 | 5 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 3 | 1 | 9 | 5 | 7 |

# आज का राशिफल

### मेष

कार्यक्षेत्र में परिवर्तन और बदलाव आपके लिए फायदेमंद होंगे और आज आपके घर में कोई व?यवस?था बनानी पड़ सकती है। आपकी हिम्मत जवाब दे रही है। किसी प्रकार के कानूनी फंदे में आप पड़ सकते हैं। ऑफिस में किसी कारण से विवाद हो सकते हैं और इसमें आपको सावधान रहने की जरूरत है।

### वृष

आज आर्थिक लाभ होगा और आज आपको अपने काम में आर्थिक लाभ होगा। आप हमेशा ही दूसरों के भरोसा बैठकर अपने लिए भी कुछ प्राप्त कर लेने की इच्छा रखते हैं। किसी दूसरे से आपको लाभ होगा और आपकी परेशानी दूर होंगी। एक न एक दिन आपको अपने लिए भी परिश्रम करना पड़ेगा और आपको कारोबार में लाभ होगा।

### मिथुन

आज लाभ होगा और आपके सम्मान में वृद्धि होगी। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और आपके आपको सीनियर्स का सहयोग मिलेगा। ऑफिस में आपको हर प्रकार का सहयोग मिलेगा और आपके व्यवहार से सब प्रसन्न होंगे। उनकी ढेर सारी गलतियों को आप माफ कर देंगे।

### तुला

आज आर्थिक लाभ होगा और आपके कार्यक्षेत्र में सफलता प्राप्त होगी। अपने कार्यक्षेत्र में हमेशा ही दूसरों के भरोसे नहीं रहना चाहिए। कभी कभी अपनी शर्तों पर काम करने की कोशिश करनी चाहिए। सही समय पर सही फैसला लें तो आपको लाभ होगा। आपकी व्यग्रता और तनाव अपने आप ही घट जाए।

### वृश्चिक

आज सम्मान में वृद्धि होगी और आपको किस्मत का साथ मिलेगा। आपकी उदारता का लोग लाभ उठाएंगे। आपके लिए ही भारी पड़ जाती है। यदि यह किसी प्रकार की न्याय नीति का मामला हो या कानूनी दायरे में कुछ कर दिखाने की इच्छा हो आपके पास एक ठोस युक्ति भरा प्लान तैयार रहता है।

### धनु

दिन आज भाग्यशाली होगा। आपका दिन सम्मान से भरा होगा और आज धन से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। आज आपके फैसले से लोग प्रसन्न होंगे और आपको कारोबार में इसका लाभ होगा। आप हौसले पस्त हो जाएंगे तो आपकी जीत होगी। आपकी योजनाएं सफल होंगी। आपको भाग्य का साथ मिलेगा।

### कर्क

आज रुके कार्य पूर्ण होंगे और लाभ की संभावना है। नौकरी व्यवसाय से जुड़े कुछ मुद्दे हल हो जाएंगे। आपको आज धन के निवेश में लाभ होगा और आपके सम्मान में वृद्धि होगी। रात्रि का समय मित्रों और परिजनों के साथ बीतेगा और आपको भाग्य का साथ मिलेगा।

### सिंह

आपकी उन्नति होगी। आपको आज धन के निवेश में लाभ होगा और रुपये-पैसे के मामले में आपको भाग्य का साथ मिलेगा। आज आपको सामाजिक कार्यक्रम में भाग लेना पड़ सकता है और उसमें आपका काफी वक्त लगेगा। यदि आप किसी ठोस संगठन से जुड़े हैं तो बहुत अच्छी बात है। आज आपको धन कमाने के कई मौके मिलेंगे।

### कन्या

आज लाभ होगा। आपके सम्मान में वृद्धि होगी। आप अपने काम को छोड़कर दूसरों के काम के लिए काफी दौड़भाग करेंगे। आज के दिन भी आपको अपने बारे में ज्यादा सोचना चाहिए। कामकाज की स्थिति अनुकूल हो रही है।

### मकर

आज दिन शुभ है आपको कारोबार के मामले में कोई अच्छी खबर आपको मिलेगी। कोई जरूरी काम बन जाने से लाभदायक अवसरों की प्राप्ति होगी और आगे का समय अच्छा कटने का उत्साह रहेगा। आपके लिए आज सौभाग्य की बात है। कहीं से रुका हुआ धन आपको मिलेगा। धन भी शाम तक हाथ में आ जाएगा।

### कुंभ

आज सम्मान प्राप्त होगा। आज का दिन आपके लिए सुख में बीतेगा। कोई वस्तु या उपहार खरीदने की जल्दी रहेगी। दूसरी ओर आपके कार्यक्षेत्र में भी काम का प्रैशर ज्यादा रहेगा। सही वक्त पर आकर आपका वाहन आदि भी साथ नहीं देगा। ऐसे वक्त पर आपकी अपनी सूझबूझ बहुत काम आएगी।

### मीन

आज सुख संपन्नता बढ़ेगी और आपकी पैसों से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। किसी काम के बिगड़ने से आपका नुकसान हो सकता है। आज आपको पैसों के मामले में कोई बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है। आपके लिए ग्रहों की दशा अनुकूल है। आपके सम्मान में वृद्धि होगी। किसी ग्रह की अनुकूलता से आपको लाभ होगा।

## वर्ग पहेली 5296



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. भारतीय स्वतंत्रतास संग्राम के अग्रदूत जिन्हें 8 अप्रैल 1857 को फांसी दे दी गई (5)
5. आवरण, भंडार, खजाना (2)
7. खुशबू, सुगंध, महक (3)
8. भाग्य को अंग्रेजी में यह कहते है (2)
9. कोई वाद्य बजाने वाला, साजिंदा (3)
11. चैत्र की फसल का प्रसिद्ध अन्न (2)
13. कारपेंटर, बढ़ाई, शिल्पी (3)
15. ओंष्ठ, ओंठ, अधर (4)
17. सनिश्चय नहीं (3)
19. बायां, चंद्रमा के रथ के घोड़े का एक नाम (2)
20. छोटा बोरा, कट्टा, छोटा थैला (2)
21. श्रीगणेश की दो पत्नियों में एक का नाम जो क्षेम की माता थीं (2)
22. शारीरिक पीड़ा, एक बड़ा कांटा, मनोज वाजपेयी और रवीना टंडन आदि अभिनीत एक फिल्म (2)
23. अवाक, जो बोलता न हो, गूंगा (2)
24. वर्तुलाकार, वृत्त, फुटबॉल खेल से संबंधित एक शब्द (2)

**ऊपर से नीचे**

1. कार्यारंभ के पूर्व की जाने वाली मंगल स्तुति, मांगलिक मंत्र (6)
2. गहरा दुख, शोक (2)
3. पक्षाघात, एक रोग जिसमें शरीर का कोई अंग सुन्न या बेकार हो जाता है (3)
4. रोजनामचा को अंग्रेजी में यह कहते है (3)
5. वंदे मातरम गीत के रचनाकार बंकिमचंद चटर्जी का 8 अप्रैल 1894 को यहां निधन हो गया (4)
6. भ्रम, संदेह (2)
10. डांटना, घुडकना, उपटना का अपभ्रंश (4)
12. आवाज, शब्द (2)
13. आलसी, मंद गति से कार्य करने वाला (2)
14. जिसके मन में करूणा का भाव हो, दयालु, कृपालु (5)
16. जलधारा, अनुपात, सारिणी, सरिता (3)
18. यह शहर गोदावरी नदी के समीप स्थित है (3)
20. बात, वचन, शब्द, वाद्यों का ध्वनि, बोली (2)

### वर्ग पहेली 5295 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सो | म | ना | थ | श | र्मा | | जू |
| म | ह | ल | | ह | | डा | ल |
| ना | क | | अ | ना | मि | का | |
| थ | | क | मा | ई | | | अ |
| | मा | न | व | | आ | ला | प |
| र | न | | स्या | म | | | य |
| वि | हा | र | | नु | मा | इ | श |
| श | नि | | मैं | | ल | | |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

## संक्षिप्त समाचार

### शिवरात्रिकी तैयारी केलिए में बैठक आयोजित

**पबिया, एजेंसी।** शिवरात्रि को लेकर फुलजोरी गांव में ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से बैठक आयोजित किया। बैठक में साफ सफाई, शिवरात्रि त्यौहार, बारात, पूजा-अर्चना, विधि व्यवस्था और इस उपलक्ष्य पर धार्मिक अनुष्ठान को लेकर चर्चा किया गया।बताया गया कि इस शिव रात्रि के अवसर चौबीस प्रहार का हरि नाम संकीर्तन का भी आयोजन किया जाएगा। जो प्रतिवर्ष होते आ रहा है। बताया कि अलोका दास के द्वारा लीला कीर्तन का प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। इस मौके पर देवी राय, जहर लाल, अजीत राय, मधुसूदन पंडित, रंजन पंडित, मैनेजर मंडल, तुलसी मंडल सहित तमाम ग्रामीण शामिल रहे।

### पीएम के कार्यक्रम के लिए आईपीआरडी में तीन अधिकारियों की तैनाती

**धनबाद, एजेंसी।** प्रधानमंत्री के धनबाद आगमन पर जिले के आईपीआरडी में तीन अधिकारियों की तैनाती की गई है। तीनों की तैनाती निदेशालय स्तर से की गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार धनबाद के नए डीपीआरओ सुनील कुमार ने स्वास्थ्य कारणों के कारण पदभार नहीं संभाला है। धनबाद में डिप्टी डायरेक्टर उत्तरी छोटानागपुर आनंद कुमार, रांची की डीपीआरओ उर्वशी पांडेय तथा बोकारो के डीपीआरओ साकेत पांडेय को तैनात किया गया है। मालूम हो कि आनंद कुमार पूर्व में धनबाद के डीपीआरओ रह चुके हैं। उर्वशी पांडेय भी धनबाद की निवर्तमान डीपीआरओ रही हैं। तीनों अधिकारियों ने धनबाद में काम संभाल लिया है। प्रधानमंत्री एक मार्च को धनबाद आ रहे हैं। इस दिन प्रधानमंत्री सिंदरी में हर्ल खाद कारखाने का उद्घाटन करेंगे तथा धनबाद के बरवाअड्डा हवाईपट्टी पर जनसभा को संबोधित करेंगे। जिला प्रशासन इसकी तैयारी में जुटा है।

### बीबीएमकेयू में होगी 130 अस्थायी शिक्षकों की नियुक्ति, 7 तक कर सकेंगे आवेदन

**धनबाद , एजेंसी।** बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय (बीबीएमकेयू) में 130 अस्थायी शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। विवि प्रशासन ने आवश्यकता आधारित शिक्षकों की नियुक्ति के संबंध में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। साथ ही, पहले से जारी 158 अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया को रद्द कर दिया गया है।नियुक्ति के लिए योग्य अभ्यर्थी चांसलर पोर्टल के जरिए 7 मार्च की शाम 5 बजे तक आवेदन कर सकते हैं। उसके बाद डिमांड ड्राफ्ट और जरूरी कागजात के साथ आवेदन की हार्ड कॉपी 10 मार्च तक विश्वविद्यालय के कार्यालय में स्पीड पोस्ट या निबंधित डाक से भेजनी होगी। 11 से 13 मार्च तक आवेदनों की स्क्रीनिंग के बाद 15 मार्च को अभ्यार्थियों के साक्षात्कार की सूचना जारी की जाएगी। 20 मार्च से 5 अप्रैल तक साक्षात्कार होंगे और 8 अप्रैल को चयन सूची जारी की जाएगी।विवि प्रशासन के मुताबिक, इस संबंध में जरूरी सूचनाएं वेबसाइट पर अपडेट की जाती रहेंगी। नियुक्ति अनुबंध के आधार पर होगी। यह नियमित या बैकलॉग की नियुक्तियों तक मान्य होगी। चयनित शिक्षकों को उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के नियमों के अनुसार प्रतिमाह पारिश्रमिक मिलेगा।

### विद्यालयों में भोजन की गुणवत्ता की जांच करने का निर्देश

**चाईबासा, एजेंसी।** पश्चिमी सिंहभूम जिला समाहरणालय सभागार में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त कुलदीप चौधरी की अध्यक्षता एवं अपर उपायुक्त कमलेश्वर नारायण, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्रीमती सुनीला खलको, क्षेत्रीय शिक्षा पदाधिकारी अविनाश राम सहित अन्य की उपस्थिति में पीएम-पोषण योजना, जिला स्तरीय स्टेयरिंग सह मॉनिटरिंग कमेटी की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त द्वारा योजना से संबंधित प्रखंडवार अद्यतन प्रतिवेदन का जायजा लिया गया।इस दौरान उपायुक्त द्वारा मध्याह्न भोजन के संपूर्ण आच्छादन को सुनिश्चित करने तथा बच्चों की उपस्थिति एसएमएस अनिवार्य रूप से अग्रसारित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त के द्वारा बच्चों तक गुणवत्तापूर्ण मध्याह्न भोजन पहुंचे, इसके लिए संलग्न समिति के जिला स्तरीय पदाधिकारी को महीने में दो बार विद्यालयों का निरीक्षण करने तथा प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को नियमित रूप से अलग-अलग विद्यालयों में भोजन की गुणवत्ता को जांच करने का निर्देश दिया गया।

# एक मार्च से झारखंड में 7.66 प्रतिशत महंगी होगी बिजली

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में बिजली एक मार्च से 7.66 प्रतिशत महंगी होगी। ग्रामीण घरेलू उपभोक्ताओं की बिजली दर में पचास पैसे और शहरी घरेलू उपभोक्ताओं के लिए दर में 35 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है। झारखंड विद्युत नियामक आयोग (जेएसईआरसी) बुधवार को जीबीवीएनएल को 2023-24 के लिए टैरिफ आदेश जारी कर दिया है। अब ग्रामीण इलाके के घरेलू उपभोक्ताओं को 6.30 और शहरी क्षेत्रों के घरेलू उपभोक्ताओं को 6.65 रुपये प्रति यूनिट की दर से बिजली बिल चुकाना होगा।

ग्रामीण घरेलू उपभोक्ताओं के फिक्स्ड चार्ज को 50 रुपये प्रतिमाह से बढ़ा कर 75 रुपये कर दिया गया है। शहरी घरेलू उपभोक्ताओं का फिक्स्ड चार्ज पूर्व की तरह 100 रुपये ही रखा गया है। देखा जाए तो शहर से ज्यादा गांव के उपभोक्ताओं की बिजली दर में वृद्धि की गई है। बावजूद ग्रामीण घरेलू उपभोक्ताओं की दर शहर की तुलना में 35 पैसे कम है।

जेएसईआरसी के अध्यक्ष एके गुप्ता ने कहा कि जेबीवीएनएल ने 39.71 प्रतिशत टैरिफ बढ़ाने का प्रस्ताव दिया था, जिस पर सुनवाई करने के बाद 7.66 प्रतिशत वृद्धि की



मंजूरी दी गई है। उन्होंने कहा कि यदि उपभोक्ता पांच दिनों के भीतर बिल का भुगतान करते हैं तो उन्हें 02 फीसदी की छूट दी जाएगी। ऑनलाइन या किसी भी डिजिटल मोड से भुगतान किए गए संपूर्ण बिल राशि के नियत तिथि के भीतर भुगतान करने पर बिल राशि में 1.00 प्रतिशत की छूट दी जाएगी, इसकी अधिकतम सीमा 250 रुपये तय की गई है।

उन्होंने बताया कि रूफटॉप सोलर को प्रोत्साहित करने और बढ़ावा देने के लिए, आयोग ने ग्रॉस मीटरिंग के लिए 4.16 रुपये और नेट मीटरिंग के लिए 3.80 रुपये प्रति यूनिट के टैरिफ को बरकरार रखा है। आयोग ने उपभोक्ताओं के लिए कोई मीटरिंग शुल्क नहीं रखा है। पूर्ण निर्धारित शुल्क की वसूली एचटी उपभोक्ताओं के लिए 23 घंटे और एलटी उपभोक्ताओं के लिए 21 घंटे रखा है। प्रीपेड मीटरिंग पर स्विच करने के लिए संबंधित उपभोक्ता श्रेणी के लिए ऊर्जा शुल्क पर 3 फीसदी की छूट लागू रहेगी और प्रीपेड मीटर की स्थापना के एक महीने के भीतर पूरी सुरक्षा जमा राशि वापस कर दी जाएगी।

#### टैरिफ निर्धारण सब्सिडी के बिना

आयोग की ओर से तय की गई दर में राज्य सरकार की ओर से दी जा रही सब्सिडी शामिल नहीं है। राज्य सरकार 100 से बढ़ाकर 125 यूनिट मुफ्त बिजली देगी। करीब 29.15 लाख उपभोक्ता इससे अच्छादित होंगे। इससे अधिक बिजली उपभोग करने पर प्रति यूनिट सब्सिडी दी जाती है। शहरी घरेलू उपभोक्ता को 2.75 से 2.05 रुपये प्रति यूनिट और ग्रामीण घरेलू उपभोक्ताओं को करीब चार रुपये प्रति यूनिट सब्सिडी दी जाती है। 400 यूनिट से अधिक खपत पर सब्सिडी नहीं मिलती है।

#### बीते साल एक जून को बढ़ी थी दर

इससे पहले एक जून 2023 को बिजली की दर में बढ़ोतरी की गई थी। इस बार बढ़ाई गई बिजली की दरें एक मार्च 2024 से लागू होगी। आयोग के इस फैसले से जेबीवीएनएल को 7547 करोड़ 15 लाख रुपये के राजस्व का फायदा होगा।

### डीआरएम बोले 12 के मौत की अफवाह ना फैलाएं, विधायक ने मांगा मौत पर 20 लाख का मुआवजा

**जामता , एजेंसी।** कालाझरिया में काशीटांड़ रेलवे हॉल्ट के पास बुधवार रात हुए ट्रेन हादसे के बाद मौके पर पहुंची आसनसोल, जामताड़ा की मेडिकल टीम तथा रेस्क्यू टीम देर रात तक रेल पटरियों के किनारे संभावित यात्रियों के शवों और घायलों को अंधेरे में तलाशती रही। कई टुकड़ों में बंटे दो शवों के अलावा टीम को किसी के शव या घायल का पता नहीं चला। स्थानीय लोगों के मुताबिक कई यात्रियों को हल्की चोटें लगी थी जो सम्भवतः भागलपुर-यशवंतपुर अंग एक्सप्रेस ट्रेन पर सवार होकर आसनसोल की ओर चले गए। घटना के बाद आसनसोल डीआरएम चेतनानंद सिंह, जामताड़ा एसपी अनिमेष नैथानी, जामताड़ा एसडीओ अनंत कुमार मेडिकल व रेस्क्यू टीम के साथ मौके पर पहुंचे थे। घटनास्थल का मुआयना करने के बाद टीम देर रात सदर अस्पताल जामताड़ा पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। डीआरएम ने कहा कि 12 लोगों के मरने की अफवाह नही फैलानी चाहिए, ये किसी की मौत से मजाक जैसा है। दो लोगों के मरने की पुष्टि हुई है। घटना पर जांच टीम गठित कर दी गयी है। जो निष्पक्ष जांच करेगी। गुरुवार को टीम जांच करने मौके पर पहुंच रही है।मरने वालों की पहचान उनके आधार कार्ड से की गई है जो ट्रैक पर उनकी जेब से मिले है। इनमे बिहार कटिहार के बगहा निवासी मनीष कुमार पिता तेज नारायण मंडल और बिहार के ही जमुई जिले के झाझा निवासी सिकन्दर कुमार पिता आदिकाल यादव शामिल है।विधायक इरफान अंसारी ने कहा, जामताड़ा का रेल हादसे मे मारे गए दो लोगों की घटना अत्यंत ही दुखद और मन को शोकाकुल कर देने वाला है। मैं इस हृदय विदारक घटना से मर्माहत हूं।रेलवे की लापरवाही ने दो लोगों की जान ले ली और कई लोग घायल हैं।

## चैंबर ऑफ कॉमर्स कार्यसमिति की बैठक, शहर में यातायात की समस्या पर जताई चिंता

**रांची , एजेंसी।** झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यकारिणी समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता किशोर मंत्री ने की। बैठक में शहर में यातायात की समस्या पर सदस्यों ने चिंता जताई। कहा कि निर्माणाधीन फ्लाईओवर्स के पास बाइलेन टूटी-फूटी स्थिति में है। जिस कारण आए दिन दुर्घटना हो रही है। बाइलेन और एप्रोच रोड की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण लोग सुविधा और सुरक्षा से वंचित हैं।

बैठक में कहा गया कि सर्कुलर रोड में भी पीएचडी विभाग द्वारा सड़क पर गड्ढे खोदकर अधूरा छोड़ दिया गया है। जिस कारण नियमित रूप से वहां गाड़ियां फंस जाती हैं। इलाके में धूल उड़ने के कारण भी लोग परेशान हैं। सड़क और फ्लाईओवर के निर्माण कार्य में जुटे एजेंसी या विभाग को समीक्षा करनी चाहिए। व्यापारियों की ओर से प्राप्त शिकायत पर चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने जल्द ही ट्रॉफिक एसपी के साथ बैठक करने की बात कही गई।

झारखंड में भवन नियमितीकरण योजना को जल्द प्रभावी करने की आवश्यकता पर सदस्यों ने विचार साझा किए। जिस पर अध्यक्ष किशोर मंत्री



ने अवगत कराया कि तकनीकी कारणों से यह बिल रुका हुआ है। जनहित से जुड़े इस बिल को प्रभावी करने के लिए फेडरेशन निरंतर प्रयासरत है। झारखंड में व्यवसायिक बागवानी एवं बागवानी आधारित व्यापार व उद्योग को बढ़ावा देने के लिए हाल ही में संपन्न कार्यशाला के लिए उन्होंने अहारी उप समिति चेयरमेन आनंद कोठारी के प्रयास की प्रशंसा की। वहीं सदस्यों से राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड की योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। यह कहा कि योजना के तहत 30 से 50 फीसदी तक सब्सिडी का प्रावधान है।

बैठक के दौरान सदस्यों ने साइबर सिक्योरिटी से जुडी समस्याओं से भी अवगत कराया। यह निर्णय लिया गया कि जल्द ही चैंबर भवन में साइबर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा।

## ट्रैफिक नियम तोड़ेंगे आज, छह महीने बाद पहुंचेगा चालान

**रांची, एजेंसी।** हाइटेक व्यवस्था तभी समुचित तरीके से काम कर सकती है, जब उससे जुड़ी व्यवस्थाएं भी दुरुस्त रहें। राजधानी की यातायात व्यवस्था की निगरानी तंत्र को हाइटेक तो कर दिया गया लेकिन उसके नीचे की व्यवस्था कैसे काम करेगी, इसकी चिंता नहीं की गई।

नतीजा यह हो रहा है कि स्मार्ट सिटी का कमांड कम्यूनिकेशन एंड कंट्रोल सेंटर जिन यातायात नियमों के उल्लंघन को पकड़ रहा है। उस पर आगे की कार्रवाई करने में एक दो महीने नहीं बल्कि छह महीने तक वक्त लग रहा है। लोग भी परेशान हैं कि उन्हें छह महीने बाद इसकी सूचना क्यों मिल रही है।

कमांड कंट्रोल की ओर से नियमों का उल्लंघन करने वालों की सूची हर रोज ट्रैफिक पुलिस को उपलब्ध करा दी जाती है। लेकिन, कार्रवाई की प्रक्रिया इतनी धीमी है कि लोगों को इसकी जानकारी समय पर नहीं मिल पा रही है। प्रत्येक दिन चार हजार ट्रैफिक नियम उल्लंघन के मामले उपलब्ध कराए जाते हैं। बावजूद इसके



इन पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है।

शहर में हर रोज ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन के दस हजार मामले आते हैं, जिसमें से सिर्फ चार हजार ही मामले ई-चालान के लिए भेजे जाते हैं। पहले ट्रैफिक नियम उल्लंघन के 26666 मामले रोज आते थे। रांची शहर में 3.36 लाख वाहनों का रोजाना आवागमन होता है।चालान पोस्ट करने के लिए ट्रैफिक पुलिस के पास कोई फंड नहीं है। यही वजह है कि ट्रैफिक पुलिस चालान भेजने में पीछे चल रही है। उनका कहना है कि पहले ई-चालान भेजा जाता था, जिसका ज्यादा प्रभाव नहीं पड़ता था और उनका भुगतान भी कम होता था।

# झारखंड में यात्रियों को रौंद कर गुजरी ट्रेन, 2 की मौत और 10 लोग घायल

**जामताड़ा , एजेंसी।** झारखंड के जामताड़ा जिले में एक बड़े ट्रेन हादसे की खबर आ रही है। बताया जा रहा है कि यहां एक ट्रेन कुछ यात्रियों को रौंदते हुए निकल गई है। घटना जामताड़ा के कालाझरिया रेलवे स्टेशन की है। बताया जा रहा है कि इस हादसे में कुछ लोगों की मौत हुई है। हालांकि, अभी मौत के सभी आंकड़ें सामने नहीं आए हैं। जामताड़ा के डिप्टी कमिश्नर ने कहा, %मेडिकल टीमों और एंबुलेंस को राहत और बचाव कार्य के लिए घटनास्थल पर भेजा गया है।%

शुरुआती जानकारी के आधार पर बताया जा रहा है कि विद्यासागर -जामताड़ा स्टेशन के बीच कालाझरिया के पास यह हादसा हुआ है। फिलहाल इस घटना में 2 लोगों के मरने की बात सामने आ रही है जबकि 10 लोग घायल बताए जा रहे हैं। हालांकि, मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। बताया जा रहा है कि डाउन लाइन में बेंगलरु-यशवंतपुर एक्सप्रेस ट्रेन रुकी थी। इस दौरान कई यात्री ट्रेन से उतरे हुए थे। लेकिन तब ही अप



लाइन में जा रही ईएमयू ट्रेन की चपेट में कई यात्री आ गए। जामताड़ा के स्छरूअनंत कुमार ने कहा कि अब तक दो शव बरामद किए गए हैं। रेलवे से आग्रह किया गया है कि वो हेल्पलाइन नंबर जारी करे। जांच के बाद घटना की वजह का पता चलेगा।

इस भयानक हादसे के बाद का एक वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में नजर आ रहा है कि राहत और बचाव कर्मी लोगों को घटनास्थल से लेकर जा रहे हैं। वीडियो में राहतकर्मी लोगों को एंबुलेंस में रखते हुए नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि रात के वक्त इस हादसे के बाद वहां चीख-पुकार मच गई है।

यशवंतपुर-हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन चेन पुल करने के कारण शाम में 7 बजे कालाझरिया के पास खड़ी थी, कुछ यात्री ट्रेन से उतर कर बगल में ट्रैक पर खड़े थे। इसी बीच आसनसोल - जसीडीह मेमू पैसेंजर ट्रेन आ गई और कुछ यात्री इसकी चपेट में आ गए। मृतकों में एक की पहचान कटिहार के सहसराम के मनीष कुमार (23) के रूप में हुई है। दूसरे मृतक की पहचान अभी नहीं हो पाई है। मृत लोगों में से एक की जेब से मिले आधार कार्ड के जरिए उनकी पहचान हुई है। जबकी दूसरे की पहचान नहीं हो सकी है। रेलवे ट्रैक पर बड़ी संख्या लोग इकट्ठा हो गए है, जिससे ट्रेनों का परिचालन भी प्रभावित है।

### इंस्पेक्ट मनोहर बने पुटकी थानेदार, 13 दारोगा की भी पोस्टिंग

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद जिले में योगदान देनेवाले एक इंस्पेक्टर सहित 13 दारोगा को बुधवार को थानों व ओपी में पोस्टिंग की गई। एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन ने साइबर थाना में पदस्थापित इंस्पेक्टर मनोहर करमाली को पुटकी का प्रभारी बनाया है। इसके अलावा 13 सब इंस्पेक्टरों को अलग-अलग थानों और ओपी में पदस्थापित करने का आदेश दिया है। चुनाव आयोग के नियम के अंतर्गत गौरव कुमार के राजगंज और पवन कुमार के बरोरा से लाइन क्लोज होने के बाद ये दोनों थाने खाली हो गए थे। एसएसपी ने घनुडीह ओपी प्रभारी तपन पाणिग्रही को राजगंज का नया थाना प्रभारी बनाया है। वहीं बरोरा से लाइन क्लोज पवन कुमार को घुनडीह का प्रभारी बनाया गया है। मीनू कुमार को धनबाद महिला थाना प्रभारी, कार्तिक यादव को धर्माबांध ओपी प्रभारी, विकास कुमार को बरोरा थाना प्रभारी, पवन पाठक को पाथरडीह थाना प्रभारी, रवि कुमार को जोगता थाना प्रभारी, रंजीत राम को भौंरा ओपी प्रभारी, शिव कुमार को मनियाडीह थाना प्रभारी तथा असीम लकड़ा को एससी-एसटी थाना प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा फाल्गुनी पासवान की पोस्टिंग सरायढेला, शैलेश कुमार की पोस्टिंग बैंक मोड़ तथा खुर्शीद आलम की पोस्टिंग ट्रैफिक थाना में की गई है।

### शालीमार बाजार में जबरन चार गुना महसूल वसूली का आरोप, संवेदक के विरुद्ध केस दर्ज

**रांची, एजेंसी।** धुर्वा के सेक्टर थ्री स्थित शालीमार बाजार के दुकानदारों से ठेकेदार द्वारा टैक्स वसूली को लेकर चल रहा विवाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। शालीमार बाजार में कपड़ा बेचने वाले संतोष कुमार ने धुर्वा थाने में टैक्स (महसूल) वसूलने वाली कंपनी राज फन एन आर्ट के संवेदक विकास सिंह और गुड्डू सिंह सहित अन्य पर केस दर्ज कराया है। इसमें आरोप लगाया गया है कि ठेकेदार दुकानदारों से एचईसी प्रबंधन द्वारा टेंडर में तय रेट से चार गुना टैक्स जबरन वसूल रहा है।

ठेकेदार के आदमी जबरदस्ती कर रहे हैं। संवेदक विकास सिंह, गुड्डू सिंह व उनके साथ 20-25 लोग लाठी डंडे से लैस होकर बाजार में भय बनाए रखते हैं। आरोप यह भी है कि ये लोग जान से मारने की धमकी तक दुकानदारों को देते हैं। दुकानदारों ने पुलिस से गुहार लगाई है कि असामाजिक तत्वों से उनकी रक्षा की जाए और कड़ी कार्रवाई की जाए।

एचईसी फुटपाथ विक्रेता संघ के व्यवसायियों ने ठेकेदार-थानेदार के खिलाफ बुधवार को धुर्वा में वेद प्रकाश के कार्यालय में बैठक की। कार्तिक लाल शर्मा ने बताया कि व्यवसायी 29 फरवरी को धुर्वा में दो जगहों से मशाल जुलूस निकाल कर अपना विरोध जताएंगे। पहला मशाल जुलूस शाम 5ः00 बजे जेपी मार्केट स्थित महाराणा प्रताप स्कूल के पास से निकलेगा। दूसरा मशाल जुलूस धुर्वा वार्ड नं 37 के पार्षद आनंद सिंह मूर्ति के नेतृत्व में निकलेगा।

## रिम्स के सुदृढ़ीकरण के लिए बजट पासरेडियोलॉजी-पैथोलॉजी जांच व्यवस्था फेल, जरूरत के हिसाब से 50 प्रतिशत डॉक्टर भी नहीं

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में रिम्स के सुदृढ़ीकरण को शामिल किया गया है। लेकिन चिकित्सा संस्थान के किन-किन चीजों को सुदृढ़ करना है, इसकी जानकारी नहीं दी गई है। भाजपा विधायक समरी लाल ने कहा कि बजट में स्वास्थ्य को पूरी तरह से दरकिनार किया गया है। जो पहले बजट में पास थी, उन्हीं चीजों को दोहरा दिया गया। सरकार ने रिम्स के सुदृढ़ीकरण के लिए बजट पास किया, लेकिन किन सुविधाओं को बेहतर बनाएंगे, इसका उल्लेख करना ही भूल गए। इसका मतलब साफ है कि सरकार के पास योजना ही नहीं है।

समरी लाल ने बताया कि रिम्स में उन योजनाओं को सुदृढ़ करना बेहद जरूरी है, जो सीधे तौर पर मरीज के इलाज से जुड़े हैं।



रिम्स ने कई निदेशक देख लिए, पर किसी ने रेडियोलॉजी और पैथोलॉजिकल जांच व्यवस्थाओं को ठीक करने पर ध्यान नहीं दिया। सबसे ज्यादा जरूरी इन सेवाओं को बेहतर करने की है, जिसके कारण मरीजों का इलाज प्रभावित हो रहा है। रिम्स में जरूरत के हिसाब से 50त्न डॉक्टर हैं ही नहीं। किसी विभाग में छह डॉक्टरों के पद सृजित हैं, वहां कार्यरत सिर्फ एक डॉक्टर है। रिम्स के सभी विभागों में कुल 250 चिकित्सकों के पद सृजित हैं, लेकिन कार्यरत 125 भी नहीं हैं।

रिम्स प्रबंधन ने दो साल पहले दो एडवांस सीटी स्कैन मशीनें खरीदी हैं। लेकिन दिन भर में 20-20 जांच करने में ही इन मशीनों की सांसें फूलने लगती हैं। रिम्स के ठीक बाहर पीपीपी मोड में हेल्थ मैप संचालित है। यहां एक मशीन से दिन भर में 40 से 50 रोगियों की जांच की जाती है।

रिम्स के कर्मियों से मालूम चला कि यहां की एमआरआई मशीन सालों से खराब है, इसलिए रिम्स में एमआरआई जांच नहीं होती। पर्ची कटाने काउंटर पर जाने पर वहां के कर्मी एमआरआई की पर्ची काटने से यह कहते हुए इंकार कर देते हैं कि मशीन ही खराब है।रिम्स में जांच सिस्टम व्यवस्थित नहीं है। मरीज को जांच कराने में पसीने छूट जाते हैं। भर्ती मरीज का सैंपल निकालने के बाद उन्हें कभी कमरा नंबर 230 में भेजा जाता है तो कभी 312 में, कभी 220 में या कभी सेंट्रल लैब, कभी बायोकेमेस्ट्री लैब तो कभी कलेक्शन सेंटर। साल में 200 से ज्यादा दिन रिम्स में जांच प्रभावित रहती है। क्योंकि रिएजेंट की सप्लाई एजेंसी के साथ करार नहीं है। जांच बंद होने के बाद रिएजेंट की सप्लाई पर ध्यान दिया जाता है। अभी भी रिम्स में अधिकतर जांच प्रभावित हैं।

आईपीएचएस नॉर्म्स की बात करें तो एक नर्स पर अधिकतम 5 मरीज होने चाहिए। लेकिन रिम्स में स्थिति ऐसी है कि यहां 1 नर्स पर 25 से ज्यादा मरीजों का दबाव है। ऐसे में 2200 बेडेड रिम्स में कम से कम 1300 नर्सों की जरूरत है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper


## संक्षिप्त समाचार

### इंदौर से निकला एक और हीरो

**इंदौर, एजेंसी।** आने वाले 8 मार्च 2024 के दिन महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर एक सम्पूर्ण बॉलीवुड मसाला फिल्म रिलीज होने जा रही है जिसका नाम है डकैत ऑफ धौलपुर। इस फिल्म से मनोज चतुर्वेदी बॉलीवुड में कदम रखने जा रहे हैं। फिल्म डकैत ऑफ धौलपुर में मनोज चतुर्वेदी ने अभिनय के साथ साथ फिल्म का निर्माण भी किया है। मनोज चतुर्वेदी के साथ इस फिल्म में निर्देशन की जिम्मेदारी अफजल खान ने संभाली है। डकैत ऑफ धौलपुर में मनोज के साथ राधा अजमेरा मुख्य भूमिका निभा रही हैं। मनोज चतुर्वेदी अपनी पहली फिल्म को लेकर काफी उत्साहित हैं क्योंकि उन्होंने अपनी पहली फिल्म के लिए शानदार कहानी का चयन किया है जिसमें ट्रेजेडी है, ऐक्शन है, ड्रामा है, रोमांस है,और कॉमेडी है। साथ ही फिल्म को महाशिवरात्रि के दिन रिलीज होने की वजह से उनका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ है। मनोज चतुर्वेदी ने फिल्म के रिलीज को लेकर कहा है कि मैं शिवशक्ति का भक्त हूं। उनके लिए महाशिवरात्रि का ये त्योहार साल में एक बार मनाया जाता है इसलिए भक्त होने के नाते मैं अपनी पहली फिल्म को शिवशक्ति के चरणों में समर्पित करने जा रहा हूं। मुझे उम्मीद है कि शिवशक्ति की कृपा मुझपर बनी रहेगी और उनके आशीर्वाद से मुझे मेरे मकसद में कामयाबी मिलेगीदरअसल इंदौर के रहने वाले मनोज चतुर्वेदी का मकसद है मनोरंजन की दुनियां में खूब नाम कमाना और बॉलीवुड में अपना ऊंचा मुकाम बनाना जिसका सपना मनोज चतुर्वेदी ने बचपन से देखा है। पेशे से मनोज चतुर्वेदी केमिस्ट रहे हैं और देश की सबसे बड़ी फार्मास्यूटिकल कंपनियों में से एक फार्मास्यूटिकल कंपनी के साथ बतौर केमिस्ट जुड़े रहे हैं। केमिस्ट रहते हुए मनोज चतुर्वेदी ने अपने सपनों को साकार करने के लिए लगातार प्रयास किया। मनोज चतुर्वेदी ने फिल्म बनाने से पहले एक छत्रनीति नाम की डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनाई थी जिसका भव्य प्रीमियर इंदौर शहर में किया गया था।

### जज को ठीक से नहीं दी सलामी, गुरुग्राम कोर्ट ने एसीपी के खिलाफ ऐक्शन लेने के दिए आदेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गुरुग्राम की एक अदालत ने पुलिस आयुक्त को आदेश दिया है कि वह पेशी के दौरान न्यायाधीश को ठीक से सलामी नहीं देने वाले एसीपी के खिलाफ कार्रवाई करें। स्थानीय पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस मामले की जांच पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) करण गोयल को सौंपी गई है। पुलिस के मुताबिक, एसीपी नवीन शर्मा और उनकी टीम धोखाधड़ी के मामले में एक आरोपी को पेश करने के लिए न्यायिक दंडाधिकारी (प्रथम श्रेणी) विक्रांत की अदालत में गई थी। अदालत ने प्रकरण में आदेश पारित किया जिसमें एसीपी की सलामी का भी उल्लेख है और पुलिस आयुक्त से मामले में कार्रवाई करने को कहा गया है। आदेश में कहा गया कि जैसे ही आदेश पारित हुआ, जांच अधिकारी एसीपी नवीन ने सिर्फ अपना हाथ उठाकर और दो उंगलियों से माथे को छूकर अनुचित तरीके से पीठ को सलामी दी। आदेश में कहा गया है कि जब पुलिस अधिकारी से सलामी के बारे में पूछा गया तो उनका कहना था कि उन्होंने तीन तरह की सलामी सीखी है, यानी सिर्फ कोहनी उठाना, माथे को छूना और फिर उचित सलामी देना। हालांकि, जब अधिकारी को एहसास हुआ कि अदालत चुटकुले सुनाने की जगह नहीं है तब उन्होंने बहाना बनाया कि उन्होंने तंग कमीज पहनी हुई थी।

### दूल्हे की अजीबोगरीब शर्त से टली शादी, बैरंग लौटी बारात

**रांची, एजेंसी।** वैवाहिक रस्म के दौरान दूल्हे की अजीबोगरीब शर्त की वजह से शादी टल गई और बारात को बैरंग लौटना पड़ा। वाकया झारखंड के गढ़वा जिले के केतार थाना क्षेत्र का है। बुधवार को गढ़वा के धुरकी थाना क्षेत्र निवासी अंजनी कुमार की बारात केतार प्रखंड गई थी। बारातियों के स्वागत, जयमाल और द्वारपूजा के बाद जब दुल्हन के सिंदूरदान के रस्म का वक्त आया, तो दूल्हे ने शर्त रख दी कि वह लाइट बंद कर एकांत में यह रस्म पूरी करेगा। वर-वधू दोनों पक्ष के लोगों ने उसे समझाने की कोशिश की, लेकिन वह अपनी शर्त पर अड़ा रहा। अंततः पंचायत बैठी और दोनों पक्षों की सहमति से शादी टाल दी गई। दूल्हा पक्ष को 5.13 लाख रुपए दुल्हन पक्ष को देना पड़ा।

# 3 डिग्री तापमान बढ़ने पर हिमालय के 90 प्रतिशत हिस्से को साल भर सूखे का करना पड़ेगा सामना

**अध्ययन में सामने आए तथ्य**

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
एक नए शोध में हिमालय क्षेत्र में सूखे को लेकर कुछ तथ्य सामने आए हैं। शोध के अनुसार, यदि ग्लोबल वार्मिंग 3 डिग्री सेल्सियस बढ़ जाती है, तो हिमालय क्षेत्र के लगभग 90 प्रतिशत हिस्से में एक वर्ष तक सूखा रहेगा।

जर्नल क्लाइमैटिक चेंज में प्रकाशित निष्कर्षों से पता चलता है कि पेरिस समझौते के ग्लोबल वार्मिंग को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने के पेरिस समझौते के तापमान लक्ष्यों का पालन करके भारत में गर्मी के तनाव के बढ़ते मानव जोखिम से 80 प्रतिशत तक बचा जा सकता है, जबकि तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होती है। यूके में ईस्ट एंग्लिया विश्वविद्यालय (यूईए) के शोधकर्ताओं के नेतृत्व वाली टीम ने यह निर्धारित किया कि ग्लोबल वार्मिंग का



स्तर बढ़ने के साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर मानव और प्राकृतिक प्रणालियों के लिए जलवायु परिवर्तन के जोखिम कैसे बढ़ जाते हैं। भारत, ब्राजील, चीन, मिस्र, इथियोपिया और घाना पर केंद्रित आठ अध्ययनों के संग्रह से पता चलता है कि ग्लोबल वार्मिंग की प्रत्येक अतिरिक्त डिग्री के लिए सूखा, बाढ़, फसल की पैदावार में गिरावट और जैव विविधता और प्राकृतिक पूंजी के नुकसान में काफी वृद्धि होती है। इसमें पाया गया कि भारत में 3-4 डिग्री ग्लोबल वार्मिंग पर परागण आधे से कम हो जाता है जबकि 1.5 डिग्री पर एक चौथाई की कमी हो जाती है। शोधकर्ताओं ने कहा कि वार्मिंग को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने से आधे देश को जैव विविधता के लिए आश्रय के रूप में कार्य करने की अनुमति मिलती है, जबकि 3 डिग्री पर यह 6 प्रतिशत है। टीम ने पाया कि 3 डिग्री सेल्सियस तापमान बढ़ने के साथ कृषि भूमि के सूखे की चपेट में आने की संभावना में बहुत बड़ी वृद्धि हुई है। अध्ययन किए गए प्रत्येक देश में 50 प्रतिशत से अधिक कृषि भूमि 30 साल की अवधि में एक वर्ष से अधिक समय तक गंभीर सूखे के संपर्क में रहने का अनुमान है। हालाँकि, ग्लोबल वार्मिंग को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने से कृषि भूमि पर सूखे का जोखिम 21 प्रतिशत (भारत) और 61 प्रतिशत (इथियोपिया) के बीच कम हो जाएगा और साथ ही नदी से आने वाली बाढ़ के कारण होने वाले आर्थिक नुकसान में भी कमी आएगी। किनारे तोड़ देते हैं और पानी निकटवर्ती निचले इलाकों में बह जाता है। शोधकर्ताओं ने कहा, गंभीर सूखे के संपर्क में आने से मानव जोखिम में वृद्धि छह देशों में 3 डिग्री सेल्सियस की तुलना में 1.5 डिग्री सेल्सियस पर 20-80 प्रतिशत कम है।

## मेट्रो ट्रैक के आगे छलांग लगाकर व्यक्ति ने दी जान, कैंसर पीड़ित था शख्स

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली के उद्योग भवन मेट्रो स्टेशन पर बुधवार को कैंसर पीड़ित शख्स ने मेट्रो के आगे कूदकर खुदकुशी कर ली। हालांकि, घटना घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। बताया जा रहा है कि 39 वर्षीय शख्स बीमारी से परेशान था। इसलिए आशंका जताई जा रही है कि इसी कारण उसने खुदकुशी कर ली।

मरने वाला शख्स मुकुंदपुर इलाके का रहने वाला था और पेंटर का काम करता था। पुलिस को पत्नी ने बताया कि कैंसर से पीड़ित होने के कारण आजकल वह काम नहीं कर रहा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उसकी जेब से बरामद एक पर्ची में एक मोबाइल नंबर लिखा था, जिसके आधार पर उसकी पहचान की गई। पत्नी के अनुसार शख्स का एक प्रमुख अस्पताल में इलाज चल रहा था और हाल ही में उसकी सर्जरी हुई थी। उद्योग भवन मेट्रो स्टेशन पर मेट्रो ट्रैक पर एक व्यक्ति द्वारा कूदने की एक पीसीआर कॉल डीडी नंबर 19ए के माध्यम से पीएस राजीव चौक को प्राप्त हुई थी। आईओ पुलिस स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। पूछताछ करने और सीसीटीवी फुटेज देखने पर पता चला कि उस व्यक्ति ने उद्योग भवन के प्लेटफार्म नंबर-2 पर सुबह करीब 11-29 बजे मेट्रो ट्रेन के आगे ट्रैक पर कूदकर आत्महत्या कर ली। आगे की पूछताछ पर उसकी पत्नी प्रीति से उसके मोबाइल नंबर पर संपर्क किया गया, जिसने मृतक की पहचान आनंद कुमार के रूप में बताई।



## गैर हिमाचली को राज्यसभा चुनाव में उतारने पर कांग्रेस विधायकों ने की बगावत, मंत्री अनुराग ठाकुर ने कसा तंज

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
मेट्रो केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि हिमाचल के लोगों का कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार से 14 महीने के भीतर ही विश्वास समाप्त हो गया है। इसका कारण यह है कि कांग्रेस चुनाव के दौरान किए गए बड़े-बड़े वादों को पूरा करने में विफल रही है। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस विधायकों ने राज्यसभा चुनाव में अपने ही उम्मीदवार के खिलाफ मतदान किया, क्योंकि वे राज्य से एक गैर हिमाचली को उम्मीदवार बनाए जाने से नाराज थे। कांग्रेस विधायकों की क्रॉस वोटिंग के बाद मंगलवार को कांग्रेस उम्मीदवार अभिषेक मनु सिंघवी भाजपा उम्मीदवार हर्ष महाजन से राज्यसभा चुनाव हार गए। ठाकुर ने कहा कि विधायकों में गुस्सा है। वे अपनी सरकार से नाखुश हैं, क्योंकि वे अपने वादों को पूरा करने में असमर्थ हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस विधायकों ने अपने ही उम्मीदवार के खिलाफ मतदान कर अपना गुस्सा निकाला। कांग्रेस विधायक अपने निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाताओं का सामना करने में असमर्थ हैं। उनसे चुनाव के दौरान किए गए वादों के बारे में लोग सवाल पूछ रहे हैं। उन्होंने एक सम्मेलन से इतर कहा कि कांग्रेस बिखरी और टूटी हुई दिखाई दे रही है। उसके पास इस बात का कोई जवाब नहीं है कि हिमाचल प्रदेश में उसकी ऐसी हालत क्यों हुई।

## छत्तीसगढ़ विस का बजट सत्र खत्म

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के बाद प्रदेश की भाजपा सरकार आने के बाद पहला विधानसभा का सत्र समाप्त हो गया है। छत्तीसगढ़ विधानसभा का यह सत्र 17 दिनों तक चला, जिसमें प्रदेश के बजट के साथ कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई है। विधानसभा का पहला बजट सत्र तय समय से दो दिन पहले बुधवार को सूचीबद्ध कामकाज पूरा करने के बाद, अध्यक्ष रमन सिंह ने सदन को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया है।

बजट सत्र समाप्त होने के बाद विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने कहा कि विधानसभा का मानसून सत्र जुलाई के आखिरी सप्ताह से शुरू होने की उम्मीद है। इसके साथ ही बजट सत्र के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि सदन ने मंगलवार को वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट पारित कर दिया। इसके साथ ही बताया कि राज्य सरकार पिछले साल बेमेतरा जिले में सांप्रदायिक हिंसा में भुनेश्वर साहू की हत्या की जांच सीबीआई से कराने की अनुशंसा करेगी।

# गुजरात से दुहाई डिपो पहुंचे नमो भारत के तीन डिब्बे, जल्द मेरठ ट्रैक पर दौड़ेगी ट्रेन

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
मेरठ में चलने वाली मेट्रो के तीन डिब्बे मंगलवार रात एनसीआरटीसी के दुहाई डिपो पहुंच गए। गुजरात के सावली से बड़े ट्राला में लादकर इसे लाया गया। डिब्बों को जोड़कर डिपो के अंदर ट्रायल होगा। इसके कुछ दिन बाद ट्रायल के लिए मेरठ में ट्रैक पर दौड़ाया जाएगा। एनसीआरटीसी अधिकारियों का कहना है कि ट्रेन को भारत में ही डिजाइन कर इसे यहीं बनाया गया है।

मेक इन इंडिया अभियान के तहत यह ट्रेन बनाई है। मेरठ मेट्रो के ट्रेनसेट ऊर्जा कुशल है। साथ ही हल्के और ब्रेकिंग सिस्टम से लैस है। यह ट्रेन स्वचालित ट्रेन सुरक्षा (एटीपी), स्वचालित ट्रेन नियंत्रण (एटीसी) और स्वचालित ट्रेन संचालन (एटीओ) है। मेरठ मेट्रो ट्रेन की परिचालन गति 120 किलोमीटर प्रति घंटा है। इसका ट्रायल रन जल्द शुरू कराने की



तैयारी है। मेरठ मेट्रो 13 स्टेशन के साथ 23 किलोमीटर लंबा है। फिलहाल मेरठ मेट्रो का निर्माण तेजी से चल रहा है। यह देश की पहली ट्रेन है जो नमो भारत ट्रेन और मेरठ मेट्रो रैपिड रेल ट्रांजिस्ट सिस्टम (आरआरटीएस) कॉरिडोर पर चलेगी। ट्रेन मेरठ शहर के अंदर चलेगी।

मेरठ साउथ, परतापुर, रिठानी, शताब्दी नगर, ब्रह्मपुरी, मेरठ सेंट्रल (भूमिगत), भैसाली (भूमिगत), बेगमपुल (भूमिगत), एमईएस कॉलोनी, दौरली, मेरठ नॉर्थ, मोदीपुरम और मोदीपुरम डिपो है। मेरठ साउथ, शताब्दी नगर, बेगमपुल और मोदीपुरम स्टेशन पर आरआरटीएस के साथ मेट्रो भी उपलब्ध होंगी। लोग सुविधानुसार ट्रेन आगे जाने के लिए बदल सकेंगे।

मेट्रो का डिजाइन आधुनिक तरीके से बनाया गया है, इसमें यात्रियों को आराम और सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई है।

एक ट्रेन मे 700 से ज्यादा यात्री सफर कर सकेंगे, मेरठ मेट्रो के ट्रेन हल्के वजन और स्टेनलेस स्टील से निर्मित है।

मेरठ मेट्रो में भीड़ प्रबंधन सुनिश्चित करने की बेहतर व्यवस्था होगी। सभी स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर (पीएसडी) के साथ मेट्रो संचालन को जोड़ा जाएगा।

ऊर्जा खपत में कमी के लिए ट्रेनों के दरवाजों में पुश बटन का प्रयोग किया गया है। इसकी मदद से सिर्फ वही दरवाजे खुलेंगे जहां पुश बटन को दबाया जाएगा। इसके साथ ही आपातकालीन निकास उपकरण, अग्निशामक यंत्र, अलार्म जैसे सुरक्षा सिस्टम को जोड़ा गया है।

आपातकालीन स्थिति में मेडिकल स्ट्रेचर ले जाने के लिए ट्रेन में जगह की व्यवस्था, व्हील चेयर के लिए भी स्थान।

## सर्वे में शिखर पर भाजपा, कांग्रेस को सिर्फ नुकसान; राजस्थान में लोकसभा की 25 सीटों के नतीजे

**जयपुर, एजेंसी।** देश में लोकसभा चुनाव की तारीखों का अभी ऐलान नहीं हुआ है लेकिन जल्द ही चुनाव की तारीखों का ऐलान हो सकता है। चुनाव को देखते हुए सभी राजनीतिक पार्टियों ने अपनी-अपनी तरफ से तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस बीच जी न्यूज और मैटराइज ने अलग-अलग राज्यों की लोकसभा सीटों को लेकर अपना ओपिनियन पोल जारी किया है। राजस्थान में लोकसभा की 25 सीटें हैं और इस ओपिनियन पोल में इन सभी सीटों को लेकर चौंकाने वाले अनुमान लगाए गए हैं।

राजस्थान में विधानसभा चुनाव से पहले अक्सर यह कहा जाता है कि यहां सत्ता विरोधी लहर काम करती है और हर चुनाव में सरकार बदलती है। ऐसा विधानसभा चुनाव में हुआ। राज्य की अशोक गहलोत सरकार विधानसभा चुनाव हार गई और बीजेपी ने यहां सरकार बनाई। भजन लाल शर्मा यहां मुख्यमंत्री बनाए गए।लेकिन अभी लोकसभा चुनाव की बारी है। ऐसे में राजस्थान में वोटरों के बदले मिजाज को देखना भी काफी दिलचस्प होगा।

## शत-प्रतिशत मतदान केंद्रों की कराई जाए वीडियोग्राफी और वेबकास्टिंग, भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने चुनाव आयुक्त के सामने रखी मांग

**नई दिल्ली , एजेंसी।** चुनावी पारदर्शिता को लेकर राजनीतिक दल सक्रिय है। लोकसभा चुनाव से पहले जहां कांग्रेस शत-प्रतिशत इवीएम मशीनों को वीवीपैट से मिलान की मांग कर रही है। वहीं, भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को चुनाव आयुक्त से मुलाकात कर शत-प्रतिशत मतदान केंद्रों की वीडियोग्राफी और वेबकास्टिंग कराने की मांग की है। मतदाता के पहचान की इस दोहरी व्यवस्था से गड़बड़ी की आशंका बिल्कुल भी नहीं रहेगी। अभी करीब 50 प्रतिशत मतदान केंद्रों पर ही यह दोहरी व्यवस्था की जाती है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह की अगुवाई में चुनाव आयोग पहुंचे भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने इस दौरान चुनाव आयुक्त अरुण गोयल से मुलाकात कर उन्हें चुनावी पारदर्शिता के लिहाज से और भी कई सुझाव दिए। इनमें राज्यों में गठित होने वाली मीडिया कंट्रोल एंड मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) से जुड़ी व्यवस्थाओं को और अधिक पारदर्शी बनाने की मांग की। साथ ही बताया कि पिछले चुनाव के दौरान दिल्ली में कमेटी ने प्रचार से जुड़ी उसकी एक अनुमति देने में दस दिनों का समय लगा दिया था। जिसके चलते प्रचार के लिए उन्हें कम समय मिल पाया। भाजपा प्रतिनिधि मंडल का कहना था कि वैसे भी चुनावों में प्रचार के लिए दलों को कम दिन ही मिलते है ऐसे में यदि इस तरह की देरी की गई तो फिर मुश्किल होगी। भाजपा ने इस दौरान आयोग के सामने मतदाताओं की सुविधा से जुड़ा भी एक मुद्दा प्रमुखता से रखा। जिसमें यह मांग की गई कि मतदाताओं की सुविधा के लिए बहुमंजिला भवनों और हाउसिंग सोसाइटी में मतदान केंद्र खोला जाए। इससे अभी मतदान में हिस्सा लेने से बचने वाले लोग भी आसानी से वोट कर सकेंगे। इसका असर वोटिंग प्रतिशत पर भी पड़ेगा।

## मंत्रियों की मनाही के बावजूद हटाए सिविल डिफेंसकर्मी, 10 हजार की नौकरी गई; दिल्ली सरकार का एलजी पर आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली सरकार में राजस्व मंत्री आतिशी ने कहा कि मंत्रियों की लिखित में मनाही के बाद भी सिविल डिफेंसकर्मियों को 31 अक्तूबर 2023 को हटा दिया गया। एलजी के दबाव में अधिकारियों ने यह फैसला करके महिलाओं की सुरक्षा के साथ समझौता किया और एक झटके में 10 हजार से अधिक वॉलंटियर को सड़क पर ला दिया। आतिशी ने बुधवार को सदन में सिविल डिफेंसकर्मियों को लेकर हो रही अल्पकालिक चर्चा पर जवाब दिया।

आतिशी ने कहा, सभी जानते हैं कि डीटीसी बसों में महिलाओं को सफर का क्या अनुभव होता है। कॉलेज जाने वाली लड़की हो या फिर कामकाजी महिला। डीटीसी की बसों में हमेशा उनके साथ अश्लीलता, बदतमीजी की खबरें आती रहती हैं। वर्ष 2015 में जब अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री बने तो उन्होंने इस समस्या पर ध्यान दिया और बसों में सिविल डिफेंसकर्मियों को बतौर बस मार्शल तैनात किया। अचानक राजस्व विभाग के अधिकारी ने आदेश दे दिया कि सभी बस मार्शल को हटा दिया गया। वहीं, सौरभ भारद्वाज ने कहा कि हम बस मार्शल के साथ हैं, लेकिन उन्हें भाजपा सांसदों के यहां जाना चाहिए। उनसे कहना चाहिए कि एलजी से बोलिए की हमें



रखें। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने सिविल डिफेंसकर्मियों को लेकर हुई चर्चा को लेकर दिल्ली सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली सरकार की सिफारिश पर ही सिविल डिफेंसकर्मियों को हटाया गया था। हम सरकार से मांग करते हैं कि सिविल डिफेंसकर्मियों के साथ होमगार्ड, आंगनबाड़ी, आशा वर्कर्स, गेस्ट टीचर्स, वोकेशनल टीचर्स, सफाई कर्मचारी, डीटीसी तथा दिल्ली सरकार में ठेके पर काम कर रहे सभी संविदा कर्मचारियों को भी पक्का किया जाए।

# इंडी गठबंधन नेतृत्वहीन गठबंधन है, असम विधानसभा के डिप्टी स्पीकर ने कांग्रेस पर साधा निशाना

**गुवाहाटी, एजेंसी।**
कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर निशाना साधते हुए असम विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डॉ नुमल मोमिन ने इंडिया ब्लॉक को नेतृत्वहीन गठबंधन कहा है। डॉ मोमिन ने बुधवार को एएनआई से कहा, इंडी गठबंधन एक बिना नेतृत्व वाला गठबंधन है। जिन राजनीतिक दलों ने यह गठबंधन बनाया है, उनमें एकता नहीं है।

उन्होंने कहा, कोई इंडी गठबंधन से प्रधानमंत्री बनना चाहता है और कुछ अन्य सहयोगियों ने किसी और का नाम ले लिया। इसलिए, नीतीश कुमार जैसे महान नेता ने इंडी गठबंधन छोड़ दिया। जब चुनाव और टिकटों की घोषणा का समय आएगा, तो इंडी गठबंधन के सभी गठबंधन सहयोगी एक-दूसरे से लड़ेंगे और इंडी गठबंधन टूट जाएगा। डिप्टी स्पीकर ने कहा, ये बिना



विचारधारा, बिना किसी विजन वाली पार्टियां हैं, वे गरीबों के लिए काम करने के पक्ष में नहीं हैं। केवल वे ही कह सकते हैं कि गरीबी हटाओ, देश बचाओ और उन्होंने (कांग्रेस) 65 साल तक शासन किया, लेकिन वे गरीबी को खत्म नहीं कर सके। असम के डिप्टी स्पीकर ने आगे कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा में व्यस्त हैं, लेकिन राज्यों की सबसे पुरानी पार्टी के नेताओं ने कांग्रेस तोड़ो यात्रा शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि एक बात बहुत प्रमुख है कि पार्टी ने भारत जोड़ो यात्रा के बाद भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू की, लेकिन राज्यों ने कांग्रेस तोड़ो यात्रा शुरू की। उन्होंने कहा, पूरे कांग्रेस नेताओं ने कांग्रेस छोड़ना शुरू कर दिया है और उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हमारे गतिशील नेतृत्व पर भरोसा है। पीएम मोदी के गतिशील नेतृत्व के कारण ही इतने सारे लोग कांग्रेस से भाजपा में आ रहे हैं। असम में भी कई कांग्रेस नेता भाजपा में शामिल हुए हैं। नुमल मोमिन ने एएनआई को बताया, आज भी पूर्व विधायक आ रहे हैं और हमारे नेतृत्व से मिल रहे हैं। उन्होंने हमारे प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्वा सरमा के प्रति अपना विश्वास व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि कई और कांग्रेस नेता भाजपा में आएंगे।

इस महीने की शुरुआत में, कांग्रेस विधायक कमलाख्या डे पुरकायस्थ ने असम सरकार को अपना समर्थन देते हुए एक अन्य कांग्रेस विधायक बसंत दास के साथ असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष के पद से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने आगे कहा, यह कांग्रेस टूडो का उत्कृष्ट उदाहरण है, क्योंकि यह महात्मा गांधी का सपना था। मोमिन ने कहा, 1947 में जब देश आज़ाद हुआ, उस समय महात्मा गांधी ने प्रस्ताव रखा कि, हम आजाद हो गए हैं, अब कांग्रेस की जरूरत नहीं है, यह राजनीतिक पार्टी भंग कर दी जाए। प्रस्ताव में उन्होंने कहा कि हम चुनाव चाहते हैं।

## 17 साल के रिसर्च के बाद कपास के हाइब्रिड बीज तैयार

**ग्वालियर , एजेंसी।**
राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर से संबद्ध खंडवा कृषि महाविद्यालय एवं शोध संस्थान में कपास के हाइब्रिड बीज की नई किस्म तैयार की गई है। यह अपने गुणों की वजह से किसानों की आय को बढ़ा सकती है। इस किस्म को तैयार करने में कृषि विज्ञानियों को 17 साल का समय लगा। इसे किसानों के बीच आने में अभी एक वर्ष का समय और लग सकता है, क्योंकि मातृ बीज को अंतिम परीक्षण के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद भेजा गया है। वहां से हरी झंडी मिलते ही किसानों के लिए बीज उत्पादन का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। खंडवा कृषि महाविद्यालय के विज्ञानी और शोधकर्ता डा. देवेंद्र श्रीवास्तव का कहना है कि इस हाइब्रिड बीज से पैदावार 20 क्विंटल प्रति हेक्टेयर तक होगी और इसके रेशे की लंबाई सामान्य से 32 प्रतिशत तक अधिक होगी। इसके पहले वर्ष 2006 में एक किस्म जेकेएचवाय-1 आई थी, उसके रेशे की लंबाई 28 प्रतिशत तक अधिक थी और उससे पैदावार 12 से 14 क्विंटल प्रति हेक्टेयर होती है। इन फायदों के अलावा भी अच्छी बात यह है कि बाजार में निजी कंपनियों का एकाधिकार समाप्त होगा, क्योंकि कपास का बीटी हाइब्रिड बीज निजी कंपनियां महंगे दामों पर बेच रही हैं। बीटी मतलब कई किस्म की मिलावट कर एक नई किस्म बनाना होता है। यह नान बीटी (शुद्ध किस्म) हाइब्रिड बीज है।

### डॉक्टर और अन्य कर्मियों का ड्यूटी रोस्टर अधतन ना होने पर जिला पदाधिकारी द्वारा व्यक्त की गई काफी नाराजगी

# डीएम द्वारा अनुमंडल अस्पताल डेहरी का किया गया औचक निरीक्षण

निज संवाददाता

**डेहरी-ऑन-सोन (रोहतास)।** बुधवार की रात्रि 11:00 बजे रोहतास डीएम द्वारा अनुमंडल अस्पताल डेहरी का औचक निरीक्षण किया गया। औचक निरीक्षण में डॉ अनिल कुमार कार्यरत पाए गए। डॉक्टर और अन्य कर्मियों का ड्यूटी रोस्टर अधतन ना होने पर जिला पदाधिकारी द्वारा काफी नाराजगी व्यक्त की गई। जो अद्यतन रोस्टर तैयार किया गया था वह भी स्टाफ रूम में ऐसी जगह दीवार पर चिपकाए गया है जहां से आम पब्लिक या उच्च अधिकारी को दृष्टिगोचर हो पाना संभव नहीं है। जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा अधतन रोस्टर उचित स्थान पर प्रदर्शित न किए जाने के कारण काफी नाराज दिखे। रोगी प्रवेशिका रजिस्टर में सीरियल नंबर 906 के बाद 907 और 8 पर खाली छोड़ दिया गया है उस पर कोई एंट्री नहीं की गई है। जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा तीन कॉलम खाली छोड़ने पर नाराजगी व्यक्त की गई ।उपस्थित



डॉक्टर अनिल कुमार से पूछने पर उनके द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा लेबर रूम, ऑपरेशन थिएटर, आपातकालीन विद्युत प्रबंधन व्यवस्था , एक्सरे रूम, पैथोलॉजी रुम आदि का निरीक्षण किया गया। एक्सरे रुम बंद पाए जाने पर इस संबंध में अनुमंडलीय चिकित्सा प्रभारी से पृक्षा की गई। चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि एक्सरे 2:00 बजे तक ही होता है, उसके बाद बंद हो जाता है ।जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा प्रसव कक्ष एवं प्रसव उपरांत कक्ष का भी निरीक्षण किया गया ।वहां भर्ती मरीज से खान-पान, चिकित्सकीय सेवा आदि के संबंध में पृक्षा की गई ।मरीजों द्वारा जिला पदाधिकारी महोदय से चिकित्सकीय सेवा एवं अन्य सेवाओं के संबंध में विस्तार पूर्वक बताया गया।

जिला पदाधिकारी द्वारा स्वयं आपातकालीन विद्युत व्यवस्था का निरीक्षण किया गया और संतोषप्रद पाया गया ।जिला पदाधिकारी महोदय के निरीक्षण के समय तीन गार्ड सुधीर कुमार, मायनाथ दुबे, एवं दिनेश कुमार ऑन ड्यूटी उपस्थित पाए गए। इसके साथ ही सिस्टर के रूप में सुमन, नूतन एवं नेहा उपस्थिति पाई गई। सहायक के रूप में सत्येंद्र कुमार और मुन्नीलाल उपस्थित पाए गए। जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा अनुमंडलीय अस्पताल के प्रतीक्षालय में उपस्थित अभिभावक अभय कुमार, न्यू सिधौली, शेखर कुमार ,मुकेश शर्मा गंगौली आदि से भी अनुमंडल अस्पताल से प्राप्त सेवाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई ।इसके साथ-साथ उन अभिभावकों से कैंटीन में भोजन से संबंधित दी जा रही सेवाओं के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की गई। जिला पदाधिकारी महोदय के निरीक्षण के समय अनुमंडल पदाधिकारी डिहरी, प्रखंड विकास पदाधिकारी डेहरी उपस्थित थे ।जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा बताया गया कि राज्य सरकार द्वारा सभी अस्पतालों में आवश्यक उपकरण एवं पर्याप्त संख्या में चिकित्सा एवं अन्य कर्मियों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा बताया गया कि उनके व्यक्तिगत पहल से कई प्रकार के उपकरण एवं सेवाएं रोहतास जिला के सभी अस्पतालों में उपलब्ध कराए गए हैं। उन उपकरणों एवं अन्य सेवाएं मरीज को निश्चित रूप से और ससमय मिल सके, यह अति आवश्यक है। जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा बताया गया कि इसी प्रकार के औचक निरीक्षण रात्रि में मुख्य अस्पताल एवं जिले के सभी अस्पतालों में किए जाएंगे, ताकि चिकित्सक एवं अन्य कर्मी अपना उत्तरदायित्व का निर्वहन सुचारू रूप से कर सकें और अस्पतालों में आने वाले सभी मरीजों को अत्यावश्यक सेवाएं मिल सके ।जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा अनुमंडलीय अस्पताल के चिकित्सा प्रभारी एवं अन्य डॉक्टर एवं कर्मियों को निर्देशित किया कि यहां किसी भी उपकरण की कोई भी कमी नहीं होगी। आप लोग तत्परतापूर्वक अपना ड्यूटी का निर्वहन करें ताकि मरीज सरकारी अस्पतालों की ओर आकर अपना मुफ्त इलाज करा सकें तथा निजी अस्पतालों की ओर आमुख ना हो सकें।

# मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर डीएम और क्रिकेटर आकाशदीप ने किया रवाना

### क्रिकेटर आकाशदीप बनेंगे चुनाव आयोग के ब्रांड ऐंबैस्डर

निज संवाददाता



**सासाराम (रोहतास)।** आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने की उद्देश्य से जिला मुख्यालय सासाराम में गुरुवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर कलेक्ट्रेट सासाराम परिसर से डीएम नवीन कुमार और भारतीय क्रिकेट टीम में शामिल जिले के गौरव आकाशदीप ने रवाना किया। इस रैली में काफी संख्या में स्कूली छात्राएं, जीविका दीदी, आंगनवाड़ी सेविका, आशा, एनसीसी कैडेट शामिल हुए। कलेक्ट्रेट सासाराम से निकली यह रैली फजलगंज सासाराम स्टेडियम में पहुंच संपन्न हुई। जहां आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से मतदाताओं जागरूक करने का प्रयास किया गया। मौके पर बोलते हुए डीएम नवीन कुमार ने कहा कि अपनी बात सरकार तक पहुंचाने के लिए मतदान जरूर करें। उन्होंने कहा कि गांव-गांव मतदाता जागरूकता अभियान चलेगा। डीएम ने कहा कि बड्डी गांव के युवा आकाशदीप ने अपने बल पर भारतीय क्रिकेट टेस्ट टीम में जगह बनाई है। पूरा जिला गर्व कर रहा है। ऐसे में जिला प्रशासन द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए उन्हें चुनाव आयोग का ब्रांड ऐंबैस्डर बनाने की सिफारिश की गई है। मौके पर आकाशदीप ने सभी मौजूद मतदाताओं को वोट देने की शपथ दिलाई। संबोधित करते हुए कहा कि जिले के सभी महिला पुरूष मतदान करें। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव में इतना मतदान करें कि देश में सबसे अधिक मतदान प्रतिशत हो।

### पीडीएस दुकानों पर शिविर लगा बनाया गया आयुष्मान कार्ड

**सूर्यपुरा (रोहतास) (नि.सं.)।** सूर्यपुरा और दावथ प्रखंड क्षेत्र के जन वितरण प्रणाली के दुकानों पर शिविर लगाकर निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। सूर्यपूरा बीडीओ वीणा पाणी ने बताया कि बिहार सरकार के सचिव खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मुख्य सचिव एवं अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य विभाग के द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से निर्देशित आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए सभी पंचायत में जन वितरण प्रणाली के दुकान पर जन सेवा केंद्र स्थापित कर आयुष्मान कार्ड बनाने का निर्देश दिया है। कॉमन सर्विस सेंटर के प्रतिनिधि शिविर लगाकर प्रखंड क्षेत्र के जन वितरण प्रणाली के दुकानों पर आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य बीते 27 फरवरी से शुरु कर दिए हैं। आगे बताया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आगामी 02 मार्च से विशेष शिविर लगाकर न्यू पोर्टल के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। प्रखंड एवं पंचायत द्वारा सभी पीडीएस दुकानों को जन सेवा केंद्र को सम्बद्ध किया गया है, सरकार भवन एवं पंचायत कार्यालय भवन के कार्यपालक सहायक भी सम्बद्ध किए गए हैं।

### एक को आरोपी गिरफ्तार, ट्रक जब्त

# किडनैप नाबालिग किशोरी बरामद पांच लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

निज संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** रोहतास के बिक्रमगंज थाना की पुलिस ने अपहृत किशोरी को बरामद कर लिया है। मामले में 5 पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की है। इसमें एक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नाबालिग किशोरी का अपहरण गांव के ही कुछ लड़कों द्वारा किया गया था। सूचना के बाद खैरा भू-धर गांव के पास से पुलिस ने एक ट्रक के पास से किशोरी को बरामद कर लिया है। थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि किशोरी को सकुशल बरामद किया गया है। मामले में 5 पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। जबकि एक को गिरफ्तार किया गया है। ट्रक को भी जब्त कर लिया गया है। जबकि पीड़िता की मां का कहना है कि बेटी के साथ दुष्कर्म हुआ है। लेकिन पुलिस मेडिकल जांच नहीं करा रही है। पीड़िता की मां ने आरोप लगाया कि उसकी बेटी का मुंह बांधकर अपहरण किया गया। ट्रक में ले जाकर गलत किया गया। लेकिन पुलिस मेडिकल जांच नहीं करा रही है। मामले में चौकीदार का बेटा भी है, इसलिए पुलिस बचा रही है।

मेडिकल जांच हो जाए तो परिवार को संतोष हो जाएगा। पीड़िता के चाचा ने भी बेटी के साथ दुष्कर्म की बात कही है। इस संबंध में थानाध्यक्ष ललन कुमार ने कहा कि प्राथमिकी लड़की के परिजनों ने ही दर्ज कराई है। उसमें दुष्कर्म की बात नहीं कही गई है। अब कोर्ट में पीड़िता का 164 में बयान दर्ज कराया जा रही है। उसी के बाद तुरंत कार्रवाई की जाएगी। लड़की का इलाज करने वाले अनुमंडलीय अस्पताल का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल के चिकित्सक डॉक्टर समीर ने कहा कि मेरे पास लड़की को इलाज के लिए लाया गया था। लड़की ने कहा कि कुछ लड़के उसे उठा कर ले जाना चाहते थे। उसके गाल के बाएं साइड में छिला हुआ था। उसका इलाज किया गया है। कल उसको मेडिकल जांच के लिए बुलाया गया है।

# सदन में शिक्षा मंत्री का वक्तव्य सामंती और शोषण प्रवृत्ति का प्रतीक : फैक्टनेब

निज संवाददाता

**पटना।** बिहार विधान परिषद् में माननीय विधान पार्षद डा संजय कुमार सिंह, डा संजीव कुमार सिंह, डा समीर कुमार सिंह, डा अजय कुमार सिंह, डा विरेन्द्र नारायण यादव, सर्वेश कुमार, महेश्वर सिंह एवं भीसम साहनी के वित्त अनुदानित शिक्षण संस्थानों के शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को बकाया अनुदान एकमुश्त भुगतान व अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों के अनुरूप घाटानुदानित वेतन मान निर्धारित कर प्रतिमाह वेतन भुगतान करने के ध्यानाकर्षण के जबाब में बिहार के शिक्षा मंत्री के द्वारा दिए गए वक्तव्य पर बिहार राज्य संबद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारी महासंघ (फैक्टनेब) ने रोष प्रकट किया है।

बिहार राज्य संबद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारी महासंघ (फैक्टनेब) के प्रधान संयोजक डा शंभुनाथ प्रसाद सिन्हा एवं राज्य मीडिया प्रभारी प्रो अरुण गौतम ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में लगभग सत्तर फीसदी की जिम्मेदारी निभाने वाले संबद्ध डिग्री महाविद्यालय के शिक्षाकर्मियों को वेतन भुगतान नहीं करने के नकारात्मक वक्तव्य शिक्षा मंत्री के सामंती और शोषण प्रवृत्ति का परिचायक है। की समस्याओं का सामाधान किये बिना बिहार के उच्च शिक्षा में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा या शिक्षा व्यवस्था में सुधार की बात करना बेइमानी है। डा सिन्हा एवं प्रो गौतम ने आगाह करते हुए कहा कि राज्य सरकार और शिक्षा विभाग अगर वास्तव में शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाना चाहती है तो संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों के शिक्षाकर्मियों का 2017 से बकाया वेतन मद अनुदान राशि बढ़े हुए मंहगाई दर से सुद समेत एकमुश्त भुगतान करे और एक सम्मानजनक वेतन मान निर्धारित कर प्रतिमाह वेतन भुगतान करने की व्यवस्था करे।

# स्कार्पियो ने बाइक में मारी टक्कर, एक वृद्ध की मौत

निज संवाददाता

**जहानाबाद।** जहानाबाद के मई हॉल्ट के पास एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में एक वृद्ध की मौत हो गई। जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि मृतक काको थाना क्षेत्र के नियाजी पूर गांव निवासी राम जतन पासवान है, जो अपने घर के एक युवक के साथ बैंक से पैसा निकलकर वापस अपने घर लौट रहा था। इस दौरान तेज रफ्तार से आ रही स्कार्पियो ने बाइक सवार को टक्कर मार दिया। इसके कारण यह घटना घट गई। इस घटना की सूचना स्थानीय थाने के पुलिस को दी गई है। मौके पर पुलिस पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

स्कॉर्पियो चालक घटना को अंजाम देकर मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों का कहना है कि तेज रफ्तार से वाहन चलाने के कारण यह घटना घटी है। पुलिस का कहना है कि इस मामले की जांच की जा रही है। घटना को अंजाम देने वाले का पता लगाया जा रहा है। घटना को अंजाम देने वाले वाहन चालक को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उसी पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## शेष पेज 01

### औरंगाबाद में कल 21,400 करोड़ की विकास परियोजनाओं...

7500 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित इस परियोजना से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति में सुधार होगा। पश्चिम बंगाल के आरामबाग में प्रधानमंत्री : प्रधानमंत्री हुगली के आरामबाग में रेल, बंदरगाह, तेल पाइपलाइन, एलपीजी आपूर्ति और अपशिष्ट जल उपचार जैसे क्षेत्रों से संबंधित कई विकासात्मक परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री लगभग 2,790 करोड़ रुपये की लागत से विकसित इंडियन ऑयल की 518 किलोमीटर लंबी हल्दिया-बरौनी कच्चे तेल पाइपलाइन का उद्घाटन करेंगे। यह पाइपलाइन बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल से होकर गुजरती है। पाइपलाइन बरौनी रिफाइनरी, बोंगाईगांव रिफाइनरी और गुवाहाटी रिफाइनरी को सुरक्षित, लागत प्रभावी और पर्यावरण-अनुकूल तरीके से कच्चे तेल की आपूर्ति करेगी।

### प्रधानमंत्री बिहार के औरंगाबाद में...

औरंगाबाद में प्रधानमंत्री छह राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे, जिसमें आमस से ग्राम शिवरामपुर तक 55 किलोमीटर लम्बी चार लेन ग्रीनफील्ड राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण शामिल है। इसके अलावा शिवरामपुर से रामनगर तक 54 किमी लंबा चार लेन ग्रीनफील्ड राष्ट्रीय राजमार्ग, ग्राम कल्याणपुर से ग्राम बलभद्रपुर तक 47 किमी लंबा चार लेन ग्रीनफील्ड राष्ट्रीय राजमार्ग, बलभद्रपुर से बेला नवादा तक 42 किमी लंबा चार लेन ग्रीनफील्ड राष्ट्रीय राजमार्ग, दानापुर-बिहटा खंड से 25 किमी लंबा चार लेन एलिवेटेड कॉरिडोर और बिहटा-कोइलवर खंड के मौजूदा दो लेन से चार लेन कैरिजवे का उन्नयन की आधारशिला रखी जायेगी। इन सभी सड़क परियोजनाओं से कनेक्टिविटी में सुधार होगा, यात्रा का समय कम होगा, पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्र का सामाजिक-आर्थिक विकास होगा। औरंगाबाद में ही प्रधानमंत्री गंगा नदी पर छह लेन पुल की आधारशिला भी रखेंगे जिसे पटना रिंग रोड के एक हिस्से के रूप में विकसित किया जाएगा। यह पुल देश के सबसे लंबे नदी पुलों में से एक होगा। यह परियोजना पटना शहर में यातायात की भीड़ को कम करेगी और बिहार के उत्तर और दक्षिण हिस्सों के बीच तेज और बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेगी, जिससे पूरे क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री बिहार में नमामि गंगे के तहत लगभग 2,190 करोड़ रुपये की लागत से विकसित की गई 12 परियोजनाओं का भी उद्घाटन करेंगे। परियोजनाओं में सैदपुर और पहाड़ी में सीवेज उपचार संयंत्र शामिल हैं; सैदपुर, बेउर, पहाड़ी जोन आईवीए के लिए सीवरेज नेटवर्क; करमालीचक में सीवर नेटवर्क के साथ सीवरेज प्रणाली; पहाड़ी जोन V में सीवरेज योजना; और बाढ़, छपरा, नौगछिया, सुल्तानगंज और सोनपुर शहर में अवरोधन, डायवर्जन और सीवेज उपचार संयंत्र। ये परियोजनाएं कई स्थानों पर गंगा नदी में छोड़े जाने से पहले अपशिष्ट जल का उपचार सुनिश्चित करती हैं, जिससे नदी की स्वच्छता को बढ़ावा मिलता है और क्षेत्र के लोगों को लाभ होता है। प्रधानमंत्री पटना में यूनिटी मॉल का शिलान्यास करेंगे। 200 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निर्मित होने वाली इस परियोजना की कल्पना एक अत्याधुनिक सुविधा के रूप में की गई है, जिसमें अंतरराष्ट्रीय डिजाइन प्रथाओं, प्रौद्योगिकी, आराम और सौंदर्यशास्त्र शामिल हैं। मॉल राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और जिलों को समर्पित स्थान प्रदान करेगा, जिससे वे अपने अद्वितीय उत्पादों और शिल्प कौशल का प्रदर्शन कर सकेंगे। राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के लिए 36 बड़े स्टॉल और बिहार के प्रत्येक जिले के लिए 38 छोटे स्टॉल होंगे। यूनिटी मॉल स्थानीय विनिर्माण और एक जिला एक उत्पाद, भौगोलिक संकेतक (जीआई) उत्पादों और बिहार और भारत के हस्तशिल्प उत्पादों को बढ़ावा देगा। इस परियोजना से रोजगार सृजन, बुनियादी ढांचे के विकास और राज्य से निर्यात के मामले में महत्वपूर्ण सामाजिक-आर्थिक लाभ होगा। औरंगाबाद में तीन रेलवे परियोजनाएं की शुरुआत करेंगें पीएम : प्रधानमंत्री औरंगाबाद में तीन रेलवे परियोजनाएं भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे जिनमें पाटलिपुत्र से पहलेजा रेलवे लाइन के दोहरीकरण की परियोजना भी शामिल है। इसके अलावा बंधुआ-पैमार के बीच 26 किमी लंबी नई रेल लाइन और गया में एक मेमू शेड की शुरुवात होगी। प्रधानमंत्री आरा-बाईपास रेल लाइन का भी शिलान्यास करेंगे। रेल परियोजनाओं से बेहतर रेल कनेक्टिविटी होगी, लाइन क्षमता और ट्रेनों की गतिशीलता में सुधार होगा और क्षेत्र में औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री बिहार के बेगुसराय में : बेगुसराय में सार्वजनिक समारोह से देश में ऊर्जा क्षेत्र को महत्वपूर्ण बढ़ावा मिलेगा क्योंकि प्रधान मंत्री लगभग 1.48 लाख करोड़ रुपये की कई तेल और गैस परियोजनाओं का उद्घाटन, राष्ट्र को समर्पित और आधारशिला रखेंगे। ये परियोजनाएँ केजी बेसिन के साथ-साथ देश भर के विभिन्न राज्यों जैसे बिहार, हरियाणा, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब और कर्नाटक में फैली हुई हैं। प्रधानमंत्री केजी बेसिन से 'पहला तेल' राष्ट्र को समर्पित करेंगे और ओएनजीसी कृष्णा गोदावरी गहरे पानी परियोजना से पहले कच्चे तेल टैंकर को हरी झंडी दिखाएंगे। केजी बेसिन से 'पहला तेल' निकालना भारत के ऊर्जा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, जो ऊर्जा आयात पर हमारी निर्भरता को काफी कम करने का वादा करता है। यह परियोजना भारत के ऊर्जा क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत भी करती है, जो ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने और आर्थिक लचीलेपन को बढ़ावा देने का वादा करती है। बिहार में लगभग 14,000 करोड़ रुपये की तेल एवं गैस क्षेत्र की परियोजनाएं शुरू की जाएंगी।

# रोहतास में कोरोना से चार साल के बच्चे की मौत

निज संवाददाता

**करगहर (रोहतास)।** रोहतास के करगहर थाना क्षेत्र के तोरनी गांव में कोरोना संक्रमित एक चार वर्षीय बच्चे की नारायण मेडिकल अस्पताल जमुहार में इलाज के दौरान मौत हो गई है। रोहतास जिला सिविल सर्जन डॉ केएन तिवारी ने इसकी पुष्टि कि है। तोरनी निवासी नीरज कुमार शर्मा दिल्ली में स्थित एक कंपनी में कार्य करते हैं। वे शादी समारोह में शामिल होने के लिए परिवार सहित गांव आए थे। दो दिनों बाद उनके बेटे आयुष कुमार(4) सर्दी, बुखार और खांसी से पीड़ित हो गया। उसकी तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। बच्चे को लेकर परिजन सदर अस्पताल सासाराम पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति देखते हुए इलाज के लिए तत्काल हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजनों ने जमुहार नारायण मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने पीड़ित बच्चे का अन्य जांच सहित कोरोना जांच कराई। जांच में बच्चा पॉजिटिव पाया गया। बच्चे को कोरोना स्पेशल वार्ड में भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया गया। जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करगहर को इसकी जानकारी दी गई और कहा गया कि कोरोना संक्रमित मृत बच्चा के परिजनों और रिश्तेदारों के संपर्क में आए ग्रामीणों की कोरोना जांच तत्काल कराकर उन्हें सूचित करें।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद**

ई0 निविदा आमंत्रण सूचना

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/HUSSAINABAD/$F_2$-27/2023-24

पत्रांक –182 हुसैनाबाद, दिनांक –28/02/2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | पत्थलबाजा नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण कार्य, प्रखण्ड–हरिहरगंज, जिला–पलामू |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 90.957 लाख |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 06-03-2024 (11:00 AM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 22-03-2024 (03:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 22-03-2024 (03:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 23-03-2024 (04:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 7765955362 eemidhus-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्पलाईन नंबर | 0651–2214784 |

नोट:– सिर्फ ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट :– https:// jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद

PR 320797 District(23-24).D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।**

ई0 निविदा आमंत्रण सूचना

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/HUSSAINABAD/$F_2$-29/2023-24

पत्रांक –184 हुसैनाबाद, दिनांक –28/02/2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | गेंवडरा नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण कार्य, प्रखण्ड–नौडीहा बाजार, जिला–पलामू |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 52.100 लाख |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 06-03-2024 (11:00 AM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 22-03-2024 (03:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 22-03-2024 (03:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 23-03-2024 (04:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 7765955362 eemidhus-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्पलाईन नंबर | 0651–2214784 |

नोट:– सिर्फ ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट :– https:// jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।

PR 320799 District(23-24)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज**

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 12RI/2023–24/EE/RWD/DALTONGANJ

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पथों का निविदा आमंत्रित की जाती है ।

दिनांक–29.02.2024

1.कार्य का नाम :

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) अंक में | प्राक्कलित राशि (लाख में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | EE/RWD/DALTONGANJ/37/23-24 | कचनपुर पंचायत में रामविलास पासवान के घर से भिखन यादव के घर होते हुए करूपा तक पथ निर्माण कार्य । (3.20कि0मी0) | 371.099 लाख | तीन करोड़ एक्हतर लाख नौ हजार नौ सौ रू0 मात्र | 12 माह | द्वितीय |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 04.03.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 18.03.2024 up to 5.00 PM
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 20.03.2024 पूर्वाह्न 3.30 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –06562357595

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।

PR 320844 (Rural Development) 23-24 (D)



**झारखण्ड स्टेट फौरेस्ट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि०**
**Jharkhand State Forest Development Corporation Ltd.**
(A Govt. of Jharkhand undertaking )
**कार्यालय: प्रमण्डलीय प्रबंधक,लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल डालटनगंज,पलामू**
E-mail ID dm.daltan_jsfdc@yahoo.co.in

**आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वन निगम मुख्यालय रॉची के निदेशानुसार लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल, डालटनगंज अन्तर्गत डालटनगंज स्थित चैनपुर वनागार, चैनपुर में भण्डारित विभिन्न प्रजाति के प्रकाष्ठ एवं जलावन की बिक्री आम नीलामी द्वारा की जायेगी। नीलामी में रखे गये प्रकाष्ठ प्रचयों की सूची प्रमण्डलीय कार्यालय, डालटनगंज से प्राप्त कर अवलोकन किया जा सकता हैं। वनागार में आम नीलामी की तिथि निम्नवत् है:–

| वनागार का नाम | समय | मार्च– 2024 |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| चैनपुर वनागार चैनपुर | प्रारम्भ 11:00 बजे पूर्वाह्न से 1:00 बजे अपराह्न तक | 04-03-2024 |

नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति/व्यक्तियों/कम्पनियों को गेट मनी के रूप में 5000.00 रू0 (पॉच हजार ) रूपया नगद नीलामी में भाग लेने के पूर्व गेट पर जमा करना होगा। नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति/व्यक्तियों/कम्पनियों को पैन कार्ड,जी0एस0टी0 एवं आधार कार्ड की छाया प्रति जमा करना होगा।

ह0/
प्रमण्डलीय प्रबन्धक
लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल,
डालटनगंज।पां

PR.NO.320802 Forest, Environment and Climate Changes(23-24):D

# मैं जहीर खान से सीखने की कोशिश करता था : जेम्स एंडरसन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने खुलासा किया है कि भारत के पूर्व बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जहीर खान को वह अक्सर देखा करते थे और उन गेंदों के बारे में समझने के लिए उनसे सीखने की कोशिश करते थे जो यहां की परिस्थितियों में अच्छा काम कर सकती हैं। एंडरसन ने जियोसिनेमा से कहा, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज से बेहतर गेंदबाज कोई नहीं हैं। वे विश्व स्तरीय गेंदबाज हैं। आपने इशांत शर्मा को भी वहां रखा और यह वास्तव में मजबूत गेंदबाजी आक्रमण है।

मेरे लिए, जहीर खान एक ऐसे व्यक्ति थे जिन्हें मैं सीखने के लिए बहुत कुछ देखा करता था। उन्होंने रिवर्स स्विंग का इस्तेमाल कैसे किया, जब वह गेंदबाजी के लिए दौड़े तो उन्होंने गेंद को कैसे कवर किया, यह कुछ ऐसा है जिसे मैंने यहां कई बार उनके खिलाफ खेलते हुए विकसित करने की कोशिश की। ÷एंडरसन ने यह भी स्वीकार किया कि विशाखापत्तनम में जसप्रीत बुमराह के जादुई स्पैल से आश्चर्यचकित रह गए थे, जिसमें इंग्लैंड की पहली पारी में छह विकेट लेने का रिवर्स-स्विंगिंग मास्टरक्लास भी शामिल था।उसकी गुणवत्ता वाले किसी व्यक्ति के साथ आप उससे उस मानक की अपेक्षा करते हैं। आप जानते हैं कि रिवर्स स्विंग भारत में एक बड़ी भूमिका निभा सकती है और वह इसके महान प्रतिपादक हैं। उसके पास अच्छी गति है और वह बहुत सटीक और निरंतर है।

वह यॉर्कर जो हमने ओली पोप को देखी थी। यह कोई संयोग नहीं है कि वह दुनिया में नंबर एक पर पहुंच गया है। वह एक विश्व स्तरीय गेंदबाज है और हमारे दृष्टिकोण से हमें आश्चर्य नहीं हुआ कि उसने ऐसा प्रदर्शन किया। 41 साल की उम्र में, एंडरसन 698 विकेट के साथ टेस्ट में इंग्लैंड के अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं, एक लंबी उम्र जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देखना बहुत दुर्लभ है। हाँ, मुझे लगता है कि आप इस तरह की चीजों को देखते हैं, लेकिन ईमानदारी से कहूं तो, मैं सिर्फ मेरे और मेरे शरीर के अनुभव के साथ चलता हूं। मुझे ऐसा नहीं लगता कि मैं 41 साल और 200 दिन का हूँ। तुम्हें पता है, मैं अभी भी जवान महसूस करता हूँ। मैं





प्रशिक्षण में युवाओं के साथ रह सकता हूँ। मैं अभी भी उस गति से गेंदबाजी कर सकता हूं जो मैं चाहता हूं, मैं अभी भी वह कौशल प्रदान कर सकता हूं जो मैं चाहता हूं। तो, मेरे लिए यह सबसे महत्वपूर्ण बात है। उम्र सिर्फ एक संख्या है और यह मेरी विचार प्रक्रिया से काफी अप्रासंगिक है। यह पूछे जाने पर कि क्या स्विंग गेंदबाजी की कला खत्म हो रही है, एंडरसन ने ऐसे विचारों से इनकार किया। मुझे नहीं लगता कि यह ख़त्म हो रहा है। हाल के दिनों में सफेद गेंद वाले क्रिकेट के विकास के कारण, ध्यान गति में बदलाव और यॉर्कर जैसी विभिन्न गेंदों और इस तरह की चीजों पर केंद्रित हो गया है। लेकिन मेरे लिए, टेस्ट क्रिकेट में, हमने इस पूरी श्रृंखला में पहले ही देखा है कि स्विंग एक बड़ी भूमिका निभा सकती है।

ठीक है, मुझे लगता है कि एक वरिष्ठ खिलाड़ी के रूप में यह वास्तव में महत्वपूर्ण है कि आप जितना संभव हो उतना सलाह दें, खासकर उस जगह पर जहां हमारी टीम में कुछ ऐसे लोग हैं जिन्होंने जरूरी नहीं कि यहां उतना अच्छा खेला हो। इसलिए, मुझे लगता है कि यह महत्वपूर्ण है कि आप सलाह तो दें लेकिन साथ ही उन पर खुद को थोपने की कोशिश न करें। मुझे लगता है कि यह महत्वपूर्ण है कि उन्हें प्रश्न भी पूछना चाहिए, उन्हें अपना रास्ता खोजने की कोशिश करनी होगी क्योंकि यह प्रत्येक खिलाड़ी के लिए अलग है। मैं ओली रॉबिन्सन या गस एटकिंसन से यह नहीं कह सकता कि आपको यहां इसी तरह गेंदबाजी करनी चाहिए।

वे मेरे लिए बहुत अलग गेंदबाज हैं इसलिए उन्हें यह पता लगाना होगा कि उनके लिए क्या काम करता है और अगर मैं उन्हें मदद करने के लिए कोई सलाह दे सकता हूं तो बहुत अच्छा होगा। एंडरसन का यह भी मानना है कि विराट कोहली का निजी कारणों से सीरीज से हटना दुर्भाग्यपूर्ण है, जिससे क्रिकेट प्रशंसक दोनों के बीच आमना-सामना देखने से वंचित रह गए। ÷हाँ, आप हमेशा सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ खेलना चाहते हैं। और यह शर्म की बात है कि वह श्रृंखला का हिस्सा नहीं रहे। पिछले कुछ वर्षों में हमारे बीच कुछ महान लड़ाइयाँ हुई हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला प्रीमियर लीग में बवाल, सुरक्षा में सेंध लगाकर मैदान में घुसा शख्स



**बेंगलुरु, एजेंसी ।** महिला प्रीमियर लीग 2024 के छठे मैच में जमकर बखेड़ा तब खड़ा हुआ जब एक शख्स सुरक्षा में सेंध लगातर जबरन मैदान में घुस आया, लेकिन यूपी वारियर्स की कप्तान एलिसा हीली ने उसे पिच की ओर बढ़ने से रोक दिया। यह घटना यूपी वारियर्स और मुंबई इंडियंस के बीच 28 फरवरी को बेंगलुरु में खेले गए मैच में हुई। मुंबई की पारी के अंतिम ओवर में एक दर्शक सुरक्षा का उल्लंघन करते हुए मैदान पर घुस गया, जिसके कारण मैच थोड़ी देर के लिए रोकना भी पड़ा। एलिसा, जो उस समय विकेटकीपिंग कर रही थी। उन्हें लगा कि वो पिच को नुकसान पहुंचाएगा, जिसके बाद उन्होंने इस दर्शक को पकड़कर अलग कर दिया। विकेट-कीपिंग कर रही हीली ने इस दौरान उस शख्स पर काबू पाने के लिए हर मुमकिन कोशिश की।इससे पहले, पूर्व पुरुष क्रिकेटर एंड्र्यू साइमंड्स और ऑस्ट्रेलिया महिला फुटबॉल खिलाड़ी सैम केर को खेल के दौरान आक्रमणकारियों से निपटना पड़ा था। इस घटना के बाद एलिसा ने 29 गेंदों पर 33 रन बनाए और किरण नवगिरे के साथ 94 रन की शुरुआती साझेदारी करते हुए यूपी वारियर्स को 16.3 ओवर में 162 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मौजूदा टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दिलाई। यूपी वारियर्स, जो वर्तमान में डब्ल्यूपीएल 2024 स्टैंडिंग में चौथे स्थान पर है। शुक्रवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में एलिसा की राष्ट्रीय टीम कीओपनिंग पार्टनर बेथ मूनी की कप्तानी में निचले स्थान पर मौजूद गुजरात जायंट्स से भिड़ेगी।

### धर्मशाला टेस्ट में केएल राहुल की वापसी पर सस्पेंस



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे टेस्ट सीरीज के पांचवें और अंतिम मैच में केएल राहुल की वापसी पर संशय बरकरार है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, वह इलाज के लिए लंदन गए हैं। सीरीज में इंग्लैंड के खिलाफ भारत ने 3-1 की अजेय बढ़त बना ली है। सीरीज का आखिरी मैच धर्मशाला में 7 मार्च से खेला जाएगा। वहीं, इस मैच से पहले केएल राहुल की वापसी को लेकर एक बार फिर चर्चा तेज हो गई है। विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट से पहले बीसीसीआई ने एक बयान में कहा था कि राहुल दाहिने क्वाड्रिसेप्स में दर्द की शिकायत के कारण मैच नहीं खेल पाएंगे। लेकिन, ईएसपीएन क्रिकइन्फो की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि राहुल इस समय जाँघ के सामने के हिस्से में चोट के लिए एक विशेषज्ञ से परामर्श लेने के लिए लंदन में हैं। इस कारण उन्हें हैदराबाद में श्रृंखला के शुरुआती मैच के बाद एक्शन से बाहर होना पड़ा। सीरीज के पहले मैच में राहुल ने 86 और 22 रनों की पारियाँ खेली थी। पहले मुकाबले में ही उन्होंने दाहिने क्वाड्रिसेप्स में दर्द की शिकायत की थी, जिसके बाद राहुल को दूसरे टेस्ट में आराम दिया गया था।

न्यूजीलेंड वर्सेस ऑस्ट्रेलिया

# कैमरून ग्रीन ने ठोकी दूसरी टेस्ट सेंचुरी

**वेलिंग्टन, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के कैमरून ग्रीन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में शतक जड़कर अपनी टीम को शर्मिंदगी से बचा लिया। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों के घातक आक्रमण के बावजूद ग्रीन 155 गेंद में 103 रन बनाकर नॉटआउट लौटने में सफल रहे। ग्रीन की ही पारी के बूते ऑस्ट्रेलियाई टीम पहले दिन का खेल खत्म होने तक नौ विकेट खोकर 279 रन बनाने में कामयाब रही।

न्यूजीलैंड के मैट हेनरी ने वेलिंग्टन के बेसिन रिजर्व में ग्रीन टॉप विकेट पर पेस अटैक का नेतृत्व करते हुए 43 रन देकर चार विकेट झटके। वह कंगारू बल्लेबाजों के लिए काल बने रहे। ऑस्ट्रेलिया के लिए सिर्फ कैमरून ग्रीन ही संघर्ष करते नजर आए, जिन्होंने पहले अर्धशतक और फिर अपने करियर का दूसरा शतक पूरा किया। कैमरन ग्रीन को हाल ही में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने मुंबई इंडियंस से लिया है।

मुंबई ने ग्रीन को ऑल कैश ट्रांसफर में आरसीबी को सौंपा। ऐसे में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर फ्रैंचाइजी अपने नए प्लेयर के शानदार शतक से गदगद होगी। विराट कोहली, फाफ डुप्लेसिस और ग्लेन मैक्सवेल सरीखे तोप बल्लेबाजों के बीच ग्रीन का शानदार फॉर्म सोने पर सुहागा काम करेगा।

### पतझड़ के बीच टिके ग्रीन

न्यूजीलैंड का टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला उस वक्त गलत साबित हो गया, जब टीम ने 61 रन पर स्टीव स्मिथ (31) के रूप में पहला विकेट गंवा दिया। वह उस्मान ख्वाजा (33) के साथ ओपनिंग करने उतरे थे। स्कोर में चार रन ही जुड़ पाया था कि तीसरे नंबर पर उतरे नए बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन (1) भी चलते बने।

ट्रेविस हेड (1) भी सिर्फ एक रन बनाकर आउट हुए। 90 रन के भीतर कंगारू अपने चार विकेट गंवा चुके थे। इसके बाद उन्होंने मिचेल मार्श (40), एलेक्स कैरी, मिचेल स्टार्क, पैट कमिंस और नाथन लियोन के साथ छोटी-छोटी साझेदारी की। न्यूजीलैंड का बेसिन रिजर्व में शानदार रिकॉर्ड है। इस ग्राउंड पर उसने पिछले पांच मैच में शानदार जीत हासिल की है। बावजूद इसके कीवी 31 साल में ऑस्ट्रेलिया पर अपनी पहली घरेलू टेस्ट जीत की तलाश में है।



# डब्लूपीएल 2024 से 20-25 खिलाड़ियों का पूल बनाना चाहता हूं : अमोल मजूमदार

**बेंगलुरु, एजेंसी।** भारतीय महिला टीम के प्रमुख कोच अमोल मजूमदार ने कहा है कि वह डब्लूपीएल 2024 से कम से कम 25 खिलाड़ियों का एक पूल बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, मैं 20-25 खिलाड़ियों का एक पूल बनाना



चाहता हूं, जिससे 20-25 खिलाड़ियों का एक मज़बूत बेंच स्ट्रेंथ तैयार किया जा सके। मेरी नज़र प्रमुख रूप से तेज़ गेंदबाज़ों पर है।

मजूमदार ने आख़िरी गेंद पर छक्का लगाकर मुंबई इंडियंस को जीत दिलाने वाली सजीवन सजना की तारीफ़ की और कहा कि उनसे आप भारतीय महिला क्रिकेट की गहराई का अंदाज़ा लगा सकते हैं। सतीश शुभा के बारे में उन्होंने बताया कि शुभा को उन्होंने एक अभ्यास मैच में देखा था और सीधे भारतीय टीम में खेलाने का फ़ैसला किया था। शुभा ने इंग्लैंड के ख़िलाफ़ डेब्यू करते हुए अर्धशतक जड़ा था। हालांकि वह चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया के ख़िलाफ़ सीरीज़ का हिस्सा नहीं बन पाई थीं। उन्होंने कहा, मैंने एनसीए में एक मैच आयोजित किया था, जिसमें शुभा ने 99 और 50 का स्कोर किया। वह बाएं हाथ की बल्लेबाज़ हैं और नंबर तीन पर बल्लेबाज़ी करती हैं।

मुझे वह पसंद आईं और मैंने उन्हें टीम में लाने का फ़ैसला किया। मैं हरमनप्रीत को धन्यवाद देना चाहूंगा कि वह मेरी बात मान गईं। मजूमदार ने बताया कि उनका ज़ोर फ़ील्डिंग और फ़िटनेस पर है और सभी खिलाड़ियों को इसकी जानकारी दे दी गई है और सभी इस पर काम कर रही हैं। इसके लिए एक विस्तृत योजना भी बनाई गई है।

डब्लूपीएल 2024 में भारतीय बल्लेबाजों ख़ासकर एस मेघना, ऋचा घोष और शेफ़ाली वर्मा के अब तक के प्रदर्शन से मजूमदार ख़ुश नज़र आए।

# मैनचेस्टर सिटी ने ल्यूटन टाउन को 6-2 से रौंदा, हालैंड ने दागे पांच गोल, न्यूकैसल और लिसेस्टर भी जीता

**लंदन, एजेंसी।** हालैंड ने अपना पहला गोल तीसरे और दूसरा गोल 18वें मिनट में किया। उन्होंने अपनी हैट्रिक 40वें मिनट में पूरी की। इसके बाद उन्होंने तीन मिनट के अंदर दो गाल कर दिए। उन्होंने 55वें मिनट में अपना चौथा और 58वें मिनट में पांचवां गोल दागा।

स्टार स्ट्राइकर एर्लिंग हालैंड के दमदार प्रदर्शन के दम पर मैनचेस्टर सिटी ने एफए कप फुटबॉल के मुकाबले में ल्यूटन टाउन को 6-2 से करारी शिकस्त दी।

इस जीत में हालैंड चमके जिन्होंने पांच गोल किए। उनके चार गोल करने में केविन डि ब्रुईन ने मदद की। हालैंड ने दूसरी बार क्लब के लिए एक मैच में पांच गोल दागे हैं। हालैंड पैर में चोट की वजह से दिसंबर से जनवरी तक खेल से दूर थे और अब इस मैच के जरिए वह पूरी तरह से स्वस्थ दिखाई दिए।

माटेयो कोवाकिक (72वें मिनट) ने सिटी के लिए छठा गोल किया, जबकि जॉर्डन क्लार्क (45 और 52वें मिनट) ने ल्यूटन के लिए दो गोल किए। हालांकि, मैच में हालैंड के पास दोगनी हैट्रिक करने का मौका था, लेकिन टीम के कोच पेप गॉर्डियोला ने उन्हें 77वें मिनट में मैदान से बाहर भेज दिया और उनकी जगह स्थानापन्न खिलाड़ी जूलियन अल्वारेज को मैदान पर उतारा।

एफए कप





### 40वें मिनट में हैट्रिक की पूरी

हालैंड ने अपना पहला गोल तीसरे और दूसरा गोल 18वें मिनट में किया। उन्होंने अपनी हैट्रिक 40वें मिनट में पूरी की। इसके बाद उन्होंने तीन मिनट के अंदर दो गाल कर दिए। उन्होंने 55वें मिनट में अपना चौथा और 58वें मिनट में पांचवां गोल दागा।

### न्यूकैसल और लिसेस्टर सिटी को भी मिली जीत

एफए कप के अन्य मुकाबलों में न्यूकैसल ने पेनाल्टी शूटआउट में ब्लैकबर्न रोवस को 4-3 से हराया। निर्धारित समय तक स्कोर 1-1 से बराबर रहा था। वहीं, लिसेस्टर सिटी ने बोर्नमाउथ को 1-0 से पराजित कर दिया। मैच का एकमात्र गोल लिसेस्टर के अब्दुल फेटेवु इस्सहाकू ने दागा।

# पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता देवेंद्र ने पीसीआई अध्यक्ष पद के लिए भरा नामांकन

## नौ मार्च को चुनाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दो बार के पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता देवेंद्र झाझरिया ने भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के नौ मार्च को होने वाले चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए बुधवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। पीसीआई के चुनाव अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष, दो संयुक्त सचिव और कार्यकारी समिति के पांच सदस्यों के लिए होंगे। भाला फेंक के



एथलीट 42 वर्षीय झाझरिया ने 2004 में एथेंस और 2016 में रियो पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीते थे। उन्होंने 2021 में तोक्यो पैरालंपिक में रजत पदक हासिल किया था। झाझरिया ने विश्व चैंपियनशिप 2013 में स्वर्ण पदक और 2015 में रजत पदक जीता था। उन्होंने 2014 में एशियाई पैरा खेलों में रजत पदक हासिल किया था। झाझरिया ने कहा, 'मेरे शुभचिंतकों के प्रोत्साहन तथा पैरा खेलों और पैरा खिलाड़ियों की बेहतरी के लिए काम करने के उद्देश्य से मैंने भारतीय पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। मैं पिछले चार साल से पीसीआई में पैरा खिलाड़ियों का प्रतिनिधि रहा हूं, लेकिन कई शुभचिंतक चाहते हैं कि मैं अब पीसीआई का नेतृत्व करूं। इसलिए मैंने शीर्ष पद के लिए अपनी उम्मीदवारी पेश की।

# साइना और सिंधु का विकल्प बन रहीं अनमोल खरब

बैडमिंटन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अभी दो सप्ताह से भारतीय बैडमिंटन में एक नाम बड़ा गर्व से लिया जा रहा है। यह नाम है अपने जीवन के मात्र 17वें वसंत में चल रही अनमोल खरब का। उन्होंने भारत के लिए इतिहास रचा है। दो सप्ताह पूर्व मलेशिया में संपन्न बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप के खिताबी मुकाबले में जब थाइलैंड व भारत का मुकाबला 2-2 से बराबर था।

उस समय निर्णायक मुकाबले में भारतीय बैडमिंटन की इस नई सनसनी ने अपने शानदार खेल से थाइलैंड की 45वीं वरीयता की पी चोएलकिवांग के खिलाफ अप्रत्याशित जीत दर्ज कर भारत के नाम महिला वर्ग में पहली बार बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप का ऐतिहासिक खिताब कर दिया। जो, अब तक साइना व सिंधु जैसी शानदार खिलाड़ी के एक ही समय खेलते हुए देश के नाम नहीं हो पाया था। हालांकि इस



प्रतियोगिता में भारतीय टीम में पीवी सिंधु शामिल थीं। हरियाणा के फरीदाबाद में जन्मीं अनमोल खरब ने बहुत कम उम्र में अपनी प्रतिभा का परचम फहराने का जो चामत्कारिक सफर शुरू किया है, उसके पीछे पिता देवेंद्र खरब का बहुत बड़ा योगदान है, जिन्होंने अपनी इस प्रतिभाशाली बेटी में खेल के प्रति दीवानगी को देखते हुए पहले स्केटिंग, फिर बैडमिंटन में आगे बढाने का निश्चय किया। अपने आवास के पास ही बैडमिंटन कोर्ट पड़ोसियों के सहयोग से बनाया, वह बेटी अनमोल के लिए सही साबित हुआ। अपने नियमित अभ्यास के अलावा, अनमोल ने अपने तकनीकी प्रशिक्षण के पूरक के लिए कुछ अपरंपरागत साधन भी अपनाए। अनमोल खरब आज जिस विजय रथ पर सवार हो कर चर्चा में हैं उसमें मां राजबाला के योगदान को भी नहीं भुलाया जा सकता।

जो अपनी लाडली बेटी को इस खेल में नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने के लिए अभ्यास हेतु फरीदाबाद से नोएडा तक प्रतिदिन तीन घंटे का सफर तय कर प्रशिक्षण के लिए ले जाती थीं। माता-पिता के साथ आज अनमोल का खेल जो विश्व स्तर के खिलाड़ियों को पछाड़ने में सक्षम बन पा रहा है उसमें अनमोल के प्रशिक्षकों संजय सपरा, एक अकादमी के इंडोनेशियाई कोच मोहम्मद रज्जाक, नोएडा अकादमी की कोच सुमन सिंह व भारतीय टीम के कोच पी गोपीचंद के योगदान को भी नहीं भुलाया जा सकता, जिन्होंने इस युवा खिलाड़ी के खेल को अपने मार्गदर्शन से मांजकर खरा बनाने के लिए निरंतर प्रयास किया है और कर रहे हैं।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि अनमोल का करिअर अब तक छोटा सा रहा है। लेकिन इसमें खेल के प्रति जो जुनून है व जीत की जो भूख है उसी का परिणाम है कि उसने अंडर-17, अंडर-19 व सीनियर नेशनल का खिताब अपने नाम करते हुए सबको चौंका दिया। बेहतरीन खेल का जलवा ही रहा कि अनमोल का चयन 2022 में अंडर 17 एशियाई जूनियर में भारतीय टीम में हुआ।

## एक नजर

### नवीनगर में बन रही स्पीड ब्रेकर वाली सड़क

**नवीनगर (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** नवीनगर में सीरिस मोड़ से सत्तर पोखरा तक और चतरा मोड़ से नबीनगर तक सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है। दोनों ही सड़कें खराब गुणवत्ता और स्पीड ब्रेकर का उदाहरण बनकर रह गई है। ग़ौरतलब वाली बात यह है कि सीरिस मोड़ से सत्तर पोखरा तक बनने वाली रोड में कुलहड़िया मोड से धमनी मोड के बीच मात्र 1 किलोमीटर के अंतर्गत पांच बड़े स्पीड ब्रेकर और 16 सिंगल स्पीड ब्रेकर बनाए गए हैं तथा बसन बिगहा मोड़ से धनौती तक 9 अनधिकृत स्पीड ब्रेकर बनाए गए हैं जो यह बताने के लिए काफी है की सड़क निर्माण में लगी हुई कंपनियां मनमानी तरीके से सड़क का निर्माण कर रही हैं। सड़क आगे से बनता जा रहा है और पीछे-पीछे उखड़ता चला जा रहा है।

### शराब की तस्करी करते नर्सिंग का छात्र गिरफ्तार

**पटना (नि.सं.)।** पटना में अंग्रेजी शराब की आपूर्ति करने पहुंचा एक नर्सिंग के छात्र को कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से पुलिस ने 103 बोतल शराब बरामद की है। आरोपित मध्य प्रदेश के रीवा का रहने वाला है। धंधेबाजों ने उसे पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेलवे स्टेशन के पास बैग में शराब दिया था। इसके एवज में तस्कर को 1500 रुपये मिला था। थानेदार राजन कुमार ने बताया कि आरोपित और शराब मंगाने वालों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है। पुलिस इसकी जांच कर रही है। कोतवाली पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पटना जंक्शन स्थित ऑटो स्टैंड के पास एक युवक को पकड़ा। जब उसके बैग की तलाशी ली गई तो उसमें विभिन्न कंपनियों के 103 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद हुई। आरोपित नीरज चतुर्वेदी मध्यप्रदेश के रीवा जिला अंतर्गत चाक घाट थाना इलाके के मझगामा गांव का रहने वाला है। पूछताछ ने आरोपित ने बताया कि वह नर्सिंग की पढ़ाई करता है। उसे पटना में शराब पहुंचाने के लिए 1500 रुपये दिया गया था। इसके पहले भी वह दो बार शराब लेकर पटना आया था। आरोपित ने बताया कि डीडीयू स्टेशन के समीप एक चाय की दुकान है। वहीं पर एक युवक बैग में शराब लेकर दिया और वह ट्रेन से लेकर पटना पहुंच गया। आरोपित ने बताया कि पटना जंक्शन के पास गोल्डी नाम के युवक को इसे देना था। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### मैट्रिक की कॉपियों का मूल्यांकन आज से

**पटना (नि.सं.)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के निर्देश पर शुक्रवार से मैट्रिक की कॉपियों का मूल्यांकन शुरू होगा। इसके लिए समिति की ओर से सभी जिलों में मूल्यांकन से संबंधित निर्देश पहले ही भेज दिया गए थे। जहां भी जिस विषय में शिक्षकों की कमी होगी वहां तत्काल ऑन स्पॉट शिक्षकों को डीईओ के निर्देश पर केन्द्राधीक्षक नियुक्त किया जाएगा। बिहार बोर्ड ने सभी को पहले ही निर्देश दिया है समय पर रिजल्ट जारी करना है। ऐसी स्थिति में दस मार्च तक मूल्यांकन का कार्य पूरा कर लेना है। पूरे बिहार में 250 से अधिक तो पटना जिले में 11 मूल्यांकन केंद्र बनाये गये हैं। यहां तीन हजार से अधिक शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति भी कर दी गयी है। विषयवार सह परीक्षकों एवं प्रधान परीक्षकों का चयन कर नियुक्ति पत्र समिति की वेबसाइट https://biharboardonline.bihar.gov.in/ अथवा http://teach.biharboardonline.com/ पर अपलोड है। वहीं बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने साफ कहा है कि शिक्षक अगर मूल्यांकन कार्य में शामिल नहीं होते हैं तो उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### मुख्यमंत्री ने पुस्तक नीम का शहर का किया विमोचन



**पटना (नि.सं.)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विधान परिषद सभापति के कार्यालय कक्ष में विधान पार्षद व नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. राजवर्धन आजाद द्वारा लिखित पुस्तक 'नीम का शहर का विमोचन किया। 'नीम का शहद राजवर्धन आजाद का नवीनतम कविता संग्रह है। इस अवसर पर विधान परिषद के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर, पूर्व मंत्री एवं विधायक रत्नेश सदा, विधान पार्षद प्रो. रामवचन राय, संजय कुमार गांधी, कुमुद वर्मा, संजीव कुमार सिंह, पूर्व विधान पार्षद रोजिना नाजिश, विधायक ललित मंडल आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# ऋण से संबधित मामलों के निस्तारण में लचीला रूख अपनाए बैंक : जिला जज

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार अशोक राज के द्वारा अपने प्रकोष्ठ में विभिन्न बैंको के मुख्य प्रबन्धको के साथ बैठक किया गया जिसमें आगामी 09 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों के सिलसिले में उनके द्वारा बैंक ऋण से सम्बन्धित मामले को राष्ट्रीय लोक अदालत में निपटाने हेतु आवशयक दिशा–निर्देश दिया गया, साथ ही कहा गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए अब कुछ ही दिन शेष है, इस कारण कार्यो में गति लाना आवशयक है। जिला जज द्वारा बैंक से सम्बन्धित पदाधिकारियों को निदेशीत किया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक को लचिला रूप रखकर अपने ऋणियों से समझौता करने के लिए आगे आना होगा और बैंक ऋण से सम्बन्धित मामलों के निस्तारण के लिए लचिला रूख अपनाना होगा तभी इसका साकारात्मक प्रभाव दिखेगा। बैंक के पदाधिकारियों द्वारा आष्वासन दिया गया कि वैसे मामलें जो पुरानें हैं और सम्बन्धित पक्षकार राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से अपने बकाया ऋण से सम्बन्धि मामले को सुलह के आधार पर निपटाना चाहते हैं उन्हें अधिक से अधिक छूट का लाभ दिया जायेगा। जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा बैक के पदाधिकारियों को निदेशित किया गया कि 09 मार्च को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक से सम्बन्धित अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन का लक्ष्य रखे और उसे प्राप्त करने हेतु तदुनसार कार्रवाई करें। जिला जज द्वारा कहा गया कि आपके द्वारा तय लक्ष्य तभी प्राप्त होगा जब बैंक पदाधिकारी लचिला एवं मानवीय पहलु को ध्यान में रखेंगें। इस अवसर पर बैक पदाधिकारियों ने इस बात का भरोसा दिया कि उनके द्वारा पुरी कोशीश की जायेगी कि राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए अधिक से अधिक ऋण वादों का निस्तारण के लिए निर्धारित किया गया लक्ष्य प्राप्त हो।

इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सुकुल राम तथा मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी आनन्द भूषण ने बैंक से सम्बन्धित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के पूर्व तक अपने-अपने शाखा में विशेष बैठक कर आने वाले ऋणियों के साथ मामलें का अधिक से अधिक निपटारा करें जिससे कि राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन उनसे सम्बन्धी मामले को निपटाने में काफी सुविधा और सहुलियत होगी।

# प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर औरंगाबाद जिला प्रशासन ने जारी की सूचना

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद जिला प्रशासन ने आगामी दो मार्च को औरंगाबाद के रतनुआ में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को लेकर अहम् सूचना जारी की है। प्रशासन ने कहा है कि दो मार्च यानी कार्यक्रम के दिन सुबह 9:00 से शाम 6:00 बजे तक औरंगाबाद में एनएच–2 पर बड़े ट्रेलर, केमिकल, इंडस्ट्रियल कंटेनर, पेट्रोल-डीजल भरे ट्रक, ट्रैक्टर, भारी मालवाहक आदि वाहनों के आवागमन पर पूरी सख्ती से रोक रहेगी। अग्निशमन वाहन, एंबुलेंस आदि आपातकालीन वाहन पर रोक नहीं रहेगा। यदि किसी को वीवीआईपी मोमेंट से संबंधित कोई सूचना देनी हो तो औरंगाबाद पुलिस के हेल्पलाइन नंबर 06186291016 पर सूचना दे सकते हैं। जिला प्रशासन ने सभी आम जनता से अनुरोध किया है कि अपने साथ कार्यक्रम स्थल पर वे केवल मोबाइल फोन लेकर आ आयें। इसके अलावा किसी कोई भी अन्य सामग्री नहीं लाएं। जिला प्रशासन के द्वारा दिए गए नियमों का पालन अवश्य करने का आदेश दिया गया।

## प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**बारूण (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** नेहरू युवा केंद्र, औरंगाबाद के तत्वावधान में प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन बारुण प्रखंड के बरौली में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधानाध्यापक आदित्य कुमार मिश्रा थे। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी रमाकांत मिश्रा, वार्ड सदस्य सौरव कुमार, शिक्षक राजू कुमार, शिक्षक अशोक कुमार थे। प्रतियोगिता के शुभारंभ धंगाई और बरौली के बीच फुटबॉल मैच से हुआ।बरौली को विजेता घोषित किया गया। कबड्डी प्रतियोगिता पिपरा और धुरिया के बीच खेला गया। जिसमें पिपरा टीम को विजेता घोषित किया गया ।बैडमिंटन गुलजार बीघा और पिपरा के बीच खेला गया। जिसमें पिपरा टीम विजेता घोषित किया गया। खेल समाप्ति के उपरांत सभी वक्ताओं ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेलकूद प्रतियोगिता आयोजन करना नेहरू युवा केंद्र का सराहनीय कदम है। इस तरह के कार्यक्रम से ग्रामीण युवाओं में छुपी हुई प्रतिभा सामने आता है। संबोधन के बाद सभी विजेता एवं उपविजेता टीम को कप एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल में राजेश कुमार मयंक कुमार और सुनील कुमार थे।

# राजकीय अभियन्त्रण महाविद्यालय में मना राष्ट्रीय विज्ञान दिवस, स्टूडेंट्स को मिले पुरस्कार

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** राजकीय अभियन्त्रण महाविद्यालय औरंगाबाद में देश के महान वैज्ञानिक डॉ सी वी रमन के जन्मदिन के उपलक्ष्य पर राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया। इस आयोजन पर नवंबर महीने में बिहार सरकार के विज्ञान, प्रोवैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित सर सीवी रमन टैलेंट सर्च इन साइंस परीक्षा में शामिल कक्षा 8वी एवं 9वी के औरंगाबाद जिले के टॉप 10 छात्रों को महाविद्यालय परिसर में मेडल, कैश प्राइज एवं सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया। इन छात्रों का नाम इस प्रकार है- शालिनी प्रकाश, आल्यसा करीम, शारदा भारती, सफक कैनात, दीपक कुमार, आनन्द कुमार, कसीस कुमार, निखिल कुमार, ओमकार दुबे, शबा आष्मीन, आस्था कुमारी, अनुपम कुमारी, मोहित कुमार, भारती कुमारी, शाक्षी कुमारी एवं सुरभि कुमारी हैं।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि स्वास्थ्य विभाग से जितेंद्र कुमार उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत मणि एवं प्राध्यापक गण द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। प्राचार्य डॉ प्रशांत मणि ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूली छात्रों को विज्ञान के प्रति रुचि पैदा करना है। प्राचार्य डॉ प्रशांत मणि ने जिले के टॉपर्स कक्षा 8 एवं 9 के छात्रों को महाविद्यालय परिसर में स्वागत किया एवं उन्हें उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। महाविद्यालय के रजिस्टार सह बेसिक साइंस के विभागाध्यक्ष डॉ. राय चन्द्रेशेखर प्रसाद ने छात्रों को विज्ञान के महत्व से अवगत कराया। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्रों के बीच विज्ञान के महत्व पर क्विज प्रतियोगिता कराया गया, जिसमें अब्बल आये छात्रों को सम्मानित व पुरस्कृत किया गया।

महाविद्यालय के एकेडेमिक इंचार्च एवं इस कार्यक्रम के संयोजक प्रो. चन्दन कुमार ने छात्रो को सम्बोधित करते हुए महाविद्यालय द्वारा कक्षा 6 से 12 तक के बच्चों को महाविद्यालय के प्रोफ़ेसर्स द्वारा प्रतिदिन शाम 4 से 6 बजे तक निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था की गई है, जिसमे कोई भी छात्र आकर शिक्षा प्राप्त कर सकता है। इस कार्यक्रम के उपरांत सभी स्कूली छात्रों को महाविद्यालय परिसर एवं प्रयोगशालाओं का भर्मण कराया गया। इस मौके पर स्कूली छात्र एवं उनके अभिभावक काफी उत्साहित थे।

## विज्ञान का अस्तित्व महंगे उपकरणों में नहीं स्वंतत्र चिंतन व कठोर श्रम में निहित

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** शहर के जेनिथ विद्यालय ने उत्सव और संवाद के माध्यम से राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का महत्वपूर्ण दिन को एक नई ऊर्जा और ज्ञान के साथ मनाया। विद्यार्थियों ने इस अवसर पर विज्ञान के महत्व को समझाने और समाज में इसकी महत्वता को उजागर करने के लिए अपनी सोच का विस्तार पूर्वक संवाद किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विज्ञान के लाभों को व्यापक रूप से बताया और उसके आधुनिक उपयोग के बारे में अद्वितीय दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। उन्होंने चिकित्सा के क्षेत्र में विज्ञान के महत्व को विशेष रूप से उजागर किया, जो मानव समाज के स्वास्थ्य और कल्याण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसके साथ ही, उन्होंने प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की भूमिका को भी जागरूक किया, जो हमारे भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कृषि, शिक्षा और मनोरंजन के क्षेत्र में विज्ञान के योगदान को भी महत्वपूर्ण माना। समारोह में निबंध, भाषण, कविता और प्रस्तुतियों के माध्यम से, विद्यार्थियों ने अपनी अद्वितीय दृष्टि से विज्ञान के महत्व को उजागर किया और समाज को विज्ञान के प्रति जागरूक किया। प्रधानाध्यापिका रिंकी सिंह ने बताया कि कल के युवा विद्यार्थी उत्कृष्ट और संवेदनशील नागरिक हैं जो विज्ञान के महत्व को समझते हैं और उसके उत्तरदायित्व को समझते हैं। इसे बढ़ावा देने के लिए, हम सभी को इन युवाओं की प्रेरणा और उत्साह की सराहना करते हैं और हम आशा करते हैं कि यह उत्साह और ज्ञान समृद्धि का संकेत है और समाज के प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान के रूप में आगे बढ़ेगा।

## वाहन जांच के दौरान बाईक सवार दो युवक देसी पिस्टल के साथ धराएं



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर पुलिस द्वारा फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 28 फरवरी को पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मे नरारी कला खुर्द थाना द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था वाहन जांच के क्रम एक मोटर साईकिल एवं एक देशी पिस्टल एवं खाली कारतूस के साथ अभिषेक कुमार पिता अवधेश यादव तथा अंतू कुमार पिता गुप्तेश्वर यादव दोनों ग्राम सशना थाना बड़ेम ओपी जिला औरंगाबाद को गिरफ्तार किया गया है।

गुरुवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमानुल्लाह खां ने प्रेसवार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कि वाहन जांच के दौरान उक्त दोनों आरोपी पुलिस टीम को देखते ही भागने का प्रयास करने लगे, परन्तु सशस्त्र बल द्वारा घेराबंदी कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। इस संदर्भ मे कांड दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही हैं।

## उपप्रमुख के खिलाफ आया अविश्वास प्रस्ताव, राजनीतिक सरगर्मी बढ़ी



निज संवाददाता

**नबीनगर (औरंगाबाद)।** विकासात्मक प्रस्ताव जिसे सदस्यों के द्वारा सर्वसम्मति से लाया जाता है उसके विरोध में कार्य करना, प्रमुख की अनुपस्थिति में उप प्रमुख के दायित्व का निर्वहन नहीं करना तथा सामाजिक कल्याण के कार्यों में उनके द्वारा रुचि नहीं लिया जाना का आरोप लगाया है। बताया गया कि उप प्रमुख विकास के कार्यों में रुचि नहीं लेती है। प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद कुमार सिंह ने बताया कि 27 फरवरी को सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव लाया है। अविश्वास प्रस्ताव के लिए एक तिहाई बहुमत जरूरी है जो कि पूरा है। बीडीओ ने बताया कि उप प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की जानकारी प्रमुख के पास भेज दिया गया है। प्रमुख के द्वारा विशेष बैठक की तिथि निर्धारित किया जाएगा अगर प्रमुख बैठक की तिथि निर्धारित नहीं करती है तो बैठक की तिथि का निर्धारण हम करेंगे एवं सभी पंचायत समिति सदस्यों को बैठक की सूचना देंगे। उप प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आते ही नवीनगर में राजनीति सरगर्मी तेज हो गई है।

# दहेज लोभी पति को कोर्ट ने सुनाई छह साल की सजा

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद में अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी योगेश कुमार मिश्र ने चौदह साल पुरानी सलैया थाना कांड संख्या-2/10, जीआर-257/10 में निर्णय पर सूचिका कांति देवी के अभियुक्त पति गोपाल महतो को सज़ा सुनाई।सहायक अभियोजन पदाधिकारी विकास कुमार ने बताया कि अभियुक्त गोपाल महतो नरकपी कासमा को भादंवि 498 ए में दो वर्ष की सजा और पांच हजार जुर्माना लगाया गया और दहेज प्रतिषेध अधिनियम धारा-04 में छः माह कारावास तथा दो हजार जुर्माना लगाया है। जुर्माना न देने पर एक माह अतिरिक्त साधारण कारावास होगी। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी सूचक कांति देवी कोइरी बिगहा सलैया की शादी 16 मई 2004 को गोपाल महतो से हुई थी। शादी के कुछ माह बाद पति, देवर, सास ससुर ने मोटर साइकिल के मांग करते हुए गाली गलौज मारपीट शुरू कर दिया। कांति देवी के पिता ने सुलह का प्रयास किया और बीस हजार रुपए देकर कांति देवी को पुनः ससुराल भेजा मगर ससुराल के गोपाल महतो, विकास महतो, धानती देवी और बजरंगी महतो ने दहेज उत्पीड़न जारी रखा। 11 जूलाई 2009 को जलती चूल्हा से लकड़ी निकाल कर पति गोपाल महतो ने पत्नी कांति देवी को घायल कर दिया। इसके बाद वह मायके में शरण ली और न्याय के लिए न्यायालय में परिवाद संख्या -28/10 दाखिल किया।

## 27 से 31 मार्च तक आयोजित होगा सीता राम विवाह महोत्सव

निज संवाददाता



**नवीनगर(औरंगाबाद)।** नवीनगर प्रखंड के गजना धाम परिसर में गजना न्यास समिति की बैठक आयोजीत की गयी। बैठक की अध्यक्षता महंत अवध बिहारी दास ने की तथा संचालन समिति सचिव सिद्देश्वर विधार्थी ने किया। बैठक में कार्यक्रम को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी। बैठक में सर्व सम्मति से 27 से 31 मार्च तक श्री राम सीता विवाह समारोह तथा 15 से 24 मार्च तक श्री सीताराम नाम जप नवाह यज्ञ तथा परंपरागत विवाह गीत एवं रामायण आधारित क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन का निर्णय ग़जना न्यास समिति की बैठक में लिया गया। सचिव सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने बताया कि पूर्व की तरह इस वर्ष भी 27 से 31 मार्च तक श्री राम सीता विवाह का आयोजन किया जाएगा।इसके अंतर्गत 27 मार्च को तिलक,28 मार्च को मंडप पूजन ,29 मार्च को बारात का नगर भ्रमण, 30 मार्च को श्रीराम सीता का विवाह तथा 31 मार्च को श्रीराम कलेवा का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर रामार्चा पूजा, परंपरागत विवाह गीत प्रतियोगिता एवं रामचरितमानस पर आधारित क्विज प्रतियोगिता आयोजित किया जाएगा। इसमें स्थानीय छात्र–छात्राओं को मंच प्रदान किया जाएगा तथा चयनित प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। इसके पूर्व 15 से 24 मार्च तक श्री सीताराम नाम जाप नवाह यज्ञ का कार्यक्रम किया जाएगा जिसमें स्थानीय कीर्तन मंडलियों को आमंत्रित किया जाएगा। इस दौरान बैठक में न्यास समिति के सदस्य कर्मदेव रजवार, मिथिलेश चंद्रवंशी, अरुण कुमार सिंह, अरुण मेहता, अरविंद कुमार सिंह समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

# आज घोषित होगी बिजली की नई दर

निज संवाददाता



**पटना।** शुक्रवार को नई बिजली दर की घोषणा की जाएगी। बिहार विद्युत विनियामक आयोग ने बिजली कंपनी की ओर से सौंपी गई याचिका पर सुनवाई पूरी कर ली है। आयोग अब नई दर की घोषणा करेगा। नई बिजली दर राज्य में एक अप्रैल से प्रभावी होगी। गौरतलब है कि बिजली कंपनी ने नवंबर 23 में ही 4.39 फीसदी बिजली दर महंगी करने का प्रस्ताव आयोग को दिया था। कंपनी की याचिका पर आयोग ने कई शहरों में जनसुनवाई की। पटना में विनियामक आयोग के कार्यालय में भी आम लोगों से राय ली गई। लोगों ने लिखित सुझाव भी दिए। लोगों से मिले सुझावों और कंपनी की ओर से दिए गए तथ्यों के आधार पर आयोग शुक्रवार को नई बिजली दर की घोषणा करेगा। अगर आयोग बिजली दर में वृद्धि करता है तो उस पर अनुदान देने का निर्णय सरकार को लेना होगा। हालांकि पहली बार बिजली कंपनी मुनाफे में आई है। साथ ही कंपनी ने निर्धारित लक्ष्य के अनुसार नुकसान भी कम नहीं किया है। ऐसे में इसकी अधिक संभावना है कि बिजली दर में वृद्धि न हो या आंशिक वृद्धि हो।

# प्रधानमंत्री के औरंगाबाद दौरे को ले एनडीए की बैठक संपन्न

निजसंवाददाता



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद में 2 मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन की तैयारी को लेकर औरंगाबाद सांसद सुशील कुमार सिंह के आवासीय कार्यालय सिंह कोठी पर संगठन महामंत्री भीखुभाई दलसानिया के उपस्थिति में भाजपा कार्यकर्ताओं का बैठक किया गया।जिसमे सांसद सुशील कुमार सिंह,भाजपा जिलाध्यक्ष मुकेश शर्मा,विधान पार्षद दिलीप सिंह उपस्थित रहे।इस बैठक में कार्यक्रम के तैयारी को लेकर बारिकी एवं विस्तृत रूप से सभी मुद्दों पर चर्चा किया गया भीखूभाई दलसानिया ने सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी लोग इस कार्यक्रम को सफल बनाए।प्रदेश महामंत्री राजेश वर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 2 मार्च को होने वाला जनसभा में बहुत भारी संख्या में लोग जुटेंगे सभी कार्यकर्ताओं ने लोकसभा और जिले के हर विधानसभा में मंडल,शक्ति केन्द्र,बूथ स्तर एवं गाँव तक घर-घर जाकर लोगो से संपर्क अभियान चलाया है इस सभा में शामिल होने के लिए आमजनों में काफी उत्साह है।इस बैठक में गोह के पूर्व विधायक सह प्रदेश प्रवक्ता मनोज शर्मा,प्रदेश मंत्री त्रिविक्रम नारायण सिंह,भाजपा नेता सुनील सिंह,अमित दांगी, क्षेत्रीय प्रभारी रत्नेश कुशवाहा,युवा मोर्चा के प्रदेश प्रभारी दुर्गेश सिंह,क्षेत्रीय सह प्रभारी राजेश सिंह,गया जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश चिंटू, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रमोद चन्द्रवंशी,मुख्य पार्षद उदय गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि अश्विनी सिंह, पूर्व जिला महामंत्री मनीष पाठक, युवा भाजपा नेता प्रवीर सिंह,भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष शुभेंदु शेखर,अशोक सिंह,जिला उपाध्यक्ष सिद्नाथ मिश्रा, सतीश सिंह,अनिल सिंह,गोपाल शरण सिंह, जिला प्रभारी मनोज कुशवाहा, जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र कुमार सिंह,डॉ. नागेन्द्र शर्मा, डॉ.रविरंजन,जिला उपाध्यक्ष जुलेखा खातून,सारिका शेखर, करिश्मा सिंह,शम्भु केसरी, लोकसभा संयोजक अनिल शर्मा,लोकसभा विस्तारक विकास राय उर्फ भोजपुरिया बाबा,युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अभिषेक वसु, आई.टी.सेल संयोजक राहुल कुमार, नलिनी आलोक सिंह, लवकुश कुमार, दीपक कुमार, राणा रंजीत सिंह, मनोज सिन्हा, गंगाधर पाठक, निक्कू सिंह एवं सैंकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता लोग उपस्थित रहे।

# बिहार सूचना सेवा के दो अधिकारियों को दी गई भावभीनी विदाई

निज संवाददाता





**पटना।** गुरूवार को फरवरी को सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग में बिहार सूचना सेवा के दो अधिकारी संयुक्त निदेशक माला कुमारी तथा उप निदेशक श्री सुनील कुमार पाठक सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर विभाग ने समारोह पूर्वक उन्हें भावभीनी विदाई दी। इस मौके पर आयोजित विदाई समारोह में कई अधिकारियों-कर्मियों ने उनके संग व्यतीत पलों के अनुभव साझा करते हुए उनके भावी जीवन हेतु स्वस्थ एवं चिरायु रहने की मंगलकामनाए व्यक्त की।

उप निदेशक श्री पाठक ने भी अपनी सरकारी सेवा के अनुभवों को साझा किया तथा संयुक्त निदेशक माला कुमारी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए निदेशक अमित कुमार ने दोनों अधिकारियों की सेवानिवृत्ति के बाद के जीवन हेतु शुभकामनाए व्यक्त की। इस अवसर पर विभाग के मुख्यालय स्थित सभी वरीय पदाधिकारी संजय कृष्ण (संयुक्त सचिव), मृणायक दास (संयुक्त सचिव), श्री रविभूषण सहाय (संयुक्त निदेशक), रिजवान अहमद (आं.वि.सला.) कुमारिल सत्यनंदन (वि.का.पदा.), लाल बाबू सिंह (उप निदेशक), विजय बहादुर प्रसाद (उप सचिव), शिव शंकर लाल श्रीवास्तव (उप सचिव), फरियाद मियां, (अवर सचिव), तमाम कनीय पदाधिकारी एवं कर्मियों सहित क्षेत्रीय कार्यालयों में से संयुक्त निदेशक नागेन्द्र गुप्ता, उप निदेशक दिलीप कुमार, उप निदेशक गुप्तेश्वर कुमार तथा सहायक निदेशक ज्ञानेश्वर प्रकाश भी उपस्थित थे। सभा का संचालन उप निदेशक डॉ. नीना झा ने करते हुए दोनों अधिकारियों के साथ व्यतीत पलों की यादें ताजा की। समारोह के दौरान दोनों अधिकारियों को गुलदस्ते तथा फूल मालाएँ भी भेंट की गई तथा परंपरा का निर्वहण करते हुए शॉल तथा मोमेंटो भी प्रदान किए गए।

# सोलर प्लांट में करंट लगने से एक कर्मी की मौत

निज संवाददाता



**रफीगंज(औरंगाबाद)।** रफीगंज के कासमा थाना क्षेत्र के बक्शी बिगहा सोलर प्लांट मे एक सोलर सफाई कर्मी गंभरिया गांव निवासी 40 वर्षीय लक्ष्मण सिंह उर्फ मुखिया जी की सोलर सफाई करने के दौरान करंट की चपेट में आ जाने से मौत हो गयी। आक्रोशित परिजनों ने प्लांट के मुख्य द्वार पर शव को रख जाम किया। सभी लोग मुआवजा एवं आश्रित परिवार को नौकरी देने की मांग कर रहे थे।घटनास्थल पर मृतक की पत्नी उमिला देवी, पुत्री सुनीता, गुडिया, राखी, पुत्र गौतम, गौरव का रो-रोकर बुरा हाल था। जानकारी मिलने पर अंचलाधिकारी भारतेन्दु सिंह, थाना प्रभारी इमरान आलम, मुखिया प्रतिनिधी अनूज कुमार सिंह, पैक्स अध्यक्ष सुचित सिह, राजद नेता नरेश यादव सहित अन्य लोग पहूंचे। सन फार्मा और अलफा-इनफ्रो प्लांट के मैनेजर राकेश सिंह से मिले। प्रशासन और प्लांट के पदाधिकारी के बीच-बचाव कर समझौता की गयी। मैनेजर ने बताया कि मृतक के आश्रित परिवार को तीन लाख रुपया एवं एक परिवार को कंपनी मे काम दिया जायेगा। आश्वासन पर तीन घंटा बाद जाम हटा। मृतक के पांच बच्चे में सबसे बडी लड़की है जिसकी शादी की तैयारी चल रहा था। किसी तरह मृतक लक्ष्मण सिंह किसी तरह मजदूरी कर परिवार को भरण-पोषण करते थे जो घर चलाना मुश्किल हो गया है।

## गंडक नहर पर पुल मई 2025 तक होगा पूरा

**पटना (नि.सं.)।** जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि सारण में गंडक नहर पर पुल का निर्माण कार्य 2025 तक पूरा हो जाएगा। गुरुवार को विधान परिषद में सच्चिदानंद राय के तारांकित प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि पश्चिमी गंडक नहर प्रणाली की पुनःस्थापन योजना के ग्रुप संख्या 7 के तहत मढ़ौरा शाखा नहर में ग्राम खराटी सहनवाजपुर और नारायणपुर में पुल का निर्माण प्रस्तावित है। यहां प्रस्तावित पुल का निर्माण कार्य मई 2025 तक पूरा करा लिया जाएगा।